भोपाल
शनिवार, 24 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-13
वर्ष : 13, अंक : 204
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

13 पैरा एशियन गेम्स : भारत...



विचार पेज
08 धरती के आकार बदलने का...



डॉ. मोहन यादव

नेशनल फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कान्क्लेव 2026 में सीएम का ऐलान

मप्र में लाएंगे नई नीली क्रांति, जलस्त्रोतों को बनाएंगे बहु आयामी का स्त्रोत, दोगुना करेंगे 'मत्स्य उत्पादन'

नई नीति के तहत प्रदेश में 1 लाख नए केज कल्चर स्थापित करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नई एकीकृत मत्स्योद्योग नीति-2026 में यह प्रावधान किया है कि मप्र में मत्स्य उत्पादन हम जल्द से जल्द दोगुना कर देंगे। इससे मत्स्य उत्पादकों, विक्रेताओं, मत्स्य परिवहनकर्ताओं और मछली पालन से जुड़े सभी मत्स्यपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मप्र में नई नीली क्रांति लाने के लिए तैयार है। मप्र की जल संपदा को निवेश, नवाचार और निर्यात ▶▶शेष पेज 6 पर

नेशनल फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कॉन्क्लेव-2026 में देश-विदेश से आए फिशरीज एक्सपोर्टर्स, बायर्स, सेलर्स और एफपीओ हुए शामिल



सीएम डॉ. यादव के साथ केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह

मत्स्य उद्योग को फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री से जोड़ा जाएगा

डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में मत्स्य पालन उद्योग को फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के साथ जोड़ा जाएगा। एकीकृत मत्स्योद्योग को एमएसएमई इंडस्ट्री से जोड़कर सभी प्रकार के प्रोत्साहन और इन्सेंटिव भी दिया जाएगा। राज्य में लागू एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के तहत मत्स्य ▶▶शेष पेज 6 पर

केंद्र सरकार फिशरीज एक्सपोर्ट को भी प्रोत्साहित कर रही: सिंह

केंद्रीय पंचायती राज, पशुपालन और डेयरी मंत्री सिंह ने कहा कि भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक देश है। वर्ष 2014 में देश में मत्स्य उत्पादन मात्र 95.7 लाख टन था, उनके 11 वर्षों के प्रयासों के बाद 106 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मत्स्य उत्पादन में 198 लाख ▶▶शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

संत प्रेमानंद महाराज ने 5 महीने बाद की पदयात्रा

मथुरा। प्रेमानंद महाराज ने 5 महीने के बाद वृंदावन में पदयात्रा की। शुक्रवार सुबह जब वे अपने



नए आश्रम से केली कुंज आश्रम जा रहे थे, तो रास्ते में वाराह घाट तिराहे पर उन्हें देखकर भक्त भावुक हो गए। यहां से संत प्रेमानंद अपनी गाड़ी से उतरे और पैदल चलकर ही आश्रम की ओर जाने लगे। मौजूद भक्त लगातार राधे-राधे के जयकारे लगा रहे थे।

मालगाड़ी से टकराई पिकअप एक की मौत, 6 घायल

अनूपपुर। चचाई थाना क्षेत्र में गुरुवार रात करीब 11:30 बजे एक पिकअप गाड़ी रेलवे क्रॉसिंग पर



मालगाड़ी के सामने आ गई। मालगाड़ी पिकअप को करीब 100 मीटर तक घसीटती ले गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हैं। क्रॉसिंग पर न फाटक था और न ही गेटमैन।

जमीन विवाद में बेटे के सामने पिता को मारी गोली

टीकमगढ़। दिगौड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह घर के बाहर खड़े 50 वर्षीय तुलसी अहिरवार की



उनके बेटे के सामने ही गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ 3 राउंड फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। डायल 112 की टीम तुलसी अहिरवार को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

गुरुदेव को याद कर भावुक हुए पीएम मोदी

भारत मंडपम में चिन्मय अमृत महोत्सव का आगाज, बोले पीएम

समाज को बांटने वाली ताकतें सक्रिय इनसे निपटने को एकजुट होना जरूरी


नरेंद्र मोदी

अमृत महोत्सव में स्वामी चिन्मयानंद के थ्री-डी अवतार से बात की, पीएम मोदी बोले- 1993 की यादें फिर ताजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कुछ मुलाकातें समय के साथ धुंधली नहीं होतीं, बल्कि यादों में और गहरी उतर जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए भी गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद से जुड़ी यादें कुछ ऐसी ही हैं। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन' में आधुनिक तकनीक ने इन यादों को एक बार फिर जीवंत कर दिया।

गुरुदेव का होलोग्राफिक प्रोजेक्शन देखकर पीएम मोदी को 1993 में वडोदरा में हुई अपनी मुलाकात याद आ गई। उन्होंने कहा कि गुरुदेव का स्नेह, उनके साथ हुई बातचीत और उनका आशीर्वाद फिर से आंखों के सामने आ गया। एक पल के लिए उन्हें ऐसा लगा, जैसे वह 33 साल ▶▶शेष पेज 6 पर

▶▶ आत्मनिर्भर बनने के लिए लोगों को प्रेरित करना होगा

▶▶ चिन्मय मिशन एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है


पीएम मोदी स्वामी चिन्मयानंद के होलोबॉट से बात करते हुए

हर व्यक्ति को 2047 तक विकसित भारत के विजन से जोड़ना होगा

मेरी सरकार की नीतियों और प्रयासों के केंद्र में देश के युवा

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरी सरकार की नीतियों और प्रयासों के केंद्र में देश के युवा हैं। चिन्मय अमृत महोत्सव के आयोजन में भी युवाओं ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं। युवा स्वयंसेवकों ने लगभग 300 दिनों में 40 हजार किलोमीटर की यात्रा की और इस दौरान एक लाख से अधिक युवाओं से संपर्क स्थापित किया। उन्होंने इस अभियान की सराहना करते हुए पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा-हमारे वेदों का वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः आह्वान है। इसका मतलब है कि राष्ट्र का हित चाहने वाले हम लोग राष्ट्र को जागृत और उन्नत बनाएं। स्वामी चिन्मयानंद ने अपना पूरा जीवन इसी मंत्र को लेकर जीया।

वेदों में लिखा है राष्ट्र को महान बनाएं

पीएम ने कहा कि अब चिन्मय मिशन का अमृत महोत्सव भी भारत के अमृत काल से जुड़ रहा है। ये भारत के संकल्प की असली ताकत है। हमारे वेदों में लिखा है- राष्ट्र का हित चाहने वाले हम लोग राष्ट्र को महान बनाएं। स्वामी जी ने गीता ज्ञान के अभियान की शुरुआत की। आज इसी का परिणाम है कि लाखों युवा भारत के सांस्कृतिक ब्रांड एंबेसडर का काम कर रहे हैं।

1993 में गुरुदेव से मुलाकात हुई थी

पीएम ने बताया कि 1993 के फरवरी में मेरी गुरुदेव से मुलाकात हुई थी। मैं उन्हें अमेरिका के शिकागो में विश्व धर्म संसद के शताब्दी समारोह में आमंत्रित करने गया था। गुरु जी इसके बाद अमेरिका गए। उन्होंने लोगों को इस इवेंट के प्रति ▶▶शेष पेज 6 पर

पहले टाइगर पर हुई थी फायरिंग

अमिताभ का बंगला उड़ाने की धमकी, दोसांझ भी निशाने पर


ई-मेल में खालिस्तान समर्थक नारे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमिताभ बच्चन और पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ को शुक्रवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। मुंबई की मेयर रितु तावड़े को यह धमकी भरा ई-मेल भेजा गया। इसमें अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा को बम से उड़ाने की बात लिखी गई- 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच कभी भी बंगले को निशाना बनाया जा सकता है। हमला 1984 के ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला होगा। इसी मेल में गायक दिलजीत दोसांझ को ▶▶शेष पेज 6 पर


दिलजीत दोसांझ

जरांगे के आंदोलन को दबाने 500 करोड़ का ऑडियो क्लिप

सीएम फडणवीस ने किया फॉरेंसिक जांच का ऐलान

राज ठाकरे बोले : ये लोकतंत्र की हत्या से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


राज ठाकरे


मनोज जारांगे

महाराष्ट्र में एक ऑडियो क्लिप को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया, जिसमें मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे को 500 करोड़ रुपए देने का दावा किया गया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने किया इस क्लिप की फॉरेंसिक जांच का ऐलान किया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने शुक्रवार को भाजपा पर आरोप लगाते हुए ▶▶शेष पेज 6 पर

सिवान में पटाखा कारोबारी के घर ब्लास्ट

अवैध फैक्ट्री में 2 घंटे तक होते रहे धमाके, 8 की मौत



पटाखा फैक्ट्री बिना लाइसेंस हो रही थी संचालित

एजेंसी ▶▶ सिवान

बिहार के सीवान जिले के आलमापुर गांव में पटाखा बनाते समय एक फैक्टरी में भीषण धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस घटना में पति पत्नी समेत आठ लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हैं। इनमें कुछ गंभीर हैं। करीब दो घंटे तक रुक-रुक कर ब्लास्ट होने से एक मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इस ▶▶शेष पेज 6 पर

भारत ने 30 गोल्ड 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल जीते

एशियन पैरा गेम्स में भारत का ऐतिहासिक धमाका

114 मेडल जीतकर बनाया अब तक का 'बेस्ट रिकॉर्ड'

समापन समारोह में आज मोना अग्रवाल और निषाद कुमार भारतीय दल के होंगे ध्वजवाहक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पैरा एशियन गेम्स 2026 में भारत का शानदार प्रदर्शन रहा। भारत ने कुल 114 मेडल जीते। पैरा गेम्स के इतिहास में भारत का ये सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है। भारत ने इस दौरान 30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज मेडल जीत इतिहास रच दिया। शुक्रवार को भारतीय


मोना अग्रवाल


निषाद कुमार

खिलाड़ियों ने 9 गोल्ड, 9 सिल्वर और 8 ब्रॉन्ज सहित 26 मेडल जीते। यह पैरा एशियाड में भारत का अब तक का बेस्ट प्रदर्शन है। 2023 में भारत ने 27 गोल्ड सहित 108 मेडल जीते थे। इसके साथ ही इस पैरा गेम्स में भारत का अभियान भी खत्म हो गया। भारत मेडल टैली में फिलहाल चौथे स्थान पर है। इस बार देश ने 168 खिलाड़ियों का दल भेजा था। यह 2023 में भेजे गए दल के आकार ▶▶शेष पेज 6 पर

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुआ था विवाद

भाजपा नेत्री की शिकायत पर विधायक पर हुई एफआईआर

भाजपा नेत्री ने गाली-गलौज और धमकी का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चांदामेटा के पंकज स्टेडियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद पर पुलिस ने परासिया विधायक सोहन बाल्मिक और शुभम मालवी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। भाजपा नेत्री ज्योति डेहरिया की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता ने दोनों पर गाली-गलौज करने,


सोहन बाल्मिक

धक्का-मुक्की करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने घटनाक्रम का वीडियो भी पुलिस को सौंपा ▶▶शेष पेज 6 पर

आजादी के बाद सीधी जिला पहली बार रेल नेटवर्क से जुड़ेगा

आज रेल मंत्री और सीएम सतना-देवेंद्रनगर रीवा-चुरहट रेलखंडों का करेंगे उद्घाटन

विंध्य क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार से उद्योग, व्यापार पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में शनिवार को महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होने जा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सतना–देवेंद्रनगर (53 किमी) एवं रीवा–चुरहट (65



फाइल फोटो

किमी) रेलखंडों, कुल 118 किलोमीटर रेल लाइन का उद्घाटन किया जाएगा। साथ ही, देवेंद्रनगर–चुरहट नई ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

यात्री परिवहन एवं माल ढुलाई को मिलेगी गति

इसी क्रम में आजादी के बाद पहली बार सीधी जिले को रेल नेटवर्क से जोड़ना विंध्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे यात्री परिवहन एवं माल ढुलाई को गति मिलने के साथ औद्योगिक गतिविधियों, व्यापार और रोजगार के नए अवसरों का सृजन होगा। वित्त वर्ष 2026-27 में मध्य प्रदेश में रेल विकास के लिए 15,188 करोड़ का रिकॉर्ड बजट आवंटित किया गया है तथा प्रदेश में लगभग 1,18,379 ▶▶शेष पेज 6 पर

एंकर सहित करीब 7.40 लाख करोड़ की बोलियां, निवेशकों की जबरदस्त मांग

बड़े संस्थागत निवेशकों की क्यूआईपी कैटेगरी 70 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब

जियो आईपीओ का विश्व रिकॉर्ड : 1.38 करोड़ से ज्यादा आवेदन, 22 गुना से अधिक सब्सक्रिप्शन

▶▶ रिटेल में उपलब्ध शेयरों से 2.72 गुना मांग

▶▶ 28 अक्टूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स की बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग प्रस्तावित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश के सबसे बड़े जियो आईपीओ ने ऐतिहासिक क्लोजिंग के साथ विश्व रिकॉर्ड बना दिया है। जियो प्लेटफॉर्म्स के 30,213 करोड़ के आईपीओ में तीन दिनों के दौरान 1.38 करोड़ से ज्यादा आवेदन आए, जो दुनिया में किसी भी आईपीओ को मिले अब तक के सबसे अधिक आवेदन हैं। शुक्रवार शाम 7 बजे बिडिंग बंद होने तक आईपीओ 22 गुना से ज्यादा सब्सक्राइब हो चुका था। एंकर और गैर-एंकर निवेशकों की कुल बोलियां करीब 7.40 लाख करोड़ पहुंच



फाइल फोटो

गईं। इनमें गैर-एंकर निवेशकों से करीब 4.90 लाख करोड़ और एंकर निवेशकों से करीब 2.50 लाख करोड़ की मांग शामिल है। जियो आईपीओ ▶▶शेष पेज 6 पर

जियो आईपीओ ने पिछला रिकॉर्ड बड़े अंतर से तोड़ा

आवेदनों की संख्या के मामले में भी जियो आईपीओ ने पिछला रिकॉर्ड बड़े अंतर से तोड़ा है। इससे पहले सबसे ज्यादा आवेदन पाने का रिकॉर्ड 'वारी एनर्जीज' के नाम था। अक्टूबर 2024 में उसके आईपीओ को 97.34 लाख आवेदन मिले थे। जियो को इससे करीब 42 फीसदी ज्यादा आवेदन मिले हैं। जियो आईपीओ में पहले दिन करीब 30.5 लाख आवेदन आए थे, जबकि दूसरे दिन के अंत तक यह संख्या 75 लाख पार कर गई थी। तीसरे दिन आवेदनों की संख्या 1.38 करोड़ से ज्यादा पहुंच गई। जियो आईपीओ की क्लोजिंग का दिन एक और वजह से खास रहा। शुक्रवार, ▶▶शेष पेज 6 पर

योजनाओं का लाभ पहुंचाने लग रहे शिविर, सेफ सिटी के लिए बनेंगी समितियां

वार्ड 45 में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत हितग्राहियों को मिले हितलाभ और स्वीकृति पत्र, महापौर ने दिए अधिकारियों को निर्देश, बोलीं- हर नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुनकर करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत वार्ड स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को वार्ड 45 में आयोजित शिविर में महापौर मालती राय ने हितग्राहियों को हितलाभ और स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुनें और उसका जल्द निराकरण करें। महापौर मालती राय ने कहा कि 7 अगस्त 2026 से शुरू हुआ यह अभियान अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का माध्यम है। सरकार आपके द्वार की भावना के अनुरूप नगर निगम और विभिन्न विभागों द्वारा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि नागरिकों को एक ही स्थान पर योजनाओं की जानकारी और सुविधाएं मिल सकें।

जनविश्वास

अभियान के तहत वार्ड-वार्ड लग रहे शिविर, दफ्तरों के चक्कर से मिल रही मुक्ति



हरा-भरा शहर बनाने की अपील

भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने शहर को स्वच्छ, हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए सभी से मिलकर काम करने की अपील की। वहीं, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि महिलाओं और वृद्धजनों की सुरक्षा के लिए वार्ड स्तर पर समितियां गठित की जाएंगी। इसका उद्देश्य शहर को उनके लिए अधिक सुरक्षित बनाना है।

व्यवस्थाओं का जायजा लिया और हितग्राहियों से चर्चा की

शिविर में निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और हितग्राहियों से चर्चा की। शिविर के बाद कलेक्टर और निगम आयुक्त ने सूखी सेवनिया के पास निर्माणाधीन सुरभि गौशाला का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संबंधित अमले को गौशाला का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

जमीन पर रोक से आजीविका प्रभावित होने की जताई आशंका

कालापानी : किसान बोले- कॉलोनियों के बीच हमारी जमीन पर क्यों रोक?

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल विकास योजना-2047 के प्रारूप में ग्राम कालापानी की कृषि भूमि को ग्रीन बेल्ट में शामिल करने के प्रस्ताव पर भू-स्वामियों ने आपत्ति जताई है। नगर और ग्राम निवेश (टीएंडसीपी) के जिला कार्यालय में प्रस्तुत दावे में भूमि को ग्रीन बेल्ट से बाहर कर कृषि या आवासीय श्रेणी में रखने की मांग की गई है। भू-स्वामियों का कहना है कि क्षेत्र में तेजी से आवासीय गतिविधियां बढ़ रही हैं और आसपास की जमीनों पर कॉलोनियां भी विकसित हो चुकी हैं। ऐसे में उनकी कृषि भूमि को ग्रीन बेल्ट में शामिल करना उनके साथ असमान व्यवहार होगा और इससे आजीविका पर असर पड़ेगा।

कृषि भूमि को ग्रीन बेल्ट में शामिल करना असमान व्यवहार

अधिग्रहण पर उचित मुआवजे की मांग

भू-स्वामी ने आपत्ति में यह भी कहा है कि यदि सार्वजनिक उपयोग, पार्क, ग्रीन बेल्ट या पर्यावरण संरक्षण के लिए भूमि का उपयोग प्रतिबंधित किया जाता है अथवा उसका अधिग्रहण किया जाता है, तो प्रभावित भू-स्वामियों को नियमानुसार उचित प्रतिकर दिया जाना चाहिए। इसके लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़े कानूनों के तहत मुआवजे की मांग की गई है।

तीन खसरों की जमीन को लेकर दावा

आपत्ति में ग्राम कालापानी, तहसील कोलार रोड स्थित खसरा नंबर 241/1 की 0.5300 हेक्टेयर, खसरा नंबर 243 की 0.8500 हेक्टेयर और खसरा नंबर 244 की 0.2100 हेक्टेयर भूमि का उल्लेख किया गया है। भू-स्वामी के अनुसार, इन जमीनों पर खेती होती है और कृषि ही उनकी आजीविका का प्रमुख साधन है। भूमि को ग्रीन बेल्ट में शामिल करने से भविष्य में इसके उपयोग और विकास की संभावनाएं प्रभावित हो सकती हैं। आसपास विकास, फिर इस क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट क्यों दावे में कहा गया है कि कालापानी और आसपास का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। नजदीकी क्षेत्रों में आवासीय कॉलोनियां विकसित होने के बावजूद इस हिस्से की कृषि भूमि को ग्रीन बेल्ट में प्रस्तावित करना न्यायसंगत नहीं है। भू-स्वामियों ने मांग की है कि क्षेत्र की परिस्थितियों और आसपास के विकास को ध्यान में रखते हुए भूमि का भू-उपयोग तय किया जाए।

पार्षद गुड्डू चौहान के साथ रहवासियों ने किया प्रदर्शन, चिपको आंदोलन की दी चेतावनी

बोले- 80 हजार पेड़ काटकर इमारतें बनाना बर्दाश्त नहीं



राजधानी भोपाल में प्रस्तावित रीडेवलपमेंट परियोजना के विरोध में शुक्रवार को वार्ड 46 के पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान के साथ रहवासियों ने प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परियोजना वापस नहीं ली गई, तो पूरे भोपाल के रहवासी एकजुट होकर चिपको आंदोलन करेंगे। गुड्डू चौहान ने कहा कि इस परियोजना के तहत 80 हजार पेड़ों को काटा जाएगा। हजारों की संख्या में पेड़ों के कटने से भोपाल के पर्यावरण के लिए गंभीर चिंता का विषय है। भोपाल की पहचान उसकी हरियाली है, इसे कंक्रीट के जंगल में बदलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि अगर सरकार को बड़ी-बड़ी इमारतें ही बनानी हैं, तो भोपाल के बाहर बनाए। शहर की हरियाली उजाड़कर विकास करने की जरूरत क्या है। भोपाल की जनता को स्वच्छ हवा और हरित वातावरण चाहिए, कंक्रीट का जंगल नहीं। प्रदर्शन कर रहे रहवासियों ने कहा कि सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस परियोजना को वापस ले, अन्यथा पूरे भोपाल में चिपको आंदोलन के माध्यम से पेड़ों की रक्षा के लिए जनआंदोलन किया जाएगा।

वीआईटी के मामले में एनएचआरसी ने मांगी रिपोर्ट

भोपाल। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) भोपाल विश्वविद्यालय के नाम और वास्तविक लोकेशन को लेकर उठे सवालों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने राज्य शासन से रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 29 नवंबर है। यह शिकायत राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने की थी। आरोप है कि विवि के नाम में 'भोपाल' शब्द होने से विद्यार्थियों और अभिभावकों को परिसर की वास्तविक लोकेशन को लेकर भ्रम हो सकता है, जबकि विश्वविद्यालय का मुख्य परिसर सीहोर जिले के कोठरी कलां में भोपाल-इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है।

मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता परखी

उप सचिव अंजू अरुण कुमार ने किया अक्षय पात्र रसोईघर और मेंडोरा स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



अंजू अरूण कुमार उप सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं वरिष्ठ कार्यालय टीम द्वारा केन्द्रीयकृत रसोईघर अक्षय पात्र एवं शाप्रा. शाला मेंडोरा का भ्रमण किया गया एव मध्यान्ह भोजन से सम्बन्धित समस्त बिन्दूओं पर गहन अवलोकन किया।

एएमएस, आईएमएस निरीक्षण एप शाला स्तर पर संधारित पंजी, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, मां की बगिया का निरीक्षण किया। जिले से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बैरसिया, मध्यान्ह भोजन प्रभारी के साथ एम डीएम सेल, बीआरसीसी पुराना शहर अक्षय पात्र संस्था से जनसम्पर्क अधिकारी, संस्था प्रबन्धक उपस्थित रहे।

मिसरोद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में ही धरने पर बैठे

शिक्षिका को हटाने के मामले ने फिर पकड़ा तूल, बच्चों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मिसरोद स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं द्वारा शुक्रवार को स्कूल परिसर में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छात्र शिक्षिका के निलंबन की मांग को लेकर परिसर में ही धरने पर बैठे और हाथों में तख्तियां लेकर उन्होंने शिक्षिका को तत्काल निलंबित करने की मांग की।

हालांकि मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल जांच कमेटी गठित कर रिपोर्ट भी लोक शिक्षण संचालनालय को भेज दी है। जिसपर अब अंतिम निर्णय लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा लिया जाएगा। वहीं विभागीय सूत्रों की माने तो विभाग इस प्रकरण में शिक्षकों की प्रतिस्पर्धा के बीच बच्चों को टूल बनाकर प्रदर्शन कराने और शैक्षणिक कार्य प्रभावित कराने के ऐंगल पर जांच में जुटा हुआ है। ऐसे में उन लोगों पर भी नकेल कसने की तैयारी है, जो बच्चों की आड़ में अपने हित साधने का प्रयास कर रहे हैं।

यह है मामला

उल्लेखनीय है कि बीते 5 अक्टूबर को स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा यहां पदस्थ शिक्षिक बबीता कुशवाह पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था और कार्यवाही की मांग की थी। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षिका का तत्काल स्थानांतरण कर दिया था और मामले की जांच के लिए कमेटी भी गठित की थी।

सतर्कता संगोष्ठी में बोले अधिकारी

रेलवे में पारदर्शिता, ईमानदारी पर जोर शिकायतों के जल्द निपटारे के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के साथ लंबित शिकायतों का जल्द निराकरण करने पर जोर दिया जा रहा है। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल कार्यालय में सतर्कता संगोष्ठी आयोजित की गई। वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार की अध्यक्षता में हुई संगोष्ठी में मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी विशेष रूप से मौजूद रहे।

संगोष्ठी में सतर्कता जागरुकता सप्ताह-2026 की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' पर जोर दिया गया। यह सप्ताह 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य रेल प्रशासन में ईमानदारी, नैतिक मूल्यों और पारदर्शी कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है। बैठक में सतर्कता से जुड़े मामलों के प्रभावी निराकरण, लंबित शिकायतों और प्रकरणों के शीघ्र निपटारे तथा अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही डिजिटल पहलों और अनुबंध प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय के सतर्कता अधिकारियों के अलावा भोपाल मंडल कार्यालय, विभिन्न डिपो, सीआरडब्ल्यूएस, गतिशक्ति इकाई और निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। संगोष्ठी के माध्यम से रेलकर्मियों को निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ कार्य करने तथा भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने का संदेश दिया गया।

शीतलदास की बगिया में नौका विहार करेंगे बांके बिहारी

प्रवर्ध, हर्षण, सर्वार्थ सिद्धि और गजकेसरी योग में कल मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा, श्रद्धालु रखेंगे व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अश्विन शुक्ल पूर्णिमा यानी शरद पूर्णिमा प्रवर्ध योग, हर्षण योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और गजकेसरी योग में रविवार को मनाई जाएगी। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि आश्विन शुक्ल पक्ष को व्रत पूर्णिमा यानी शरद पूर्णिमा पर्व रविवार को मनाई जाएगी। इस साल महापर्व कई दुर्लभ और शुभ योगों के महासंयोग में आ रहा है, जिससे इस दिन की महत्ता कई गुना बढ़ गई है। शरद पूर्णिमा महोत्सव इस वर्ष यह योग 25 अक्टूबर रविवार को से प्रवर्ध योग, हर्षण योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और गजकेसरी योग रहेगा। भगवान श्रीकृष्ण ने इस दिन गोपियों के साथ यमुना तट पर रास रचाया था।



पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ सुबह 11:57 बजे होगा

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ रविवार को सुबह 11:57 बजे हो जाएगा और यह तिथि दूसरे दिन सोमवार को सुबह 9:42 बजे तक रहेगी। रविवार को पूर्णिमा तिथि अपराह्न व्यापिनी होने के कारण शरद पूर्णिमा पर्व एवं कोजागरी व्रत रविवार को मनाना शास्त्र सम्मत होगा।

बड़ी झील में भगवान श्री कृष्ण-राधारानी नौका बिहार करेंगे

श्री हिन्दू उत्सव समिति व अन्य संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से परंपरागत चल समारोह श्री राधा कृष्ण मंदिर घोड़ा नक्कास से शुरू होगा। जो सोमवारा भवानी चौक से मोती मस्जिद कमला पार्क से शीतलदास की बगिया घाट पहुंचेगा। यहा से बांके बिहारी नौका से पल्ली पार शीतला माता मंदिर घाट जाएगी। जहां पूजा-अर्चना के वापस आएंगे। शीतला माता घाट पर आरती पश्चात खीर का प्रसाद वितरित होगा।

नौका विहार करेंगे बटेश्वर

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति एवं ट्रस्ट द्वारा शरद पूर्णिमा पर शीतल दास की बगिया में भगवान बटेश्वर को मां गौरा के संग नौका विहार कराया जाएगा।

जबलपुर-कोयंबटूर एक्सप्रेस अब नियमित चलेगी

भोपाल। जबलपुर से कोयंबटूर के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब नियमित एक्सप्रेस के रूप में चलेगी। पश्चिम मध्य रेलवे ने यात्रियों की मांग को देखते हुए ट्रेन को नियमित करने का निर्णय लिया है। 23 अक्टूबर से यह ट्रेन नए नंबर के साथ संचालित होगी। भोपाल मंडल के इटारसी और हरदा स्टेशन से गुजरने वाली इस ट्रेन से दक्षिण भारत और कोंकण क्षेत्र की यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अब तक गाड़ी संख्या 02198/02197 के रूप में चलने वाली यह ट्रेन अब 20160/20159 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक एक्सप्रेस के नाम से संचालित होगी। गाड़ी संख्या 20160 प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से रवाना होगी, जबकि वापसी में गाड़ी संख्या 20159 प्रत्येक सोमवार को कोयंबटूर से चलेगी।

कल भोपाल बनेगा विश्व शांति का वैश्विक केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मन की शांति से विश्व शांति की ओर बढ़ने के संकल्प के साथ अनंत ऊर्जा सफर एक बार फिर हिलिंग फॉर वर्ल्ड पीस 2.0 लेकर आ रहा है। 25 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित होने वाला यह विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम सनातन दर्शन की व्यापक अवधारणा 'जीव-जगत-जगदीश्वर' पर आधारित होगा। आयोजन में योग, ध्यान, ऊर्जा हीलिंग, कथा और आधुनिक इमर्सिव तकनीक के माध्यम से लोगों को आत्म-अन्वेषण और आंतरिक शांति की यात्रा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। योगिनी आर्विका गुप्ता, ऊर्जा गुरु आयुष गुप्ता और कथावाचिका पलक किशोरी इस आयोजन की प्रमुख प्रस्तुतियों का हिस्सा होंगे। कार्यक्रम में 500 से अधिक लोगों के ऑफलाइन शामिल होने की उम्मीद है, जबकि विभिन्न देशों और शहरों से लोग ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़ेंगे।

एम्स ने परखी सर्जरी की दो तकनीकें, अंतरराष्ट्रीय जर्नल में शोध प्रकाशित

मिर्च-मसाले खाने से मुंह में जलन, गालों में खिंचाव हो तो नहीं करें नजरअंदाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुंह खुलने की क्षमता कम हो रही है, मिर्च-मसाले वाला खाना खाते समय जलन होती है या गालों में खिंचाव महसूस होता है, तो इसे सामान्य परेशानी समझकर नजरअंदाज न करें। ये ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस के लक्षण हो सकते हैं। सुपारी, गुटखा और तंबाकू के सेवन से जुड़ी इस कैंसर-पूर्व स्थिति में मुंह के अंदर के ऊतक सख्त होने लगते हैं। गंभीर अवस्था में खाना, बोलना और मुंह खोलना मुश्किल हो सकता है।

एम्स भोपाल के डेंटल विभाग के चिकित्सकों ने ऐसे मरीजों में मुंह खोलने की क्षमता बहाल करने के लिए इस्तेमाल होने वाली दो सर्जिकल तकनीकों की तुलना की है। इसमें गाल के अंदर मौजूद वसायुक्त ऊतक यानी बुक्कल फैट पैड और फुल-थिकनेस स्किन ग्राफ्ट के परिणामों का अध्ययन किया गया। शोध में ऑपरेशन के बाद मुंह खुलने की क्षमता और छह महीने तक उसके बने रहने का मूल्यांकन किया गया। यह शोध फ्रांस से प्रकाशित होने वाली अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ है। एम्स भोपाल की डेंटल ओपीडी में रोजाना इस बीमारी के करीब 8 से 10 मरीज पहुंच रहे हैं। एम्स भोपाल में डॉ. अंशुल राय के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हुए इस शोध में डॉ. बाबू लाल, डॉ. जेनिश भट्टी, डॉ. सुदीप कुमार, डॉ. डिंपल कोटवानी और डॉ. जुबिन ठक्कर ने योगदान दिया। शोध का प्रकाशन ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल में हुआ है।



सर्जरी के लिए दो तकनीकों की तुलना

ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस बढ़ने पर मुंह के अंदर के ऊतकों में कठोरता आ जाती है। गंभीर मामलों में मुंह खोलने की क्षमता बहाल करने के लिए सर्जरी की जरूरत पड़ती है। एम्स के शोध में बुक्कल फैट पैड और फुल-थिकनेस स्किन ग्राफ्ट से किए जाने वाले पुनर्निर्माण की तुलना की गई। बुक्कल फैट पैड गाल के अंदर मौजूद वसायुक्त ऊतक होता है, जबकि स्किन ग्राफ्ट में त्वचा की पूरी मोटाई का इस्तेमाल होता है। ऑपरेशन के बाद मुंह खुलने की क्षमता और छह महीने तक उसके बने रहने का आकलन किया गया।

कैंसर का खतरा, जरूरी है निगरानी

ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस कुछ मरीजों में आगे चलकर मुंह के कैंसर में बदल सकती है। सर्जरी से मुंह खोलने की क्षमता सुधर सकती है, लेकिन कैंसर का जोखिम पूरी तरह समाप्त नहीं होता। इसलिए उपचार के बाद नियमित जांच जरूरी है। सुपारी, गुटखा और तंबाकू का सेवन बंद करना भी महत्वपूर्ण है। मुंह में लगातार जलन, सफेद या लाल धब्बे अथवा मुंह खोलने में परेशानी होने पर दंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।

डॉ. अंशुल राय, प्रोफेसर जैव रसायन विभाग, एम्स भोपाल

मप्र को स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर केंद्र से 221 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के फलस्वरूप मप्र को केन्द्र सरकार से स्वास्थ्य अधोसंरचना के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 221 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत हुई है। यह सहायता राज्य को स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख संकेतकों में उपलब्धियों के आधार पर प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की गई है।

यह राशि देशभर के राज्यों को प्राप्त स्वीकृतियों में तीसरी सबसे बड़ी सहायता है, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में मप्र की प्रभावी कार्यप्रणाली और निरंतर प्रगति को दर्शाती है। स्वीकृत राशि का उपयोग प्रदेश के शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों की अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए किया जाएगा।

इसके तहत विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा क्षयरोग (टीबी) सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा, जिससे प्रदेश के नागरिकों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। यह वित्तीय सहायता अस्पतालों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक सुविधाओं के विस्तार, सेवा प्रदायगी में सुधार तथा राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप संस्थागत उन्नयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

4 दूध, पनीर समेत 35 सैंपल में मिलावट...



14 टीटी नगर स्टेडियम में 70वीं राज्य स्तरीय शालेय...



नींद में पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला, खुद का गला रेता, दोनों की हालत नाजुक

कोलार के अब्बास नगर की घटना, चरित्र संदेह पर की वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुबह बच्चों की नींद खुली तो मां पिता को खून से लथपथ देखा | दो महीने पहले एक्सीडेंट होने से आरोपी पति का काम छूट गया था

चार बच्चों के साथ रहते हैं दंपती, पति ड्राइवर, पत्नी करती है घरों में काम

कोलार थाना क्षेत्र स्थित अब्बास नगर में शुक्रवार सुबह पति ने गहरी नींद में सो रही पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बाद में खुद का गला रेत लिया।

घटना के समय महिला के पास चार बच्चे सो रहे थे, लेकिन किसी को भी घटना की भनक नहीं लगी। सुबह साढ़े छह बजे बच्चों की नींद खुली तो उन्होंने मां और पिता को खून से लथपथ देखकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी थी। लोग दोनों को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने पति पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी पति ने चरित्र संदेह में घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस के अनुसार दंपती अब्बास नगर में चार बच्चों के साथ रहते हैं। पति ड्राइवरी करता था और दो महीने पहले एक्सीडेंट होने के कारण काम छूट गया था। पत्नी घरों में काम करने जाती है। किसी तरह वह अपना और बच्चों सहित पति का गुजारा कर रही थी। बेरोजगारी के कारण पति-पत्नी का आए दिन विवाद होता था। इधर पति पत्नी के चरित्र पर संदेह करने लगा था। उसे लगता था कि पत्नी घरो में काम करने जाती है और वहां कुछ गलत रही है। दंपती की बड़ी बेटी 13 साल की है। उसने पुलिस को बताया कि मां अंदर वाले कमरे में उनके साथ सो रही थी। सुबह करीब साढ़े छह बजे हमारी नींद खुली तो मां खून से लथपथ पड़ी हुई थी। बाहर वाले कमरे में गए तो पिता के गले से भी खून बह रहा था। इसके बाद पड़ोस में रहने वालों को बताया। वह घर पहुंचे और मां-पिता को लेकर प्राइवेट अस्पताल गए।



सांस नली तक काटा गला

एसीपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए वह स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे थे। घटनास्थल का निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती दंपती की हालत नाजुक है। महिला के सिर पर कुल्हाड़ी से तीन हमले हुए है। जबकि पति का गला बुरी तरह से रेता हुआ है। घाव सांस नली तक पहुंच गया है। दोनों को ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी पति पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

हॉस्टल के खाने में मिले कीड़े-मकोड़े जांच के निर्देश

भोपाल। मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला भोपाल शहर के पंचशील नगर स्थित सरकारी गर्ल्स कॉलेज के छात्रावास में छात्राओं को दिए जाने वाले भोजन में कीड़े मिलने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि छात्राओं को छात्रावास में जो भोजन दिया गया, उसमें कीड़े-मकोड़े निकले है, जिसके सेवन करने से छात्राओं की तबीयत खराब हो गई है। मामले में आयोग ने फूड सेफ्टी ऑफिसर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन भी मांगा है। भोपाल शहर के खजूरी कलां बाईपास पर निर्माणाधीन सड़क के अधूरे पड़े होने से वाहन चालक धूल से परेशान है। मामले में लोक निमार्ण विभाग से जांच कराकर कार्रवाई का प्रतिवेदन मांगा है।



डीआईजी बंगला से सिद्धि कॉलोनी तक उड़ती धूल व मिट्टी राहगीरों के लिए बन सकती है बीमारी का कारण

मेट्रो निर्माण की धूल से करोंद से काजीकैंप तक लोगों का सड़क से गुजरना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सड़क किनारे कारोबार करने वाले दुकानदारों के लिए भी धूल मुसीबत बन रही, ग्राहकी पर असर | निर्माणाधीन मेट्रो कॉरिडोर के आसपास सड़कें कई जगह अधूरी और क्षतिग्रस्त, आवागमन प्रभावित

वाहन चालकों के लिए अधूरी सड़कें बनीं परेशानी, सांस लेना भी मुश्किल

मेट्रो का निर्माण शहर के विकास के लिए हो रहा है, लेकिन इससे उपजी समस्याएं लोगों के लिए परेशानी बन रही है। डीआईजी बंगला से सिद्धि कॉलोनी क्षेत्र तक मेट्रो निर्माण के चलते सड़क के कई हिस्सों में मिट्टी और मलबा फैला है।

वाहन गुजरते ही धूल का गुबार उठता है, जो सड़क किनारे दुकानों से लेकर राहगीरों तक को परेशान कर रहा है। इसके कारण लोगों को सांस और अन्य बीमारियां होने की आशंका है।



डीआईजी बंगला रोड पर मेट्रो रूट निर्माण के कारण धूल उड़ रही है।

निर्माणाधीन मेट्रो कॉरिडोर के आसपास सड़कें कई जगह अधूरी और क्षतिग्रस्त हैं। खुले हिस्सों में जमा ढीली मिट्टी वाहनों के गुजरने से हवा में उड़ती रहती है। इससे दुकानों के सामने धूल जमा हो रही है। पैदल चलने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यातायात धीमा होने से लोगों का समय बर्बाद हो रहा है। वहीं, लगातार धूल के संपर्क में रहने से आंखों और गले में जलन के साथ सांस संबंधी परेशानी का खतरा भी बढ़ सकता है। सड़क किनारे कारोबार करने वाले दुकानदारों के लिए भी धूल मुसीबत बनी हुई है। उड़ती मिट्टी दुकानों के अंदर तक पहुंच रही है। अधूरी सड़कें, निर्माण सामग्री के कारण वाहन चालक भी परेशान है। इसके बावजूद प्रभावित हिस्सों की मरम्मत की स्पष्ट समयसीमा नहीं बताई जा रही है।

बार और रेस्टॉरेंट संचालकों ने दर्ज कराई शिकायत

स्काइवा वाटर विले में देर रात तक शराब पार्टी, एक दिन के लाइसेंस से मनमानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरागढ़ से आगे इंदौर रोड स्थित स्काइवा वाटर विले में प्रत्येक शनिवार को एक दिन का लाइसेंस लेकर सुबह चार बजे तक शराब परोसी जाती है, जिससे बार संचालकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। जबकि एक दिवसीय लाइसेंस के लिए रात साढ़े ग्यारह बजे तक का समय दिया जाता है। बार संचालकों ने वाटर विले को आबकारी अधिकारियों द्वारा संरक्षण देने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को बार और रेस्टॉरेंट संचालकों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को शिकायती आवेदन पेश कर कार्रवाई की मांग रखी है। शिकायत में रेडिएंट फूड, वायरा फूड समेत एक दर्जन संचालकों ने शिकायत की है। आबकारी कंट्रोलर वर्षा उइके का कहना है कि रेस्टॉरेंट में अवैध रूप से शराब पिलाने की शिकायत मिली है। कार्रवाई की जाएगी।

तालाब के कैचमेंट में चल रहा रेस्टॉरेंट

शिकायत में बताया कि यह रेस्टॉरेंट बड़े तालाब के कैचमेंट एरिया में चलाया जा रहा है। बिना बार लाइसेंस के अवैध कारोबार होने से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। लाइसेंस नहीं होने की वजह से यहां आबकारी और पुलिस का अमला निगरानी नहीं करता है।

निगम के सफाई के दावे फेल निर्माण जोन में धूल बरकरार

नए निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों को सड़कों की सफाई के निर्देश दिए हैं। पिछले दो दिनों से सुबह सड़कों पर जमा धूल-मिट्टी साफ कराई जा रही है, लेकिन मेट्रो निर्माण क्षेत्र में समस्या जस की तस बनी हुई है। यहां नियमित सफाई के साथ धूल रोकने के प्रभावी इंतजाम जरूरी हैं। नगर निगम अधिकारी विजय गोयल ने कहा कि निगम के पास पानी के आठ टैंकर हैं। रात के समय निर्माण क्षेत्रों में पानी का छिड़काव कराया जाता है। स्थानीय लोगों की मांग है कि नियमित पानी का छिड़काव किया जाए, मलबा हटाया जाए। और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाए, ताकि विकास कार्यों के बीच आम लोगों को राहत मिल सके।

आयुक्त ने धूल-मिट्टी फावड़े से उठवाई

शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शुक्रवार सुबह विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। पांच नंबर पेट्रोल पंप के सामने सेंट्रल वर्ज के किनारे जमा धूल-मिट्टी को उन्होंने अपने सामने फावड़े से उठवाया। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों, फुटपाथों, सेंट्रल वर्ज और रोटरी के किनारों पर पानी का छिड़काव कर धूल-मिट्टी और कचरा हटाया जाए। आयुक्त ने न्यू मार्केट, जैन मंदिर, सेकंड स्टॉप, प्लेटिनम प्लाजा, शिवाजी नगर पांच नंबर स्टॉप, व्यापम चौराहा और छह नंबर स्टॉप का जायजा लिया। आयुक्त ने अन्ना नगर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन पर कचरे के पृथक्कीकरण और निष्पादन की प्रक्रिया देखी। उन्होंने कबाड़ से गमले बनाने और बड़े गमलों में बड़े पौधे लगाने के निर्देश दिए।

धूल-मिट्टी हटाने रात में उतरी नगर निगम की मशीनें,16 अतिक्रमण कार्रवाई में 13,200 रुपए का लगाया जुर्माना

» बाणगंगा, न्यू मार्केट और टीटी नगर में सड़कों-फुटपाथों की साफ-सफाई


रात में मशीन से सफाई करता कर्मचारी।

शहर की सड़कों, फुटपाथों और डिवाइडरों के किनारे जमी धूल-मिट्टी हटाने के लिए नगर निगम को रात में विशेष अभियान चलाना पड़ा। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात मशीनों से सफाई कराई गई। बाणगंगा, होटल पलाश, रोशनपुरा, टीटी नगर और न्यू मार्केट क्षेत्र में पानी का छिड़काव करने के साथ सड़कों के किनारों से धूल-मिट्टी हटाई गई। वहीं, शुक्रवार को भानपुर क्षेत्र में भी मुख्य सड़क और सेंट्रल वर्ज के किनारों की सफाई कराई गई। निगम ने मशीनों से सफाई और पानी के छिड़काव का अभियान शुरू किया है, लेकिन शहर में धूल पर नियंत्रण के लिए इन प्रयासों को नियमित बनाए रखना जरूरी होगा। सड़कों के किनारों पर दोबारा मिट्टी और कचरा जमा होने से रोकना भी निगम के सामने चुनौती रहेगी।

जेट से मशीनों से हुई सफाई

निगम के अमले ने रात में जेट स्प्रे मशीनों से सड़कों पर पानी का छिड़काव किया। इसके बाद ईवी स्वीपिंग मशीन से मुख्य सड़कों, फुटपाथों, सेंट्रल वर्ज, साइड वर्ज और रोटरियों के किनारों पर जमा धूल-मिट्टी हटाई गई। कचरा भी उठवाया गया। निगम का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य धूल कम करना और शहर की वायु गुणवत्ता बेहतर बनाए रखना है। भानपुर-विदिशा रोड पर सफाई के साथ निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ भी कार्रवाई की। भानपुर ब्रिज के नीचे अवैध रूप से लगाए गए बैनर-पोस्टर हटाए गए। सड़क किनारे दुकानें लगाकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ 16 प्रकरण बनाए गए और 13,200 रुपए का जुर्माना वसूला गया।



तत्काल टिकट अधिक कीमत पर बेच रहे दलाल

तत्काल टिकट पर सफर करने वाले यात्रियों का बनेगा रिकॉर्ड, टीटीई अचानक करेंगे जांच

दीपावली-छठ पर टिकट लेने वालों का नाम और पीएनआर होगा दर्ज, टीटीई करेंगे यात्री की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दीपावली और छठ पूजा के दौरान ट्रेनों में बढ़ती भीड़ के बीच तत्काल टिकट की दलाली और फर्जीवाड़ा पर रोक लगाने के लिए रेलवे ने निगरानी बढ़ाने की तैयारी की है। अब तत्काल टिकट लेने वाले यात्रियों का नाम और पीएनआर रिकॉर्ड में रखा जाएगा। इस जानकारी के आधार पर सफर के दौरान टीटीई अचानक जांच कर सकेंगे कि टिकट पर यात्रा करने वाला व्यक्ति वही है या नहीं, जिसके नाम पर टिकट बुक हुआ है। गड़बड़ी मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की मदद से कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, त्योहारों के दौरान कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यात्री तत्काल टिकट का सहारा लेते हैं। आरोप हैं कि कुछ दलाल तत्काल टिकट बुक कराकर जरूरतमंद यात्रियों को अधिक कीमत पर बेच देते हैं। इससे आम यात्रियों को परेशानी होती है और तत्काल टिकट की सुविधा का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाता।

कंट्रोल रूम तक दर्ज होगा रिकॉर्ड

रेलवे की योजना के अनुसार, आरक्षण केंद्रों पर तत्काल टिकट बुक कराने वाले यात्रियों की जानकारी सुरक्षित रखी जाएगी। इसमें यात्री का नाम और पीएनआर दर्ज किया जाएगा। यह जानकारी रेल मंडल के कंट्रोल रूम में उपलब्ध रहेगी। वहां से संबंधित ट्रेन के टीटीई और गार्ड तक सूचना पहुंचाई जाएगी। इसके आधार पर ट्रेन में गोपनीय तरीके से यात्री के टिकट और पहचान की जांच की जा सकेगी।



शिकायतों के निराकरण के लिए 24 घंटे वार रूम

दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए रेलवे 24 घंटे वार रूम भी संचालित करेगा। यहां विशेष टीम तैनात रहेगी, जो त्योहारों के दौरान सामने आने वाली समस्याओं पर नजर रखेगी और उनके समाधान के लिए जरूरी कदम उठाएगी।

फोटोकॉपी से सफर करने वाले यात्रियों पर भी नजर

तत्काल टिकट की दलाली में टिकट की मूल प्रति यात्री तक नहीं पहुंचाने और उसकी फोटो कॉपी उपलब्ध कराने जैसी गड़बड़ियों की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। रेलवे के नियमों के मुताबिक, आरक्षण केंद्र से जारी टिकट पर यात्रा करने वाले यात्री के पास मूल टिकट होना जरूरी है। ऐसे में जांच के दौरान टिकट और यात्री की पहचान का मिलान किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

खबर संक्षेप



करवा चौथ उत्सव का किया आयोजन

औबेदुल्लागंज। औबेदुल्लागंज में महिला मंडल द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मेजबानी निशा मित्तल ने की। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल सहित महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ पर्व को मनाया तथा प्रेम, सौहार्द और आपसी स्नेह के भाव साझा किए।

टेम्पल ऑफ संबोधि में होगा खीर प्रसाद वितरण

संतनगर। शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार, 25 अक्टूबर को बैरागढ़ स्थित वन ट्री हिल्स के टेम्पल ऑफ संबोधि में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वेदांत संत लाल साईं के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में रात 8 बजे से भजन-कीर्तन होगा, जबकि रात 9 बजे खीर वितरण किया जाएगा।

कंडक्टर ने घर में घुस कर किया दुष्कर्म

भोपाल। हनुमानगंज थाना क्षेत्र में 57 साल की महिला से पड़ोस में रहने वाले 40 साल के कंडक्टर द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि गुरुवार दोपहर वह घर में अकेली थी, तभी पड़ोस में रहने वाला कंडक्टर देवेंद्र शराब के नशे में घर में घुस आया और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 57 साल की महिला थाना क्षेत्र में किराए से रहती है और पति के साथ फल का ठेला लगाती है।

शुभांक

कल्याणः	3816		
दिनः	359	73	247
रातः	368	77	269
ताराः			
दिनः	117	92	138
रातः	279	82	156

खाद्य पदार्थों की जांच के आधार पर एडीएम कोर्ट में पेश किए केस

दूध, पनीर समेत 35 सैंपल में मिलावट, खुला सोयाबीन तेल बेचने पर किया जब्त, नमकीन और सेव के सैंपल भी निकले मिस ब्रांडेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछले तीन महीने के दौरान शहर की दूध डेयरी, किराना और मिठाई दुकानों से लिए गए सैंपलों की जांच रिपोर्ट मिल गई है, जिसे दूध और पनीर के सैंपल अनसेफ मिले हैं। इसके साथ नमकीन और सेव के सैंपल मिस ब्रांडेड केटेगरी में आए हैं। दो किराना दुकानों से सोयाबीन का खुला तेल बेचने पर उसे जब्त किया गया है। इस तरह 35 मामलों में एडीएम कोर्ट में केस दर्ज कर पेश किया जा रहा है, जिसमें जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

शहर की डेयरियों, रेस्टोरेंट, होटलों और किराना दुकानों से लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूनों की राज्य स्तरीय लेबोरेटरी में जांच कराई गई थी, जिसकी रिपोर्ट शुक्रवार को मिली है।

तन्वी एंटरप्राइजेज गांधीनगर और कनक फैंसी जनरल स्टोर नीलबड़ में नमकीन सेव मिस ब्रांडेड पाए गए



दुकान में जांच करते अधिकारी।

सोयाबीन तेल जब्त, नमकीन, सेव मिसब्रांडेड

गोस्वामी किराना स्टोर और श्री अरिहंत किराना स्टोर पर प्रतिबंधित सोयाबीन तेल मिलने का मामला सामने आया है। इसके अलावा तन्वी एंटरप्राइजेज गांधीनगर और कनक फैंसी जनरल स्टोर नीलबड़ में नमकीन और सेव मिस ब्रांडेड पाए गए।

दूध और पनीर के सैंपल अचानक निकले

श्री कृष्णा डेयरी का पनीर और गाय का दूध, प्रकृति ईडन बावड़िया कलां में पनीर, नेशनल डेयरी नूरमहल रोड का क्रीम, कृष्णा दूध डेयरी नीलबड़, अशोका गार्डन न्यू इंडियन डेयरी सहित अन्य कई डेयरियों के पनीर और दूध के नमूने अमानक निकले हैं। इसी तरह जीत ढाबा खजूरी सड़क पनीर, होटल श्री रेजिडेंसी चूना भट्टी पनीर, शिव शंभू रेस्टोरेंट अयोध्या बायपास पनीर, होटल प्लाजा इन एयरपोर्ट रोड पनीर, होटल आमेर ग्रीन और होटल पुष्पांजलि होशंगाबाद रोड के यहां से लिए गए खाद्य पदार्थों के सैंपल भी अनसेफ मिले हैं।

तीन महीने में साढ़े छह लाख रुपए का जुर्माना

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवराज पावक ने बताया कि खाद्य पदार्थों की सैंपल जांच के आधार पर एडीएम कोर्ट में केस पेश किए गए थे। जिसमें पिछले तीन महीने में साढ़े छह लाख रुपए का जुर्माना किया गया है। बत्रा स्टोर से लिए अचार, पापड़ के सैंपल शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवारा बाजार में खाद्य पदार्थों की जांच की, जहां स्थित बत्रा स्टोर से अचार और पापड़ के सैंपल लिए हैं। इसके साथ यूनिवर्सल ट्रांसपोर्ट द्वारा लाइसेंस पेश नहीं किया गया।

सरकारी जमीन बेचने वाले बिल्डरों के जमानत आवेदन हुए खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरकारी जमीन के अवैध कारोबार और धोखाधड़ी के आरोपियों हरे कृष्ण कॉलोनाइजर और जानकी बिल्डर एसएन शर्मा और उनके बेटों रामनाथ शर्मा तथा श्यामनाथ शर्मा के जमानत के आवेदन सीजेएम अग्निन्द्र कुमार द्विवेदी ने सुनवाई के बाद अपराध की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया है।

सीजेएम के न्यायिक हिरासत में केंद्रीय जेल भेजने के आदेश के बाद आरोपियों द्वारा घबराहट और बेचैनी की शिकायत करने पर जयप्रकाश अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें इलाज के लिए भर्ती कर लिया है। आरोपियों के जमानत के आवेदन पर शनिवार को न्यायालय में सुनवाई होगी। आरोपियों पर लंबे समय से जमीन के अवैध कारोबार और धोखाधड़ी के आरोप थे। आरोप है कि इन बिल्डरों ने शहर के पॉश इलाके चूनाभट्टी क्षेत्र में स्थित बेशकीमती सरकारी जमीन पर फर्जीवाड़ा करते हुए उसे निजी संपत्ति के रूप में बेच दिया था। 6 जून 2019 को सुरेश कुमार जेसवानी ने ईओडब्ल्यू में शिकायती आवेदन देकर बताया था कि आरोपियों ने द्वारा मिलीभगत कर चूना भट्टी कोलार रोड भोपाल की सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से प्लाटिंग कर जमीन बेचकर सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान पहुंचाया है।

मृतक की पहचान नहीं हो सकी, सोशल मीडिया पर हुलिया वायरल

खजूरी सड़क वाइन शॉप के सामने अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा बोंदर में वाइन शॉप के सामने गुरुवार सुबह अज्ञात वाहन ने युवक को कुचल दिया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे कि उसकी पहचान की जा सके। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 साल के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने उसका हुलिया आसपास के पुलिस थाने और सोशल मीडिया पर वायरल किया है। पुलिस उसकी पहचान करने प्रयास कर रही है। साथ ही टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

ओवरब्रिज की दीवार तोड़कर बीस फीट नीचे गिरा ट्राला

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित एयरपोर्ट रोड पर शुक्रवार सुबह ओवरब्रिज से जा रहा ट्राला दीवार तोड़कर नीचे गिर गया। इस हादसे में ट्राला ड्राइव कर रहा ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हुआ है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्राला उठवाकर थाने पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि एयरपोर्ट रोड पर तेज रफ्तार ट्राला सीमेंट की साइड वॉल तोड़ता हुआ करीब 20 फीट नीचे गिर गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो ट्राले की बॉडी ऊपर ब्रिज पर अटकी थी, जबकि ट्राला चेचिस और टायर नीचे पड़े थे। पुलिस ने तत्काल क्रेन की मदद से ट्राले की बॉडी और चेचिस हटाया। पुलिस जब तक मौके पर पहुंचती ट्राले में फंसे ड्राइवर को राहगीरों ने निकालकर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचा दिया था। गनीमत रही कि हादसे के समय ब्रिज के नीचे सर्विस लेन पर कोई नहीं था। नहीं तो उसकी जान जा सकती थी।

युवा बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर ने दुकान में फांसी लगाकर दी जान

बिलखिरिया के कान्हासैया चौराहे का मामला

बिलखिरिया थाना क्षेत्र कान्हासैया चौराहा पर बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मोहित ठाकुर पिता स्वर्गीय दीवान सिंह ठाकुर (23) कान्हासैया में रहता था। उसकी कान्हासैया चौराहा पर बिल्डिंग मटेरियल की दुकान थी। गुरुवार सुबह वह दुकान पहुंचा था। दोपहर में आसपास के लोगों ने उसकी बाइक दुकान के बाहर खड़ी देखी, जबकि दुकान का शटर अंदर से बंद था। लोगों ने शटर खोलने आवाज दी, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अनहोनी की आशंका होने पर आसपास के लोगों ने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन और पड़ोसियों ने अंदर से बंद शटर को किसी तरह तोड़ा। इस दौरान मोहित का शव रस्सी के सहारे टीनशेड के पाइप पर लटका मिला। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने मोहित का मोबाइल जब्त किया है।

गोविंदपुरा पुलिस ने रहवासियों को समझाइश देकर शांत कराया

अन्ना नगर में बिजली संकट पर फूटा लोगों का गुस्सा, चौराहे पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अन्ना नगर में बिजली की समस्या को लेकर क्षेत्र के रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। बिजली संकट से परेशान रहवासियों ने अन्ना नगर चौराहे पर प्रदर्शन कर चक्काजाम कर दिया। सड़क पर चक्का जाम कर प्रदर्शन करने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई।

जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची गोविंदपुरा पुलिस ने रहवासियों को समझाईश देकर चक्काजाम समाप्त कराया।



चौराहे पर चक्काजाम करती भीड़ को समझाते पुलिस कर्मी।

अशोका गार्डन में चार आरोपियों ने वारदात को दिया अंजाम

युवक से मारपीट, एक्टिवा पर बैठाकर ले गए,साढ़े 8 हजार की नगदी छीनी, पुलिस तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र इमली माता मंदिर के पास से दो बदमाशों ने युवक को एक्टिवा में बैठा लिया और मारपीट करते हुए उसे अनुपम कस्तूरी होम्स लेकर पहुंचे, वहां आरोपियों के दो अन्य दोस्त पहुंच गए।

चारों ने युवक के साथ मारपीट की और साढ़े 8 हजार रुपए की नगदी छीन ली। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ लूटपाट और मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अंकित गिरी गोस्वामी (19) सेमरा कला, अशोका गार्डन में रहता है और प्राइवेट काम करता है। अंकित ने पुलिस को बताया कि गुरुवार दोपहर वह कोर्ट गया था। उसका पुराना केस था और वकील को उसे साढ़े 8 हजार रुपए फीस के देने थे। कोर्ट में वकील नहीं मिला तो अंकित अपने साथी कार्तिक और अन्ना के साथ बाइक पर घर लौट रहा था। अशोका गार्डन में दोपहर करीब साढ़े 3 बजे के आसापास इमली माता मंदिर के पास पहुंचा ही था कि अभिषेक शर्मा और विशाल ने बाइक रोक ली। अंकित को अपने साथ एक्टिवा पर बैठाकर अनुपम कस्तूरी होम्स ले गए। वहां मोहित पवार और नमन राजपूत भी पहुंच गए थे। इसके बाद चारों ने अंकित गिरी के साथ बेल्ट और डंडे से मारपीट की। मारपीट कर आरोपियों ने उसके पास रखे साढ़े 8 हजार रुपए छीन लिए। इसके बाद भाग गए।

समिति की सदस्य जैन ने प्रसाद वितरण किया

भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल का जगह-जगह हो रहा स्वागत-सत्कार



सम्मान करतीं महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल की महिलाओं का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है।

पिछले लगभग 13 वर्षों से नियमित रूप से प्रभात फेरी निकालकर महिलाएं भगवान श्रीराम का स्मरण कर रही हैं। प्रतिदिन सुबह 5 बजे उठकर प्रभात फेरी में शामिल होने वाली महिलाओं की श्रद्धा और नियमितता क्षेत्र में धार्मिक आस्था का संदेश दे रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को समिति की सदस्य जैन ने प्रभात फेरी मंडल का स्वागत किया और प्रसाद वितरण किया। इससे दो दिन पहले राधा भाभी एवं सुरेश नायक द्वारा भी प्रभात फेरी का स्वागत किया गया था। समिति अध्यक्ष आरती यादव ने सभी स्वागतकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भगवान से उनके सुख-समृद्धि की कामना की। प्रभात फेरी मंडल में अध्यक्ष आरती यादव के साथ सदस्य भगवती साहू, जैन मैडम, राधा माझी, कांत साहू, कांति यादव, विमल यादव, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर, पूजा लोधी और मीना साहू सहित अन्य महिलाएं शामिल हैं। स्वागत एवं प्रसाद वितरण के अवसर पर चंद यादव, कविता यादव, सुनीता सैनी, निर्मला शर्मा और कुसुम शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष आरती यादव ने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करते हुए कहा कि भक्तों के भंडार सदैव भरे रहें, राम नाम के हीरे-मोती बिखरते रहें और प्रभात फेरी में शामिल होने वाले भक्तों के चरणों में कभी कांटा न लगे। जय सियाराम, जय सियाराम के नारे लगे।

हाईटेक गोशाला का काम देखने पहुंचे कलेक्टर मिश्रा

दिसंबर माह में तैयार हो जाएगी दस हजार गायों की हाईटेक गोशाला, उपचार के लिए रहेगा अस्पताल



जायजा लेते कलेक्टर मिश्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के बरखेड़ी अब्दुल्ला में बन रही सुरभि गोशाला का काम दिसंबर माह में पूरा कर लिया जाए, जिसके लिए सभी विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारी को संभाल लें।

गोशाला का निर्माण पूरा होने के बाद यहां पर करीब दस हजार गायों को रखा जाएगा। इनके इलाज के लिए गोशाला परिसर में ही अस्पताल का भी निर्माण किया जा रहा है। चारे के लिए टेंडर जारी किए जाएं, जिससे चारे की कमी नहीं आए।

शुक्रवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने सूखी सेवनिया पहुंचकर गोशाला के निर्माण का काम देखा। बरखेड़ी अब्दुल्ला में बनाई जा रही गोशाला में चारे के लिए टेंडर की तैयारी कर ली गई है।

पहले चरण में 14 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि से गोशाला का निर्माण दिसंबर माह तक पूरा किया जाना है। गोशाला में 10 हजार गायों रखने की व्यवस्था की जाएगी। प्रथम चरण में दो हजार गाय रखने के लिए चार शेड तैयार होंगे। प्रत्येक शेड में 500 गायों को रखा जाएगा।

बीमार गायों के लिए बनेगा आईसीयू

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बताया गया कि प्रत्येक शेड के सामने खुला स्थान रहेगा। बीमार गायों के लिए दो शेड तैयार होंगे, जिसमें एक आइसीयू व एक जनरल वार्ड होगा। इसके अतिरिक्त चारा शेड, एक बछड़ा शेड, पानी की टंकी और संपबेल बनाने के साथ ही आफिस और निवास भी बनाए जाएंगे। जिला पंचायत सीइओ इला तिवारी ने फंदा जनपद की बालमपुर, सूखीसेवनिया और डोब ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया। उन्होंने निर्माणाधीन गोशालाओं का काम दीपावली तक पूरा करने की बात कही। सीईओ ने अधूरे आवास पूरे कराने पर जोर दिया।

विधायक चुनाव लड़ चुके मंडलोई ने उठाए सवाल

नशे और सट्टे का बढ़ता कारोबार युवाओं का भविष्य कर रहा बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

हुजूर विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब, नशीले पदार्थों और खु ले आ म सट्टेबाजी के बढ़ते कारोबार को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र मंडलोई ने चिंता व्यक्त की है। क्षेत्र में लगातार सामने आ रही आपराधिक घटनाएं कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं।



हाल ही में बैरागढ़ क्षेत्र में 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या की घटना ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। राजेंद्र मंडलोई ने कहा कि क्षेत्र में नशे का कारोबार और सट्टेबाजी युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। सवाल यह है कि आखिर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद क्यों हैं? युवाओं को नशे और सट्टे से बचाने के लिए प्रशासन क्या ठोस कदम उठा रहा है?

महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार की क्या जवाबदेही है? उन्होंने कहा कि अवैध शराब, नशीले पदार्थों की बिक्री और सट्टेबाजी पर रोक लगाई जाए। राजेंद्र मंडलोई ने चेतावनी दी कि यदि हुजूर विधानसभा में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो जनता की सुरक्षा के लिए बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा।

बेहटा की आवासीय कॉलोनी को पूर्ववत रखने की मांग

नए मास्टर प्लान में बैरागढ़ और आसपास के क्षेत्रों के भूमि उपयोग को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत ने दर्ज कराई आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

भोपाल विकास योजना प्रारूप-2047 में बैरागढ़ और आसपास के क्षेत्रों के भूमि उपयोग को लेकर पूज्य सिंधी पंचायत, संत हिरदाराम नगर ने गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई हैं। पंचायत अध्यक्ष माधू चांदवानी के नेतृत्व में नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों को आपत्ति-सह-सुझाव पत्र सौंपकर प्रारूप में संशोधन क्षेत्र सुनियोजित विकास की मांग की गई है।



चांदवानी ने बताया कि सीहोर नाका के पास ग्राम बेहटा के खसरा नंबर 1, 4 और 6 पर पुरानी स्वीकृत आवासीय कॉलोनी विकसित है। वर्ष 2005 के मास्टर प्लान में यह क्षेत्र आवासीय था। नगर निगम से लेआउट स्वीकृत होने और विकास कार्यों के बाद यहां सैकड़ों परिवार रह रहे हैं। इसके बावजूद नए प्रारूप में इसे भोजताल इन्फ्लुएंस जोन-2 में शामिल किया गया है। पंचायत ने इस भूमि का उपयोग पूर्ववत आवासीय (आरजी-2) रखने की मांग की है। इसी तरह ग्राम बैरागढ़ कलां और भैंसाखेड़ी की भूमि पर बोटैनिकल गार्डन (जी-3) प्रस्तावित करने तथा गतिविधियों के लिए न्यूनतम 10 हेक्टेयर भूमि की शर्त पर भी आपत्ति जताई गई है। कहा है कि इतनी बड़ी भूमि की अनिवार्यता व्यावहारिक नहीं है।

बैरागढ़ के भविष्य के विकास पर भी चिंता

चांदवानी ने कहा कि वर्ष 2047 तक के विकास की योजना में बैरागढ़ के विस्तार और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त प्रावधान नहीं दिखाई देते। मुख्य मार्ग के दोनों ओर आवासीय गतिविधियों के विस्तार को लेकर भी स्पष्ट और दूरदर्शी योजना जरूरी है। पंचायत ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि स्थानीय निवासियों के हितों और क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रारूप में आवश्यक संशोधन किए जाएं, ताकि संत हिरदाराम नगर का व्यवस्थित और सुनियोजित विकास सुनिश्चित हो सके।

पंचायत की प्रमुख मांगें

- ग्राम बेहटा के खसरा नंबर 1, 4 और 6 का भूमि उपयोग आरजी-2 किया जाए।
- इंदौर-भोपाल मुख्य मार्ग के उत्तर में आवासीय विकास को प्रोत्साहित करने के लिए आरजी-3 निर्धारित किया जाए।
- मुख्य मार्ग के दक्षिण में बैरागढ़ कलां और भैंसाखेड़ी को निम्न घनत्व आवासीय क्षेत्र आरजी-5 घोषित किया जाए।



औबेदुल्लागंज में जैन समाज ने किया शांति विधान का आयोजन

औबेदुल्लागंज। नगर में जैन समाज द्वारा 16 दिवसीय शांति विधान का आयोजन पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। शुक्रवार को तेरहवे दिन सौ धर्म इंद्र बनने का सौभाग्य पवन जैन-अतुल जैन निवासी सेमरा-बैरसिया परिवार को प्राप्त हुआ। आचार्य पंडित प्रकाश जैन भोपाल द्वारा संगीत के साथ पूजन करवाई। सुबह भगवान की शांति धारा का सौभाग्य अजय किरण जैन एवं शुचिता-अंशुल जैन परिवार को मिला। आयोजन में जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन तामोट इंजीनियर मुकेश जैन पंडित लक्ष्मी चंद एलसी जैन प्रदीप शिरोमणि इंदिरा तरुण जैन सुनील समता वर्धमान आशा रानी जैन पूर्व पार्षद मीना जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर ऐलक श्री दयासागर महाराज ने कहा कि जो भी शुभ है, वह जीवन को ज्योतिर्मय बनाता है, जबकि अशुभ से जीवन में अंधकार छा जाता है। सारी अच्छाइयां ही जीवन का प्रकाश है।

विधायक पटवा का समर्थकों ने जताया समर्थन कहा- भोजपुर परिवार के प्रति उनका स्नेह अटूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

दशहरा कार्यक्रम के दौरान विधायक सुरेंद्र पटवा के उद्बोधन में हुई कथित मानवीय त्रुटि को लेकर उनके समर्थकों ने उनका पक्ष रखते हुए कहा कि विधायक की बात को राजनीतिक द्वेषभाव के चलते गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है। सुरेंद्र पटवा सरल, सहज और सज्जन व्यक्तित्व के धनी हैं तथा धर्म, समाजसेवा और भोजपुर क्षेत्र के विकास के प्रति समर्पित हैं।



विधायक पटवा ने अपने संदेश में कहा कि औबेदुल्लागंज में आयोजित दशहरा कार्यक्रम के दौरान उनके उद्बोधन में अनजाने में हुई मानवीय त्रुटि को गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भोजपुर परिवार उनके लिए देवतुल्य है और क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति उनके मन में सदैव स्नेह, सम्मान और आत्मीयता का भाव रहा है। इस त्रुटि के लिए उन्होंने हृदय की गहराइयों से खेद व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह, आशीर्वाद और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उनका जीवन भोजपुर परिवार की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहेगा। इस मामले में मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, नगर पालिका उपाध्यक्ष नमिता बागीश अग्रवाल, पंकज कोठारी नीरज चावला पार्षद मनोज चौरसिया, माधव यादव, नरेश सेठी, वचन लोधी, रवि कमल गजेंद्र नागर, आरती यादव, जीतू नंदवंशी और राजेंद्र गुड्डू साहू देवेंद्र सिंह राजू लखविंदर सिंह लकी पुरुषोत्तम शर्मा रामकिशोर नंदवंशी सहित समर्थकों ने कहा कि विधायक पटवा सभी को साथ लेकर चलने और सभी को सम्मान देने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक किसी के प्रति द्वेषभाव नहीं रखते, बल्कि सभी को अपना परिवार मानते हैं। विरोधियों से भी आत्मीयता रखते हैं। मानवीय त्रुटि को लेकर विवाद खड़ा करने के बजाय विधायक के लंबे सार्वजनिक जीवन, उनके योगदान और जनता से उनके जुड़ाव को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

260 गांवों की 57,422 हेक्टेयर भूमि को मिलेगा सिंचाई का लाभ

सीएम आज करेंगे 2,387.60 करोड़ रुपए की नर्मदा- झाबुआ-पेटलावद थांदला-सरदारपुर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण

सरदारपुर के खेल परिसर में होगा लोकार्पण समारोह का आयोजन

झाबुआ जिले के 108 गांवों की 17 हजार हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 24 अक्टूबर को 2,387.60 करोड़ रुपए की लागत की नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का धार जिले के सरदारपुर स्थित खेल परिसर में लोकार्पण करेंगे।



झाबुआ जिले में झाबुआ तहसील के 108 गांवों की 17,802 हेक्टेयर, पेटलावद के 6 गांवों की 1,502 हेक्टेयर, मेघनगर के 28 गांवों की 5,504 हेक्टेयर, थांदला के 39 गांवों की 5,927 हेक्टेयर, रामा के 12 गांवों की 1,185 हेक्टेयर तथा राणापुर के एक गांव की 80 हेक्टेयर भूमि को परियोजना से लाभान्वित किया जाएगा।

आधुनिक तकनीक से मिलेगी दबावयुक्त जल की सुविधा

परियोजना की प्रमुख विशेषता भूमिगत पाइप नहर प्रणाली है। इसके माध्यम से 2.5 हेक्टेयर चक तक 20 मीटर दबावयुक्त जल उपलब्ध कराया जाएगा। इस व्यवस्था से कृषक ड्रिप एवं सप्रिंकलर पद्धति के माध्यम से सिंचाई कर सकेंगे। आधुनिक तकनीक आधारित इस प्रणाली से खेतों में पानी पहुंचाने की सुविधा विकसित होगी। साथ ही, पारंपरिक सिंचाई व्यवस्था की तुलना में जल का अधिक उपयोगी तरीके से इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी। इस पद्धति से सिंचाई के लिए खेतों को समतल करने की आवश्यकता भी नहीं होगी।

260 गांवों की 57,422 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित

परियोजना से धार एवं झाबुआ जिले के कुल 260 गांवों की 57,422 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसमें धार जिले की सरदारपुर तहसील के 66 गांवों की 25,422 हेक्टेयर भूमि तथा झाबुआ जिले की विभिन्न तहसीलों के 194 गांवों की 32,000 हेक्टेयर भूमि शामिल है। इससे संबंधित क्षेत्रों के कृषकों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन बढ़ाने के अवसर विकसित होंगे।

नर्मदा नदी से किया जाएगा जल का उद्वहन

परियोजना के तहत धार जिले की कुक्षी तहसील के ग्राम चंदनखेड़ी में नर्मदा नदी से 186.62 मिलियन घन मीटर (एमसीएम) जल का उद्वहन प्रस्तावित है। योजना के संचालन के लिए 102.30 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता निर्धारित की गई है। परियोजना से संबंधित क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा का विस्तार होने से कृषकों को कृषि कार्यों के लिए जल उपलब्धता में सहयोग मिलेगा।

मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 : सेमीकंडक्टर समिट से मप्र को मिली बड़ी सौगात

5,800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त 10 हजार से अधिक रोजगार होंगे सृजित

- *सीएम ने किया दो दिनी मप्र सेमीकंडक्टर समिट 2026 का शुभारंभ*
- *मुख्यमंत्री ने 12 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ की वन-टू-वन बैठक*
- *मप्र को देश का प्रमुख सेमीकंडक्टर एवं तकनीकी केंद्र बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध*
- *ढाई वर्ष में 25 से अधिक नीतियां बनाकर निवेश और औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं के खोले द्वार*
- *जीआईएस के 30 प्रतिशत से अधिक निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 के माध्यम से प्रदेश में लगभग 5 हजार 800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनसे 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

समिट में एक हजार से अधिक प्रतिनिधियों और जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान एवं स्वीडन के प्रतिनिधिमंडलों की सहभागिता प्रदेश में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में बढ़ती वैश्विक रुचि को दर्शाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दो दिवसीय समिट में 8 पैनल चर्चाएं, 5 राउंडटेबल और 6 की-नोट उद्बोधन आयोजित किए जा रहे हैं। समिट में मप्र सेमीकंडक्टर नीति-2026 पर हितधारक चर्चा और एमपी सेमीकॉन स्टार्टअप चैलेंज भी आयोजित किया जा रहा है।



मप्र सेमीकंडक्टर समिट-2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

निवेश एवं औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योग प्रतिनिधियों को आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में सहभागिता के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मप्र में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश एवं औद्योगिक विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने निवेशकों से प्रदेश के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि उद्योग जगत और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से मप्र के औद्योगिक एवं तकनीकी विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने की प्रमुख घोषणाएं

- सेमीकंडक्टर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना- प्रदेश में सेमीकंडक्टर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से चिप डिजाइन, वीएलएसआई, नवाचार, अनुसंधान एवं विकास, प्रोटोटाइपिंग तथा कौशल विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।
- फोटोनिक्स एवं क्वांटम टेक्नोलॉजीज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस- प्रदेश में फोटोनिक्स एवं क्वांटम टेक्नोलॉजीज सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इससे क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम कम्युनिकेशन, फोटोनिक्स, एडवांस्ड मटेरियल्स और डीप-टेक अनुसंधान के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित होंगी।
- इंदौर- उज्जैन इकोनॉमिक कॉरिडोर में हाई-टेक उद्योगों को प्राथमिकता- कॉरिडोर के विकास में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, एडवांस्ड पैकेजिंग, चिप डिजाइन एवं हाई-टेक उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

25 से अधिक नीतियां बनाकर विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोले

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र सरकार ने ढाई वर्ष में 25 से अधिक नीतियां बनाकर निवेश और औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। पारदर्शी, सरल और स्पष्ट नीतियों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सहित विभिन्न प्रयासों से प्रदेश में लगभग 34 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 30 प्रतिशत से अधिक निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरे हैं। प्रदेश सरकार निवेश प्रस्तावों को वास्तविक परियोजनाओं में बदलने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

राज्यों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण उपलब्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कभी असंभव लगने वाले विषय आज वास्तविकता बन रहे हैं। सभी क्षेत्रों में समान रूप से आगे बढ़ने के लिए राज्यों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण उपलब्ध है। मप्र देश के साथ कदम मिलाकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। कोविड काल में सेमीकंडक्टर चिप की कमी से वैश्विक स्तर पर विकास गतिविधियां प्रभावित हुई थीं। इससे इस क्षेत्र की आर्थिक और सामरिक महत्ता स्पष्ट हुई है।

नीतियों और त्वरित निर्णय प्रक्रिया से उद्योग जगत का विश्वास बढ़ा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र निवेशकों का स्वागत करने और उन्हें साथ लेकर चलने वाला राज्य है। निवेश अनुकूल नीतियों और त्वरित निर्णय प्रक्रिया से उद्योग जगत का विश्वास बढ़ा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि निवेश संबंधी प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब न हो और समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाए। राज्य सरकार की कार्यप्रणाली में फाइलों के स्थान पर फैसलों, संभावनाओं के स्थान पर परियोजनाओं और समस्याओं के स्थान पर समाधानों को प्राथमिकता दी जा रही है। एक बार जो मप्र आता है, वह हमेशा के लिए मप्र का हो जाता है।

फार्मा, टैक्सटाइल, रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश में महत्वपूर्ण प्रगति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र कृषि के साथ उद्योग, तकनीक और विनिर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ग्वालियर में टेलीकॉम विनिर्माण क्षेत्र को विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। फार्मा, टेक्सटाइल और रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में भी प्रदेश महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता लगभग 5 हजार मेगावाट से बढ़कर 32 हजार मेगावाट हो गई है। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी मप्र ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

निवेशकों एवं उद्यमियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समिट में चिप डिजाइन, एडवांस्ड पैकेजिंग, टेस्टिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इलेक्ट्रॉनिक्स और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में निवेशकों एवं उद्यमियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई है। प्रदेश में प्रतिभाशाली मानव संसाधन और मजबूत जनसांख्यिकीय क्षमता उपलब्ध है। सरकार उद्योग जगत के साथ साझेदारी कर इन संभावनाओं को वास्तविक परियोजनाओं में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

अनूपपुर में जिला बैठक को किया संबोधित

कांग्रेस की नीतियों और राजनीति को जनता के सामने उजागर करेंगे कार्यकर्ता : चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने शुक्रवार को अनूपपुर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित जिला बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने कहा कि कहा कि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक तौर-तरीकों से देश को नुकसान पहुंचाया है और आज आंदोलनों की आड़ लेकर देश में अराजकता की नींव रखने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र बचाने के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े करना और देश के माहौल को खराब करना कांग्रेस सहित पूरे विपक्ष की राजनीति का हिस्सा बन गया है। भाजपा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों और उसकी अराजक राजनीति को जनता के सामने उजागर करेगी।

कांग्रेस की राजनीति से देश को हुआ नुकसान

प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रारंभ से ही जिस राजनीतिक मॉडल पर काम किया, उससे देश को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस की नीतियों ने समाज में विभिन्न प्रकार के भेदभाव को बढ़ावा दिया, जबकि भाजपा ने समय-समय पर आंदोलनों और जनजागरण के माध्यम से बेहतर व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास किया। आज कांग्रेस चुनावी पराजय के बाद ईवीएम पर सवाल उठाती है और लोकतंत्र बचाने के नाम पर संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रहार करती है। की राजनीति का हिस्सा बन गया है। भाजपा 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों और उसकी अराजक राजनीति को जनता के सामने उजागर करेगी।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने की जन्मदिन पर पेन-किताबें लाने की अपील

भोपाल। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विशाल सिंह बघेल ने अपने जन्मदिन पर नई पहल करते हुए फूल-मालाओं के बजाय पेन-किताबें लाने की अपील की है। 25 अक्टूबर को जन्मदिन पर मिलने वाली शैक्षणिक सामग्री जरूरतमंद बच्चों को वितरित की जाएगी। डॉ. बघेल ने मित्रों और शुभचिंतकों से फ्लेक्स-होर्डिंग व अनावश्यक खर्च से बचकर बच्चों की शिक्षा में सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सच्ची सेवा है।

■ जरूरतमंद बच्चों को बांटी जाएगी शैक्षणिक सामग्री

संवैधानिक संस्थाओं पर अराजक हमलों के विरोध में अभाविप का प्रदर्शन आज

भोपाल। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) भोपाल महानगर द्वारा देश की संवैधानिक संस्थाओं पर हो रहे अराजक हमलों के विरोध में 24 अक्टूबर को अराजकता रोको, लोकतंत्र अपनाओ के आह्वान के साथ व्यापक प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अभाविप द्वारा आयोजित इस प्रदर्शन का उद्देश्य संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादाओं की रक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। अभाविप का मानना है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है।

तीन दिवसीय प्रवास में स्वयंसेवकों से करेंगे संवाद

संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत आज से 26 अक्टूबर तक रहेंगे जबलपुर प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक परम पूजनीय डॉ. मोहन भागवत 24 से 26 अक्टूबर तक तीन दिवसीय प्रवास पर जबलपुर में रहेंगे। अपने नियमित प्रवास के दौरान वे संघ के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। इस दौरान स्वयंसेवकों, दायित्ववान कार्यकर्ताओं और महाकौशल प्रांत के पदाधिकारियों के साथ संवाद कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करेंगे तथा आगामी कार्यों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। प्रवास के पहले दिन 24 अक्टूबर को डॉ. भागवत जबलपुर महानगर में निवासरत मुख्य शिक्षक एवं उनसे ऊपर के दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे।

26 को होगी बैठक

तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन 26 अक्टूबर को डॉ. मोहन भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, महाकौशल प्रांत की कार्यकारिणी एवं विभाग टोली के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में संघ के संगठनात्मक कार्यों, वर्तमान गतिविधियों और विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही आगामी कार्ययोजना को लेकर भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

प्रदेश मीडिया अध्यक्ष नायक बोले-

जब नियमित हवाई सेवाएं उपलब्ध तो 575 करोड़ की खरीद क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश सरकार द्वारा जेट विमान और हेलीकॉप्टर खरीद पर भारी खर्च को लेकर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि जब नियमित हवाई सेवाएं उपलब्ध हैं तो 575 करोड़ की खरीद क्यों की गई। नायक ने बताया कि 10 जुलाई 2024 को मंत्रिमंडल में एक जेट और एक हेलीकॉप्टर खरीदने पर सहमति बनी थी। जेट की कीमत 234 करोड़ से बढ़कर 350 करोड़ और हेलीकॉप्टर की 125 करोड़ से बढ़कर 225 करोड़ बताई जा रही है। इंटीरियर कस्टमाइजेशन पर 80 करोड़ खर्च के आरोप हैं।उन्होंने कहा कि सरकार कस्टम ड्यूटी, जीएसटी, बीमा और निविदा का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक करे।



जीतू पटवारी ने की संभागीय समीक्षा बैठक

जिला एवं विधानसभा स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, भोपाल में जबलपुर, सागर एवं नर्मदापुरम, इंदौर संभाग की संगठनात्मक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्ययोजना, संगठन के विस्तार और जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर



विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संगठन महामंत्री संजय कामले एवं प्रदेश महासचिव गौरव रघुवंशी सहित चारों संभागों के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला एवं विधानसभा स्तर पर संगठन की गतिविधियों, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और संगठनात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही, आगामी दिनों में पार्टी की रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने, संगठन के विभिन्न स्तरों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया गया।

6976 शिविरों में 3 लाख 3 हजार 400 शिकायतों का मौके पर निराकरण

भोपाल। बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का उनके घर के नजदीक त्वरित समाधान उपलब्ध कराने तथा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से संचालित संपर्क अभियान 2026 को उल्लेखनीय सफलता मिली है। 14 मई से प्रारंभ हुए इस विशेष अभियान के तहत भोपाल एवं ग्वालियर रीजन के 16 जिलों में अब तक 6,976 विशेष शिविरआयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 3लाख 3 हजार400 उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया।

पन्ना तक रेल पहुंचना बुंदेलखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

पन्ना तक रेल पहुंचने पर सांसद शर्मा ने जताया आभार

कटनी में लॉजिस्टिक हब और पिट निर्माण की मांग पन्ना-खजुराहो को रेलमार्ग से जोड़ने पर भी की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

खजुराहो सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संकुल प्रकोष्ठ के संयोजक विष्णु दत्त शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं के विस्तार और विभिन्न रेल परियोजनाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पन्ना जिले तक रेल पहुंचने को बुंदेलखंड के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें भी रखीं। सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि 24 अक्टूबर को पन्ना जिले तक रेल पहुंचने जा रही है। आजाद भारत के इतिहास में पहली बार पन्ना को रेल सुविधा मिलने जा रही है, जो जिले के साथ पूरे बुंदेलखंड के लिए ऐतिहासिक अवसर है। इस सौगात के लिए उन्होंने क्षेत्र की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद पत्र सौंपा।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पन्ना तक रेल पहुंचने पर आभार व्यक्त करते हुए सांसद विष्णु दत्त शर्मा।

कटनी में लॉजिस्टिक हब और पिट निर्माण की मांग

मुलाकात के दौरान सांसद ने कटनी में लॉजिस्टिक हब और पिट निर्माण कराने का आग्रह किया। उन्होंने पन्ना और खजुराहो को जल्द से जल्द रेलमार्ग से जोड़ने तथा संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार से जुड़े विषयों पर भी रेल मंत्री से चर्चा की। उनका कहना था कि बेहतर रेल संपर्क से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और आम नागरिकों को आवागमन की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में बदलाव का आग्रह

सांसद ने पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण खजुराहो-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में बदलाव की मांग भी रेल मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने पत्र सौंपकर आग्रह किया कि ट्रेन खजुराहो से सुबह रवाना होकर दोपहर में वाराणसी पहुंचे और वाराणसी से दोपहर में प्रस्थान कर रात तक खजुराहो लौटे।

इस सत्र में 2,216 विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

तेंदूपत्ता संग्राहकों के बच्चों की शिक्षा को संबल दे रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के जनजातीय एवं वनांचल क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण ग्रामीण परिवारों की आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के पात्र बच्चों को शिक्षा जारी रखने और उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार एकलव्य शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। वर्ष 2025-26 में योजना के अंतर्गत कुल 2,216 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई। इनमें 1,180 छात्र और 1,036 छात्राएं शामिल हैं। वर्ष 2026-27 में योजना का दायरा बढ़ाने की दिशा में विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। इसके लिए छात्रवृत्ति का लक्ष्य 5 करोड़ रुपए रखा गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत (222.84 लाख रुपए) अधिक है। इस दौरान छात्रवृत्ति के लिए 277.16 लाख रुपए (लगभग 2.77 करोड़ रुपए) वितरित किए गए। यानी प्रत्येक 100 लाभार्थियों में लगभग 47 छात्राएं हैं।

पेज एक का शेष...

मप्र में लाएंगे ...

से जोड़कर हम मत्स्य पालन के मामले में देश का अग्रणी केंद्र बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में आयोजित नेशनल फिशरीज इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कान्क्लेव-2026 में आए प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई नीति के तहत प्रदेश में 1 लाख नए केज कल्चर स्थापित करने का लक्ष्य लिया है। प्रदेश के संरक्षित वन क्षेत्रों में भी बड़े तालाब निर्मित करेंगे, ताकि वन्य जीवों के साथ-साथ इन तालाबों का लाभ मत्स्य पालकों को भी मिले। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल कार्यक्रम में शामिल हुए। कॉन्क्लेव में रायसेन जिले के बारना जलाशय में मप्र में पहली बार निजी निवेश और सहभागिता (पीपीपी मोड) से स्थापित 500 केज कल्चर का शुभारंभ भी किया गया। मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने कहा कि मप्र का मत्स्य उत्पादन 4.45 लाख टन है। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्लू रिव्योल्यूशन (नीली क्रांति) का लक्ष्य रखा है। उद्देश्य की पूर्ति करते हुए मप्र ने अपना मत्स्य उत्पादन अगले 3 वर्ष में 10 लाख टन करने का संकल्प लिया है। हर साल 5 हजार करोड़ का निवेश बढ़ेगा, जिससे 50 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मत्स्य उद्योग को ...

उद्योग के विस्तार के लिए इस क्षेत्र के निवेशकों को भूमि आवंटन, तकनीकी मदद और अन्य कई प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी।

केंद्र सरकार फिशरीज...

टन पर है। केंद्र सरकार फिशरीज एक्सपोर्ट को भी प्रोत्साहित कर रही है, यह 62 हजार 408 करोड़ रुपए हो चुका है।

समाज को बांटने ...

पीछे लौट गए हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में 'चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन' का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक बुराइयों से निपटने और बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। पीएम ने कहा कि दशकों में समय बदला है, नई चुनौतियां सामने आई हैं और नई सामाजिक बुराइयां पैदा हुई हैं। आज, इन समस्याओं को सुलझाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने आगे कहा कि हमें समाज को बांटने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होना होगा, आत्मनिर्भर बनने के लिए लोगों प्रेरित करना होगा, हर व्यक्ति को 2047 तक विकसित भारत के विजन से जोड़ना होगा। इस दौरान, पीएम ने स्वामी चिन्मयानंद के होलोबॉट से बात की। स्वामी चिन्मयानंद का निधन 3 अगस्त 1993 में हो गया था। यह 25 अक्टूबर तक चलेगा।

1993 में गुरुदेव ....

जागरूक किया। 3 अगस्त को अमेरिका के सैन डिएगो में स्वामी जी हमें छोड़कर चले गए। मैं वहीं था, हम सभी को पूज्य गुरुदेव की कमी महसूस हो रही थी।

अमिताभ का बंगला ...

भी आत्मघाती हमले में मारने की धमकी दी गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह मेल तब आया है, जब 5 दिन पहले रविवार को एक्टर टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में फायरिंग की गई। मुंबई मेयर को भेजे गए मेल में खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए हैं। मेल में दिलजीत ने अमिताभ के पैर छूए थे इसलिए उस पर हमला किया जाएगा।

सीएम फडणवीस ने ...

कहा कि भाजपा मीडिया पर दबाव डाल रही है और लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक ध्रुवीकरण का इस्तेमाल कर रही है। राज ठाकरे ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि 29 मिनट की यह रिकॉर्डिंग महाराष्ट्र में वायरल हो गई है। इसमें कथित तौर पर भाजपा के पदाधिकारी, आरएसएस के एक वरिष्ठ सदस्य और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल हैं। ठाकरे ने कहा कि रिकॉर्डिंग में 500 करोड़ रुपए के भुगतान का जो जिक्र है, उस पर स्पष्टीकरण आना चाहिए। ऑडियो के एक हिस्से में एक महिला यह दावा करती सुनाई देती है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के जरिए जरांगे को 500 करोड़ रुपए पहुंचाए गए थे। ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा ऑडियो क्लिप की फॉरेंसिक जांच कराने की घोषणा पर कहा कि मुख्यमंत्री ने केवल समय निकालने की कोशिश की है।

अवैध फैक्ट्री में ...

घटना में कई लोगों के शरीर के टुकड़े जहां-तहां बिखरे मिले हैं। दमकल की कई गाड़ियां देर रात तक आग बुझाती रहीं। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने और स्थिति सामान्य होने के बाद ही मृतकों एवं घायलों की वास्तविक संख्या स्पष्ट हो सकेगी। एसपी भारत सोनी ने 5 मौतों की पुष्टि की है।

114 मेडल जीतकर...

का लगभग आधा था। पैरा निशानेबाज मोना अग्रवाल और पैरा एथलीट निषाद कुमार शनिवार को होने वाले एशियाई पैरा खेलों के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे। दोनों ने इन खेलों में दो-दो स्वर्ण पदक जीते हैं।

भाजपा नेत्री की ...

है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। चांदामेटा पुलिस के अनुसार, परासिया के शंकरगढ़ वार्ड-3 निवासी 38 वर्षीय ज्योति डेहरिया ने शिकायत में बताया कि 20 अक्टूबर को पंकज स्टेडियम में शासन की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। रात करीब 8:30 बजे वह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं। जब भाजपा कार्यकर्ता मंच के सामने पहुंचे तो विधायक ने सांसद विवेक 'बंटी' साहू का नाम लेकर भी अपशब्द कहे गए। विरोध करने पर उनके साथ धक्का-मुक्की की गई। ज्योति ने विधायक बाल्मिक और शुभम पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस को घटनाक्रम का वीडियो भी उपलब्ध कराया है।

यात्री परिवहन...

करोड़ की रेल परियोजनाओं के कार्य प्रगति पर हैं। ललितपुर–सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना विंध्य क्षेत्र के लिए विशेष महत्व रखती है। इस परियोजना से रेल नेटवर्क का विस्तार होगा और पन्ना, सतना, रीवा, सीधी तथा सिंगरौली जैसे क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी।

जियो आईपीओ का...

में रिटेल निवेशकों के बीच भी शेयरों के लिए जबरदस्त होड़ रही। रिटेल कैटेगरी में करीब 8.5 करोड़ शेयर उपलब्ध थे, लेकिन 23 करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए बोलियां आईं। यानी, उपलब्ध शेयरों के मुकाबले 2.72 गुना मांग रही। 26 अक्टूबर को अलॉटमेंट तय होगा, 27 अक्टूबर को शेयर डीमैट खातों में क्रेडिट किए जाएंगे और 28 को जियो प्लेटफॉर्म्स की बीएसई और एनएसई पर लिस्टिंग प्रस्तावित है।

जियो आईपीओ ने ...

23 अक्टूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश अंबानी का जन्मदिन भी था। इसी दिन दुनिया में सबसे ज्यादा आवेदन पाने वाले आईपीओ की बिडिंग पूरी हुई।

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

आवेदन शुल्क जी.एस.टी. सहित रु. 590.00

मण्डल की पूर्ण विकसित कॉलोनी
पं. दीनदयाल नगर सीहोर में कम मूल्य पर रिक्त आवासीय स्वतंत्र भवन खरीदने का सुनहरा अवसर (जहाँ है, जैसी है स्थिति में ऑफर द्वारा एकमुश्त आधार पर विक्रय) ई-ऑफर के माध्यम से विक्रय हेतु उपलब्ध (रेरा पंजीयन क्र. P-SEH-17-059)

प्रॉपर्टी फॉर सेल

संपत्ति का प्रकार	उपलब्ध भवनों की संख्या	उपलब्ध भवन क्रमांक	भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.)	भवन का निर्मित क्षेत्र. (व.मी.)	प्रत्येक भवन का अपसेट मूल्य (रु.लाख)	धरोहर राशि (रुपये)
LIG-B	01	01	88.20	42.65	1474000.00	295000.00
LIG-B	01	13	92.40	42.65	1511000.00	302000.00
LIG-B	01	25	97.20	42.65	1553000.00	311000.00
LIG-B	01	42	72.00	42.65	1331000.00	266000.00
LIG-B	03	57, 58, 59	72.00	42.65	1302000.00	260000.00
LIG-B	01	48	87.60	42.65	1398000.00	271000.00
LIG-B	46	LIG 02 TO 11, 14 TO 23, 26 TO 35, 37 TO 41, 44 TO 47, 49 TO 54 AND LIG 56	72.00	42.65	1274000.00	255000.00

आवेदन/धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि 20.11.2026 तक।	ऑफर BID-ID डालने की अंतिम तिथि 22.11.2026 सायं 5.00 बजे तक।	ऑफर दिनांक 23.11.2026 को सायं 3.00 को खोला जावेगा।	ऑफर आईडी रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगी।	विस्तृत जानकारी मंडल की वेबसाइट www.mphousing.in पर उपलब्ध।

ई-ऑफर सुविधा दिनांक 23.11.2026 के पश्चात् संपत्ति रिक्त रहने पर निम्नानुसार ऑफर जारी रहेगा।

आवेदन/धरोहर राशि जमा करने की अंतिम तिथि	ऑफर BID-ID डालने की अंतिम तिथि	ऑफर दिनांक 02.11.2026 को सायं 3.00 बजे खोला जावेगा।
(1). 11.12.2026	13.12.2026	14.12.2026
(2). 28.12.2026	31.12.2026	31.12.2026
(3). 15.01.2027	17.01.2027	18.01.2027

नोट:- (1). सभी संपत्ति का विक्रय यथास्थिति में किया जा रहा है एवं ऑफर डालने से पूर्व स्थल पर संपत्ति का अवलोकन कर लें। ऑफर स्वीकृति के पश्चात् संपत्ति में किसी प्रकार की मरम्मत आदि का कार्य मंडल द्वारा नहीं किया जावेगा। आवेदक द्वारा स्वयं के कारणों से ऑफर/पंजीयन निरस्त कराने पर धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौती कर शेष राशि बिना ब्याज के वापस की जावेगी। शासन/मण्डल द्वारा निर्धारित अन्य कर, शुल्क, प्रभार एवं लीजरेंट इत्यादि पृथक से देय होंगे। (2). संपत्ति के ऋण हेतु बैंक/वित्तीय संस्थानों से विशेष सुविधा उपलब्ध। (3). इस विज्ञापन के उपरांत भी संपत्ति के रिक्त रहने की स्थिति में उक्त विज्ञापन निरंतर जारी रहेगा।

संपर्क:- प्रदीप कुमार हेड़ाउ (संपत्ति अधिकारी) दूरभाष : 0755-2552191, संतोष इंगले (संपदा प्रबंधक) मो. 9479352043, सुश्री मनोरमा जाटव (सहायक यंत्री) मो. 8962281833, नारायण गुर्जर (सहायक) मो. 9009497983

नोट- संभागीय कार्यालय में ही ONLINE पंजीयन सुविधा-विजय हटकर, मो. 76977-38888

संपदा अधिकारी
म.प्र. माध्यम/128778/2026
संभाग क्रमांक-1 भोपाल

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल
जोन क्रं 09 वार्ड क्रं 69

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि जोन कार्यालय क्रं.09 नगर निगम भोपाल के निम्न वार्ड कार्यालय 69 से प्राप्त आवेदन पत्रों को आधार पर नियमानुसार शुल्क जमा कराए जाने के पश्चात उनके नाम लीज अभिलेखों में परिवर्तित किए जाना है। यदि किसी को भी इन लीज नामान्तरण पर कोई आपत्ति हो तो अभिलेखों के साथ जोन क्रं. 09 नगर निगम भोपाल में 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित समयवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति अमान्य कर दी जावेगी।

क्रं	वार्ड क्रं	आवेदक का नाम	पूर्व स्वामी का नाम	भूखण्ड का पता	खाता नं/सम्पत्तिकर आई.डी
1	69	श्रीमती असमा अंसारी पत्नी श्री शाहनवाज अंसारी	1. श्री रवि सक्सेना 2. श्री अनिल सक्सेना 3. विनय सक्सेना	भूखण्ड क्रं 205 अशोक विहार कॉलोनी	P006402522/ 3000001215

जोनल अधिकारी
जोन क्रं.-09
नगर निगम भोपाल

सू. क्रं 913/026/027

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
जोन क्रं.07 यांत्रिक विभाग यातायात पार्क

ई मेल:- zone07civil@gmail.com

क्रमांक 492/ यां.वि / जोन क्र.07/2026 भोपाल दि. 23/10/26

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाखमें)	निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक	निविदा क्रय करने का अंतिम समय
1.	2026_UAD_543592_1	DEVELOPMENT WORK OF PARK AT CI HOMES MATA MANDIR SQAURE WARD 31 ZONE 07	6.41/-	29/10/2026	5:30 PM
2.	2024_UAD_340278_5	CONSTRUCTION OF DRAIN FROM RAJ DEV JI HOUSE TO GUPTA JI HOUSE RAJU PARWAT JI HOUSE TO PARAS VISHWAKARMA HOUSE, VIJAY JI HOUSE TO KANCHAN JI HOUSE, VISHNU JI HOUSE TO DADDAN JI HOUSE FROM DABLU JI HOUSE TO LAL MUNNU JI HOUSE BHEEM NAGAR WARD 33 ZONE 07	4.81/-	29/10/2026	5:30 PM
3.	2026_UAD_534904_2	CONSTRUCTION OF NALLA AT AHIRPURA INFRONT OF BANK COLONY WARD 34 ZONE 07	21.36/-	29/10/2026	5:30 PM

सहायक यंत्री
जोन क्र.07
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र.927/026/027

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल

प्रकरण क्रमांक 1266/अ-12/2025-26
दिनांक 13/10/2026
ग्राम सागोनी कलां प.ह.न. 43
:: ईश्तहार ::

सर्वसाधारण विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक डॉ माधवेन्द्र रिछारिया आ० राधेलाल रिछारिया निवासी-म०नं-41 सवाय सदन अपोजिट फन सिटी होशंगाबाद रोड भोपाल म०प्र० ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम सागोनी कलां प०ह०नं-43 स्थित भूमि खसरा क्रमांक 68/2, 72/4, 76/2, 77, 78, 79, 80, 81 रकबा कमश: 0.4990, 0.072, 0.1200, 0.0400, 0.5300, 0.1500, 0.2300 हे० भूमि आवेदक के नाम से भूमि स्वामी स्वत्व पर दर्ज है। आवेदक ने म०प्र० भू-राजस्व सहिंता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर सीमांकन उपरांत सीमांकन पुष्टि किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय मे विचारधीन है। उक्त संबध मे किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 04/11/2026 नियत है। उक्त उदघोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 15/10/2026 को जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
तहसील हुजूर भोपाल

OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER Municipal Council, Ahiwara

E-procurement Tender Notice
Main Portal: https://cgeprocurement.gov.in

क्रमांक / 561 / न.पा.प. / लो.क.वि. / 2026 अहिवारा दिनांक 23.10.2026

Online bids are invited for followings works up to 12.11.2026

S. No.	System Tender no.	Name of work	Probable Amount of Contract (In Lakh)	Earnest Money (In Lakh)	Class of Contractor
1	202382	Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire Systemin Nagar Palika Parishad, Ahiwara under SBM 2.0	Rs. 437.06	Rs. 2.19	In Class B or Above

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 23.10.2026 at 17:00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

टीप:- ऐसे निविदाकार, जिनके पास STP/WTP कार्य एवं निविदा (Notice Inviting Tender) में निर्धारित पात्रता को पूर्ण करते है, निविदा में भाग लेने हेतु पात्र होगें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अहिवारा

मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित

कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग क्र. 01
पंचानन भवन, द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
फोन : 0755-2673196, E-mail : laghubpl01@gmail.com
क्र.: लउनि/निर्माण/संभाग क्र. 01/2026-27/65 भोपाल, दिनांक : 22.10.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य की निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम - राज भवन भोपाल स्थित लोक भवन जवाहर खण्ड के मीटिंग हॉल एवं आगंतुक कक्ष में इंटीरियर फर्नीशिंग, फर्नीचर एवं विद्युतीकरण कार्य।** अनुमानित लागत राशि रु. 77.42 लाख। निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता हैं, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/128770/2026 महाप्रबंधक (सं./नि.)





R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD









आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

शब्द पहेली - 6387



बाएँ से दाए-
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

ऊपर से नीचे
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली -6386 का हल

	अ	व	का	श		प्र	ति	घा	त	
खु				रा	व	ण				मु
शा		ना	था	ब		थ	ती	म		क
म		ह		खा	र	क		ज		र
द	था	क	र	ना		था	ह	मा	प	ना
	प		फ्ता				सी		ठा	
अ	न	व	र	त		म	न	भ	र	ना
नु		रा		म	ध्य	म		र		मा
रो		ह	र्षि	त		ता	ली	म		कू
ध				मा	त	म				ल
	आ	ज	मा	ना		थ	ज	मा	न	

सूडोकु नवताल- 6397

सरल

3				8				9
		8	6		9	5		
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
		6	4		5	8		
9				1				7

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6396 का हल

8	2	4	3	9	7	5	1	6
3	5	6	1	4	2	7	8	9
1	9	7	6	5	8	2	3	4
9	6	2	5	8	3	1	4	7
5	3	1	4	7	9	8	6	2
4	7	8	2	1	6	9	5	3
2	8	3	9	6	1	4	7	5
6	1	5	7	2	4	3	9	8
7	4	9	8	3	5	6	2	1

कंपनी परिणाम



जेएसडब्ल्यू स्टील का लाभ तीन गुना से अधिक

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू स्टील का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना से अधिक होकर 5,359 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में कंपनी का मुनाफा 1,646 करोड़ रुपए रहा था। जेएसडब्ल्यू समूह की कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 54,927 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले 45,436 करोड़ रुपए थी।

हैवेल्स के लाभ में 9.7 प्रतिशत का इजाफा



नई दिल्ली। बल्ब, ट्यूब, पंखे जैसे उपभोक्ता बिजली सामान बनाने वाली कंपनी हैवेल्स इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर 9.72 प्रतिशत बढ़कर 349.22 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से आमदनी बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। हैवेल्स इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 318.28 करोड़ रुपए था।

एसबीआई कार्ड के मुनाफे में 75 फीसदी का उछाल



नई दिल्ली। एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड (एसबीआई कार्ड) का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 75 प्रतिशत बढ़कर 778 करोड़ रुपए रहा। कंपनी का 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में शुद्ध लाभ 445 करोड़ रुपए रहा था। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) प्रवर्तित क्रेडिट कार्ड कंपनी का समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 5,302 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 5,136 करोड़ रुपए थी। ब्याज आय बढ़कर 2,511 करोड़ रुपए हो गई, जबकि अन्य स्रोतों से आय बढ़कर 2,630 करोड़ रुपए रही।

अदाणी पावर का लाभ 142 प्रतिशत बढ़ा



नई दिल्ली। बिजली क्षेत्र की कंपनी अदाणी पावर का वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 142 प्रतिशत बढ़कर 7,019.32 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में कंपनी ने 2,906.46 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि जुलाई-सितंबर, 2026 तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 29.8 प्रतिशत बढ़कर 17,014.06 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 13,106.34 करोड़ रुपए था।

टाटा मोटर्स को 1,254 करोड़ रुपए का लाभ



नई दिल्ली। टाटा मोटर्स लि. का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1,254 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने से कंपनी को लाभ हुआ है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका परिचालन राजस्व सालाना आधार पर 36 प्रतिशत बढ़कर 25,338 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले 2025-26 की इसी तिमाही में 18,585 करोड़ रुपए था। कंपनी (पूर्व में टीएमएल कमर्शियल व्हीकल्स लि.) ने वित्तवर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 867 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा दर्ज किया था।

स्वदेशी खरीदें, देश का रोजगार बढ़ाएं

'अपनों का उत्पाद, अपनों का बाजार' थीम पर एमवीएम ग्राउंड में स्वदेशी मेला आज से, यह 4 नवंबर तक चलेगा

स्वदेशी जागरण मंच देशभर में स्वदेशी मेलों का आयोजन कर रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करने, स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों को बाजार देने और रोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच देशभर में स्वदेशी मेलों का आयोजन कर रहा है। राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह एमवीएम ग्राउंड में यह मेला 24 अक्टूबर से आयोजित किया जा रहा है जो 4 नवंबर तक चलेगा। शुभारंभ शाम 7 बजे होगा। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह-संघचालक डॉ. राजेश सेठी होंगे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक भगवान दास सबनानी एवं स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संयोजक सुधीर दाते शामिल रहेंगे। ऐसे मेलों का संकल्प स्पष्ट है-अपनों का उत्पाद, अपनों का बाजार; स्वदेशी से समृद्ध भारत। स्वदेशी मेला केवल खरीदारी नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का जन-अभियान है। हमारा पैसा भारतीय उत्पादों पर खर्च होगा, तो स्थानीय उद्योग, कारीगर और रोजगार को प्रोत्साहन मिलेगा। मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा, दीपक वर्मा, रमन तिवारी, सीमा भारद्वाज, विजय सोनी सहित आयोजन समिति ने राजधानी के नागरिकों से सपरिवार पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील की है।

दिन में गतिविधियां, शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

मेले में दिन के समय निःशुल्क गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। शाम 6 से रात 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, जबकि रात 9 से 10:30 बजे तक भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसके माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ विभिन्न कलाओं से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

स्थानीय प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

मेले में योगासन, नृत्य, गायन और नुक्कड़ नाटक जैसी प्रस्तुतियों के लिए बच्चों, विद्यार्थियों, महिलाओं और सांस्कृतिक संस्थाओं को आमंत्रित किया जा रहा है। स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और आसपास के क्षेत्रों की प्रतिभाओं से भी सहभागिता की अपील की गई है।

इनकी रहेगी उपस्थिति

उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पांडे, स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के अध्यक्ष सतीश चावला, साकेत राठौर, गौरव कुलश्रेष्ठ, सुधीर दाते, स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठक केशव दुबौलिया सहित प्रमुख कार्यकर्ता एवं प्रांत सहसमन्वयक प्रतिभा शुक्ला उपस्थित रहेंगी।

मंत्रालय ने योजना के संचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए

गहरे समुद्र में तेल-गैस खोज का जोखिम घटाएगी सरकार, लागत का 50 प्रतिशत तक देगी मदद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सरकार 84,084 करोड़ रुपए की 'समुद्र मंथन' योजना के तहत गहरे समुद्र में तेल एवं गैस की खोज के जोखिम को कम करने के लिए कंपनियों को वित्तीय सहायता देगी। इसके तहत 56 खोजी कुओं की लागत का 50 प्रतिशत तक और चार भूवैज्ञानिक अध्ययन वाले कुओं की लागत का पूरा खर्च निर्धारित सीमा के भीतर सरकार उठाएगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने योजना के संचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। इसका उद्देश्य गहरे समुद्र में तेल और गैस की खोज को प्रोत्साहन देना और आयातित हाइड्रोकार्बन पर भारत की निर्भरता को कम करना है।

योजना के तहत 56 खोजी कुओं की 50 फीसदी लागत सरकार उठाएगी

सरकार 'समुद्र मंथन' योजना के तहत 84,084 करोड़ की सहायता देगी

60 करोड़ टन से अधिक तेल समतुल्य संसाधन जुड़ सकेंगे

पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने दिशानिर्देशों की प्रस्तावना में 'समुद्र मंथन' योजना को हाल के वर्षों में तेल एवं गैस की खोज और उत्पादन के क्षेत्र में 'सबसे महत्वाकांक्षी पहल' बताया। उन्होंने कहा कि इससे भारत के तेल एवं गैस भंडार में 60 करोड़ टन से अधिक तेल समतुल्य संसाधन जुड़ सकते हैं।



सरकार अधिकतम 675 करोड़ रुपए प्रति कुआं देगी सहायता

दिशानिर्देशों के तहत, 56 खोजी कुओं के लिए सरकार अधिकतम 675 करोड़ रुपए प्रति कुआं और भूवैज्ञानिक अध्ययन वाले चार कुओं के लिए 1,350 करोड़ रुपए प्रति कुआं तक सहायता देगी। इन चार कुओं के लिए सहायता केवल सरकारी कंपनियां या उनके नेतृत्व वाले गठजोड़ हासिल कर सकेंगे।

वित्तीय सहायता दो चरणों में दी जाएगी

योजना के तहत 400 मीटर से अधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों को गहरे समुद्र और 1,500 मीटर से अधिक गहरे पानी वाले क्षेत्रों को अति गहरे समुद्र की श्रेणी में रखा गया है। वित्तीय सहायता दो चरणों में दी जाएगी। कुएं की स्वीकृत गहराई का 40 प्रतिशत काम पूरा होने पर मंजूर राशि का 40 प्रतिशत और कुएं की खुदाई पूरी होने तथा रिपोर्ट मंजूर होने के बाद शेष 60 प्रतिशत दिया जाएगा।

सीमा से अधिक खर्च कंपनियों को उठाना होगा

सरकारी मदद की वसूली वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने के सात साल बाद या जब कंपनी खोज और विकास लागत का 50 प्रतिशत वसूल कर लेगी, इनमें से जो पहले होगा, तब शुरू होगी। हालांकि, निर्धारित सीमा से अधिक खर्च कंपनियों को स्वयं उठाना होगा। समुद्र मंथन योजना के तहत साझा उत्पादन सुविधाओं के विकास के लिए भी वित्तीय सहायता दी जाएगी।

शुरुआत में महानदी बेसिन पर होगा ध्यान

इसका उद्देश्य छोटे या ऐसे तेल-गैस भंडारों को उत्पादन व्यवस्था से जोड़ना है, जिनका अकेले दोहन आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं है। इसमें समुद्र के भीतर पाइपलाइन, प्रसंस्करण मंच और साझा उत्पादन इकाइयां शामिल हैं। साझा उत्पादन सुविधाओं के विकास के लिए शुरुआत में महानदी बेसिन पर ध्यान दिया जाएगा, जबकि कच्छ बेसिन के लिए सांकेतिक राशि का प्रावधान है।

तेल-गैस के लिए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना

इन परियोजनाओं के प्रस्तावों को मंत्री की मंजूरी से पहले सार्वजनिक निवेश बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। इसके अलावा, तेल एवं गैस क्षेत्र के विनिर्माण और सेवा उद्योगों के लिए साझा सुविधाओं वाले औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की भी योजना है। दिशानिर्देशों के मुताबिक, यह योजना वित्त वर्ष 2030-31 तक चलेगी। वित्त वर्ष 2026-27 तैयारी का वर्ष होगा, जबकि 2027-28 से 2030-31 तक इसका पहला चरण लागू किया जाएगा।

सन 2030 तक 35 करोड़ से अधिक नौकरियां होगी

देश के उभरते उद्योग नई नौकरियां पैदा करने तैयार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र 2030 तक 35 करोड़ से अधिक नई नौकरियां पैदा कर सकते हैं। विभिन्न कौशल परिषदों और उद्योग संगठनों के ताजा अनुमान में यह कहा गया है। इंडिया डायडैक्टिक्स एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि रोजगार की इस क्षमता में वृद्धि के साथ ही त्वरित कौशल विकास, व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योग तथा शिक्षा जगत के बीच मजबूत सहयोग की तत्काल आवश्यकता है।



SBI
भारतीय स्टेट बैंक

सार्वजनिक सूचना: भारतीय स्टेट बैंक के निष्क्रिय बचत बैंक (नियमित) खाता धारक

यह सूचना उन बचत बैंक (नियमित) खाताधारकों के लिए है, जिनके खाते पिछले दो वर्षों में लेन-देन नहीं करने के कारण निष्क्रिय हो गए हैं।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने केवाईसी दस्तावेजों के साथ एसबीआई की किसी भी शाखा से संपर्ककरें या अपने केवाईसी को अपडेट करने के लिए डिजिटल चैनलों जैसे इंटरनेट बैंकिंग/योनो मोबाइल ऐप/एटीएम/व्हाट्सएप बैंकिंग आदि का उपयोग करें।

इस सूचना के एक माह के भीतर अगर 1 वर्ष से अधिक समय से शून्य शेष रखने वाले ऐसे निष्क्रिय खातों की केवाईसी अपडेट नहीं की जाती है तो बिना किसी अन्य सूचना के उन्हें एक माह में बंद कर दिया जाएगा।

भारतीय स्टेट बैंक
दिनांक: 24.10.2026

सेंसेक्स 126, निफ्टी 88 अंक फिसला

कच्चे तेल की तेजी से शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ⏭ मुंबई

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर पहुंच जाने और विदेशी निवेशकों की बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 126 अंक टूट गया, जबकि निफ्टी 88 अंक नुकसान में रहा। विश्लेषकों के मुताबिक, कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच चौतरफा बिकवाली और महंगाई से कंपनियों के मुनाफे पर पड़ने वाले असर की चिंता ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 125.56 अंक टूटकर 73,123.83 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 797.02 अंक तक गिरकर 72,452.37 अंक पर आ गया था।



टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स में गिरावट

सेंसेक्स के प्रमुख शेयरों में टाटा स्टील और अदाणी पोर्ट्स में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। इनके साथ ट्रेंट, टेक महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडिगो, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी नुकसान में रहे।

रिलायंस और टीसीएस में रही तेजी

दूसरी ओर, इटर्नल, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, मारुति सुजुकी इंडिया, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में तेजी रही।

इंफोसिस का लाभ 6.2% बढ़कर 7823 करोड़ रुपए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.2 प्रतिशत बढ़कर 7,823 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,364 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 49,244 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 44,490 करोड़ रुपए था। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा कि कंपनी को आलोच्य तिमाही में 5.2 अरब डॉलर के बड़े अनुबंध मिले, जिनमें दो अरब डॉलर से अधिक का एक बड़ा सौदा भी शामिल है।

पारेख ने कहा, कंपनी के कुल राजस्व में कृत्रिम मेधा (एआई) कारोबार की हिस्सेदारी 10.5 प्रतिशत रही और इसमें एक तिमाही पहले की तुलना में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कंपनियों में बड़े पैमाने पर एआई अपनाने की प्रक्रिया के बीच इस कारोबार में वृद्धि कंपनी की बाजार स्थिति और ग्राहकों के भरोसे को दर्शाती है।

शोध संस्थान एनसीएईआर ने जारी की सर्वे रिपोर्ट

वैश्विक तनाव के बावजूद सुधरा कारोबारी भरोसा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लंबे समय से जारी वैश्विक तनावों के बीच चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत का कारोबारी विश्वास अप्रैल-जून के 99.8 से बढ़कर 107.8 पर पहुंच गया। शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की 'बिजनेस एक्सपेक्टेशंस सर्वे' रिपोर्ट में यह कहा गया। एनसीएईआर ने कहा कि यह ताजा सर्वेक्षण सितंबर में किया गया था जिसमें छह शहरों के विभिन्न आकारों की 502 कंपनियों को शामिल किया गया। इसमें उत्तर का प्रतिनिधित्व दिल्ली एनसीआर, दक्षिण का बेंगलुरु और चेन्नई, पूर्व का कोलकाता तथा पश्चिम का प्रतिनिधित्व मुंबई और पुणे ने किया। इसमें कहा गया, 'हालांकि व्यापार विश्वास सूचकांक (बीसीआई) में सुधार हुआ है, लेकिन यह पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही (2025-26 की दूसरी तिमाही में 142.6) की तुलना में कम है।' बीसीआई में चार घटक शामिल होते हैं - अगले छह महीनों में समग्र आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, अगले छह महीनों में कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा, मौजूदा निवेश माहौल सकारात्मक है और वर्तमान क्षमता उपयोग अनुकूलतम स्तर के करीब या उससे ऊपर था।

पश्चिम मध्य रेल
इंजीनियरिंग विभाग, खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई. निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।

क्र.सं : 1 निविदा सूचना क्रमांक : डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी–202–2026 दिनांक 15/10/2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : सहायक मंडल अभियंता पिपरिया उप–मंडल के अधीन सोहागपुर और सालीचौका रोड के कर्मचारी आवासों के फर्श, दरवाजे, खिड़कियां, आंगन की दीवार, बाड़, पहुंच मार्ग, स्नानघर, शौचालय और रसोई का सुधार कार्य, कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये : 61,38,687/–, बयाना राशि रुपये : 1,22,800/–, समापन अवधि : 10 माह

क्र.सं : 2 निविदा सूचना क्रमांक : डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी –203–2026 दिनांक 15/10/2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : सहायक मंडल अभियंता, पिपरिया उप–मंडल के अधीन कर्मचारी आवासों का सुधार कार्य, कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये : 94,42,001/–, बयाना राशि रुपये : 1,88,900/–, समापन अवधि : 12 माह

क्र.सं : 3 निविदा सूचना क्रमांक : डी.आर.एम डब्ल्यू–जे.बी.पी –204–2026 दिनांक 15/10/2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : सहायक मंडल अभियंता, कटनी उप–मंडल के अधीन बखलेता रीटी ब्लॉक सेक्शन में गेट सिग्नलिंग के लिए 01 नग रिले हट का प्रावधान। (कार्य का भाग – जबलपुर मंडल में TVU 10000 से अधिक वाले गैर–इंटरलॉक्ड समपार फाटकों पर गेट सिग्नलिंग के लिए 11 नग रिले हट के प्रावधान), कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये : 24,77,171/–, बयाना राशि रुपये : 49,600/–, समापन अवधि : 06 माह

क्र.सं : 4 निविदा सूचना क्रमांक : डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी–205–2026 दिनांक 19/10/2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में इटारसी–जबलपुर खंड पर टी.एस.आर. 20.35 किमी, टी.आर.आर. 15.30 किमी, टी.एफ.आर.– 3.80 किमी और मोबाइल फ्लैश वेल्डिंग – 900 जोड़ का कार्य।, कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये : 5,88,58,049/–, बयाना राशि रुपये : 11,77,200/–, समापन अवधि : 12 माह

क्र.सं : 5 निविदा सूचना क्रमांक : डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी–206–2026 दिनांक 16/10/2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : बीना–कटनी: किलोमीटर 1236/42–46 पर पुल संख्या 1236/1 पर कटनी आर.ओ. आर. पर टो वॉल का निर्माण।, कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये : 3,28,50,630/–, बयाना राशि रुपये : 6,57,000/–, समापन अवधि : 12 माह

क्र.सं : 6 निविदा सूचना क्रमांक : डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी–207–2026 दिनांक 19/10/2026, कार्य का नाम लोकेशन सहित : सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप–मंडल के अंतर्गत गेट सिग्नलिंग के लिए 05 नग रिले हट का प्रावधान। (कार्य का भाग:– जबलपुर मंडल में 10000 से अधिक टीवीयू वाले नॉन–इंटरलॉक्ड समपार फाटकों पर गेट सिग्नलिंग के लिए 11 नग रिले हट का प्रावधान), कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये : 1,23,82,071/–, बयाना राशि रुपये : 2,47,700/–, समापन अवधि : 06 माह

सभी निविदाओं के भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15:00 बजे 13/11/2026
सभी निविदाओं के खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15:15 बजे 13/11/2026

उपरोक्त ई–निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

E-mail id- mobhopal@gmail.com

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक / 1301 / खनिज / उ.प.-549/2026 भोपाल, दिनांक 22/10/2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए,

द्वितीय सूचना

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुशील सुडेले आ. श्री महेश सुडेले पता म.नं. 46, कोच फैक्टरी, द्वारका नगर, जिला भोपाल म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 22.04.2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्र. जी-14539/26 दिनांक 19.06.2026 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः प्रकाशन दिनाक से 15 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाने हेतु आवेदन ई-खनिज 2.0 पोर्टल https://mines.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायगे हैं।

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा (हेक्ट.में)	भूमि का प्रकार शासकीय/निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
भोपाल	बैरसिया	चांबदब कदीम	364 (एस)	1.376 हेक्ट,	शासकीय	यांत्रिकी क्रिया गिट्टी बनाने के लिये पत्थर (अर्थात क्रेशर के उपयोग हेतु)	रकबा 1.376 हेक्ट

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी (खनिज) जिला भोपाल, म.प्र

जी - 20431/26 स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग जिला विदिशा (म.प्र.)

क्र./0008/अ-82/2025-26 प्रारूप - क (नियम 4 देखे) विदिशा दिनांक :

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रो में ग्राम स्तर पर यथास्थिति सम्बंधित जनपद पंचायत के परामर्श में निम्न भूमियों का अर्जन करना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए सामाजिक समाधात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन 2013) की धारा-4 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।

1.	परियोजना विकास का नाम	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण, संभाग भोपाल
2.	भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन	विदिशा जिले में रेलवे क्रासिंग क्र. 279 पर गुलाबगंज-पबई स्टेशन के मध्य गुलाबगंज-बासौदा मार्ग में आर.ओ.बी. का निर्माण
3.	अध्ययन का कार्य हांथ में लेने वाले सामाजिक समाधात निर्धारण दल का विवरण.	स.क्र. / अधिकारी का नाम / पदनाम / अन्य 1 / शशि मिश्रा / अनुविभागीय अधिकारी ग्यारसपुर / अध्यक्ष 2 / पंकज सोनी / अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. सेतु निर्माण उपसंभाग विदिशा / सदस्य 3 / रजनी ब्रिजेश लोधी / अध्यक्ष जनपद पंचायत ग्यारसपुर / सदस्य 4 / जीतेन्द्र जैन / मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ग्यारसपुर / सदस्य 5 / ओमकार सिंह दांगी / सरपंच ग्राम पंचायत सन्तापुर / सदस्य
		भूमि का विवरण
(क)	जिला	विदिशा
(ख)	तहसील	गुलाबगंज
(ग)	ग्राम	सन्तापुर
(घ)	कुल प्रस्तावित क्षेत्र	सर्वे नंबर 51/1 रकबा 0.348 हे0. में से 0.005 हे0., सर्वे नंबर 62 रकबा 0.742 हे0. में से 0.100 हे0., सर्वे नंबर 63 रकबा 0.052 हे0. में से 0.025 हे0., सर्वे नंबर 75/1/4 रकबा 0.523 हे0. में से 0.040 हे0., सर्वे नंबर 75/1/3 रकबा 0.679 हे0. में से 0.040 हे0.., सर्वे नंबर 75/2/1 रकबा 0.915 हे0. में से 0.045 हे0, सर्वे नंबर 61/1 रकबा 0.416 हे0. में से 0.015 हे0.., सर्वे नंबर 61/2 रकबा 0.542 हे0. में से 0.040 हे0., सर्वे नंबर 61/3 रकबा 0.547 हे0. में से 0.032 हे0., सर्वे नंबर 285 रकबा 1.578 हे0. में से 0.120 हे0, सर्वे नंबर 286 रकबा 0.658 हे0. में से 0.120 हे0., सर्वे नंबर 287 रकबा 0.648 हे0. में से 0.015 हे0., सर्वे नंबर 310 रकबा 5.08 हे0. में से 0.015 हे0. कुल रकबा 12.728 हे0, में से रकबा 0.612 हे0
(ड)	अर्जित होने वाला क्षेत्र	रकबा 0.612 हे.
5	प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण	विदिशा जिले मे रेलवे क्रासिंग क्र. 279 पर गुलाबगंज-पबई स्टेशन के मध्य गुलाबगंज-बासौदा मार्ग मे आर.ओ.बी. का निर्माण
6	परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र	रकबा 0.612 हे0
7	क्या ग्राम सभाओ और/या भूमि धारको की सहमति अपेक्षित है	हां
8	सामाजिक समाधात निर्धारण पूर्ण किये जाने की तारीख	अधिसूचना प्रकाशन से 06 माह के भीतर

कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग जिला विदिशा (म.प्र.)

जी- 20450/26 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

चीन पर भरोसा नहीं करें सुरक्षा और मजबूत बनाएं

चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय कूटनीति जब-जब बीजिंग की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखती है, तब-तब ड्रैगन की आक्रामकता भारत की पीठ में छुरा घोंपने की नई पटकथा लिख रही होती है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर का बयान केवल एक आधिकारिक वक्तव्य नहीं, बल्कि दिल्ली के नीति-नियंताओं के लिए एक गंभीर चेतावनी है, जो वार्ताओं की आड़ में चीनी शांति के मुगालते में जी रहे हैं। आईटीबीपी प्रमुख ने सार्वजनिक रूप से स्वीकारा है कि पिछले कुछ महीनों से अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी जिले के असाफिला और माजा इलाकों में चीनी और भारतीय सैनिक आमने-सामने हैं। तीन उच्चस्तरीय वार्ताओं (डब्ल्यूएमसीसी, विशेष प्रतिनिधि वार्ता और कोर कमांडर स्तर) के ढोंग और द्विपक्षीय मुलाकातों की कृत्रिम गर्मजोशी के बावजूद सरहद पर बंदूकें तनी हुई हैं। इतिहास गवाह है कि बीजिंग का विस्तारवादी चरित्र बातचीत से नहीं सुधरने वाला। भारत के लिए अब आत्मघाती भलमनसाहत छोड़ने का समय आ गया है। चीन पर रत्ती भर भी भरोसा न करें और अपनी सुरक्षा को इतना अभेद्य बनाएं कि दुश्मन आंख उठाने से पहले कांप उठे। वर्ष 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी में हुई खूनी झड़प ने भारत को यह कड़ा और दर्दनाक सबक दिया था कि ड्रैगन की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। आधुनिक दौर का युद्ध पूरी तरह से तकनीक-आधारित और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर में तब्दील हो चुका है। ऐसे में आईटीबीपी द्वारा अपनी आधुनिकीकरण योजना के तहत 4,000 करोड़ रुपये में से 1,000 करोड़ रुपये केवल ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम के लिए झोंकना एक सही दिशा में उठाया गया सख्त कदम है। सबसे पहली प्राथमिकता एलएसी के अग्रिम मोर्चों तक ऑल-वेदर कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के निर्माण को रॉकेट की गति देना है, ताकि आपात स्थिति में भारी हथियारों और सेना की त्वरित तैनाती सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, सीमा चौकियों पर अभेद्य भूमिगत ढांचे और बंकरों का निर्माण आधुनिक मिसाइल और ड्रोन हमलों से हमारे जवानों को लोहे की ढाल प्रदान करेगा। जवानों को दी जा रही नई रणनीतियों वाली 'स्ट्राइक' ट्रेनिंग और शौर्य कमांडो टीमों का विकास इस बात का खुला एलान है कि भारतीय सेनाएं अब सिर्फ रक्षात्मक नहीं रहेंगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुश्मन के घर में घुसकर प्रहार करने की क्षमता रखती हैं। इसके अतिरिक्त, सीमा सुरक्षा को केवल सैनिकों के भरोसे न छोड़कर एक त्रिस्तरीय अभेद्य ग्रिड में बदलना होगा। पहला, भारतीय उपग्रहों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके चीन के सैन्य जमावड़े का स्वचालित विश्लेषण कर अग्रिम सूचना हासिल की जाए। दूसरा, 'वाइब्रेंट विलेजेस प्रोग्राम' को पूरी ताकत से लागू कर सीमावर्ती गांवों से पलायन को तुरंत रोका जाए, क्योंकि स्थानीय नागरिक ही सीमाओं पर देश के सबसे पहले 'सजग प्रहरी' और खुफिया तंत्र होते हैं। तीसरा, चीन की तकनीकी आक्रामकता को पंगु बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और स्वदेशी लेजर-आधारित काउंटर-ड्रोन सिस्टम की तैनाती को दोगुना करना होगा। चीन द्वारा बार-बार अरुणाचल प्रदेश को 'जांगनान' कहना और वहां की जगहों के फर्जी चीनी नाम जारी करना उसकी उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। इसलिए भारत को अपनी सुरक्षा की ढाल को इतना मजबूत और प्रहारक बनाना होगा कि ड्रैगन दोबारा आंख उठाने की हिम्मत भी न कर सके।



पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत

धरती के आकार बदलने का खतरा बढ़ा

जलवायु परिवर्तन से धरती की आकृति में बदलाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन से न केवल समुद्र के तापमान का स्तर बढ़ रहा है और मौसम में अनियमितता आ रही है, बल्कि इससे हमारे ग्रह के आकार में भी बदलाव आने की आशंका बलवती हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का बढ़ता जलस्तर केवल पर्यावरण की ही समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और अर्थव्यस्था के लिए भी गहरा संकट है।

संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट की मानें तो आने वाले दिनों में विषैली गैसों का उत्सर्जन यदि इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात की प्रबल आशंका है कि वर्ष 2100 तक समुद्री जलस्तर दो मीटर तक और ऊपर उठकर विशाल तटीय भूभाग को जलमग्न कर देगा। वर्ष 2014 से 2023 के बीच वैश्विक स्तर पर समुद्र का जलस्तर 4.7 मिलीमीटर की दर से बढ़ा था लेकिन वर्ष 2024 में इसने पुराना रिकार्ड तोड़ा और 5.5 मिलीमीटर की चौंकाने वाली बढ़ोतरी दर्ज की। दुनिया के वैज्ञानिकों की इस बारे में एकमुश्त राय है कि सबसे अनुकूल परिस्थिति रहने पर भी इस सदी के अंत तक यानी 2100 तक समुद्र का जलस्तर कम से कम 0.55 मीटर तक बढ़ जाएगा। उस दौरान सबसे गंभीर स्थिति में यह बढ़ोतरी एक मीटर से अधिक तक होगी। ऐसी स्थिति जिनमें एक वैश्विक तापमान बढ़ोतरी के चलते ध्रुवीय बर्फ की चादरों और विशालकाय हिमनदों का तेजी से पिघलना और दूसरा गर्म होते समुद्र के जल का तापीय प्रसार ये प्रमुख कारण हैं। जबकि मानव गतिविधियों से उत्पन्न होने वाली अतिरिक्त ऊष्मा का तकरीबन 91 फीसदी हिस्सा महासागर सोख रहे हैं। देखा जाए तो समुद्री जलस्तर में बढ़ोतरी का नुकसान अभी तक सबसे पहले और सबसे ज्यादा असर उन देशों पर पड़ रहा है, जिनका उत्सर्जन योगदान नगण्य है। जबकि उन देशों के पास संसाधनों की भारी कमी है। गौरतलब है कि प्रशांत महासागर के बहुतेरे छोटे द्वीपों में जलस्तर बढ़ने की दर वैश्विक औसत से दोगुणी से भी ज्यादा है। देखा जाये तो ढाका, मुंबई, कोलकाता जैसे निचले डेल्टा शहरों में 1.4 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन और आजीविका पर प्रत्यक्ष भयंकर खतरा मंडरा रहा है। इससे मियामी, न्यूयार्क, गुआंगझू जैसे तटीय महानगरों को खरबों डालर का वित्तीय नुकसान सहना पड़ेगा। इसमें दो राय नहीं। मौजूदा दौर में दुनिया की लगभग दस फीसदी आबादी यानी करीब 77 करोड़ लोग समुद्र रेखा से पांच मीटर से भी कम ऊंचाई पर रहते हैं। यह बेहद खतरनाक स्तर है। यह भी कि समुद्र की आक्रामक लहरें आसपास की उपजाऊ कृषि भूमि और पीने के मीठे पानी के कुंओं को खारा बना रही हैं। इससे समुद्र तटीय बुनियादी ढांचे को अब तक लगभग 1.8 खरब डालर से भी अधिक का नुकसान पहुंच चुका है। यही स्थिति रही तो दुनिया को हर साल 1.4 खरब डालर का नुकसान उठाना पड़ेगा। फिर समुद्र का बढ़ता तापमान और जलस्तर बढ़ने के साथ उसकी परतों की संरचना बदल रही है, जिससे ज्वार-भाटे की तीव्रता और ऊंचाई प्रभावित हो रही है। इससे तटीय इलाकों पर बाढ़ और कटाव का खतरा बढ़ सकता है। गौरतलब है कि ज्वार-भाटा तटीय रेखाओं और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र को आकार देते हैं। इसके साथ-साथ वे तटीय समुदायों को भी खासा प्रभावित करते हैं।

> जलवायु परिवर्तन से धरती की आकृति में बदलाव का खतरा बढ़ता जा रहा है। इससे न केवल समुद्र के तापमान का स्तर बढ़ रहा है और मौसम में अनियमितता आ रही है, बल्कि इससे हमारे ग्रह के आकार में भी बदलाव आने की आशंका बलवती हो रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण समुद्र का बढ़ता जलस्तर केवल पर्यावरण की ही समस्या नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और अर्थव्यस्था के लिए भी गहरा संकट है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट की मानें तो आने वाले दिनों में विषैली गैसों का उत्सर्जन यदि इसी प्रकार जारी रहा तो इस बात की प्रबल आशंका है कि वर्ष 2100 तक समुद्री जलस्तर दो मीटर तक और ऊपर उठकर विशाल तटीय भूभाग को जलमग्न कर देगा।



इसलिए जलवायु परिवर्तन के कारण महासागरीय बदलावों के बीच यह सवाल भी महत्वपूर्ण हो गया है कि बदलती समुद्री परिस्थितियां ज्वार-भाटे के स्वरूप को किस तरह प्रभावित कर रही हैं। हकीकत तो यह है कि वर्ष 1970 से लेकर 2020 तक छोटे द्वीपीय विकास शील देशों ने अबतक कुल मिलाकर जलवायु आपदाओं के चलते 153 अरब डालर का नुकसान उठाया है। दुनिया के वैज्ञानिक तो तकरीबन एक दशक से भी पहले यह चेतावनी दे चुके हैं कि जलवायु परिवर्तन से अंटार्कटिका के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचने पर ग्लेशियर और तेजी से पिघलेंगे। फिर वहां बर्फ की परतें पहले की अपेक्षाकृत अधिक तेजी से पिघलने लगी हैं जो ज्यादा घातक साबित होंगीं। इससे अधिक कटाव और क्षरण होगा। पिघलते ग्लेशियरों के इस क्षरण से घाटियां और ज्यादा गहरी हो जाएंगीं और समुद्रों में अपेक्षाकृत और ज्यादा गाद जमा होगी। तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर अपने प्रवाह मार्ग की घाटियों और महाद्वीपीय मैदानी क्षेत्रों में अधिक गाद इकट्ठा कर देते हैं। इससे पेयजल की उपलब्धता प्रभावित होती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ध्रुवीय और महाद्वीपीय इलाकों का जहां मिलन होता है, वह संधिक्षेत्र जैव विविधता के लिहाज से बेहद संपन्न है। अगर पानी में ज्यादा गाद जमा होगी तो इसका सीधा दुष्प्रभाव जलीय जीवों के पारिस्थितिक तंत्र पर पड़ेगा। यूनिवर्सिटी आफ ब्रिटिश कोलंबिया के प्रोफेसर और शोध प्रमुख मिशेल कोप्पस का कहना है कि हम लोगों ने पाया है कि अंटार्कटिका के ग्लेशियरों की तुलना में पेंटागोनिया के ग्लेशियर 100 से एक हजार गुणा तेजी से क्षरित हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि गर्म तापमान और बर्फ के पिघलने के कारण ग्लेशियर के आधार में अधिक फिसलन बनी जिससे उनका तेजी से क्षरण हुआ। इससे पृथ्वी के आकार में बदलाव की संभावनओं को नकारा नहीं जा सकता। फिर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि धरती को इंसानों और दूसरे जीवों के रहने लायक बनाए रखने वाली प्राकृतिक व्यवस्थाओं पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि धरती की सेहत को मापने वाली नौ अहम सीमाओं में से सात को इंसानी कारगुजारियों ने लांघ दिया है। दरअसल, इसमें जलवायु परिवर्तन, जैव मंडल में, भूमि के उपयोग में, मीठे पानी और जैव भूरासायनिक प्रवाह में बदलाव, नए मानव निर्मित पदार्थों का पर्यावरण में प्रवेश और समुद्र के अम्लीकरण की अहम भूमिका है। इसका नकारात्मक प्रभाव जंगलों और समुद्री पारिस्थितिकीय तंत्र पर पड़ा है। जाहिर है कि इससे जंगलों और समुद्रों पर खतरा और गहरा गया है। जिन सीमाओं को इंसान लांघ रहा है, उन्हें 'प्लैनेटरी बाउंड्री' कहा जाता है। ये ऐसी सुरक्षित सीमाएं हैं जिनके अंदर रहकर धरती का पर्यावरण स्थिर और जीवन के लिए अनुकूल बना रह सकता है। जब इंसानी गतिविधियों से यह सीमाएं तोड़ी जाने लगती हैं, तब जलवायु, पानी, जंगल, समुद्र और जीव-जंतुओं पर खतरा बढ़ जाता है। इसका खुलासा जर्मनी की पोट्सडैम इंस्टीट्यूट आफ क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च की प्लेनेटरी हैल्थ चेक की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट का संदेश गंभीर है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि धरती तुरंत खत्म हो जाएगी। इस बाबत वैज्ञानिकों का मानना है कि लांघ गई सीमाओं को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए अभी भी कार्रवाई की गुंजाइश मौजूद है। सभी प्लेनेटरी बाउंड्री को सुरक्षित दायरे में लाने के लिए तेज कदम उठाने जरूरी हैं। धरती की स्थिरता और प्राकृतिक क्षमता को बचाने के लिए तत्काल प्रयास किए जाने चाहिए। इनमें जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना होगा और दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ना होगा।

(लेखक पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



आर्थिक मोर्चे पर विकास के सकारात्मक संकेत

विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद दुनिया भर की रेटिंग संस्थाओं ने भारतीय अर्थ व्यवस्था को गतिमान स्वीकार करते हुए वैश्विक औसत से लगभग दो गुणी विकास दर रहने की संभावना जताई है। यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि वैश्विक परिस्थितियों में कहीं और किसी तरह का सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। ईरान-अमेरिका युद्ध हो या रशिया-यूक्रेन युद्ध हो या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तानाशाही पूर्ण तुगलकी निर्णय हों या कच्चे तेल के भावों में बेतहाशा बढ़ोतरी और होर्मुज का संकट, हालात समूचे विश्व में विकट से विकटतर बने हुए हैं। अब फ्रांस के हालात भी बिगड़ते जा रहे हैं तो उसका असर जहां यूरोप में दिखाई देगा, वहीं भारत में भी हालात को प्रभावित करने के कतिपय प्रयास जारी हैं। अच्छी बात यह है कि देश-दुनिया के गंभीर हालातों के बावजूद आर्थिक क्षेत्र की दुनिया की लगभग सभी रेटिंग संस्थाओं ने इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ रेट को लेकर आशा से भी अधिक विश्वास जताया है। इनकी मानें तो 2026 की वैश्विक औसत आर्थिक विकास दर 3.1 फीसदी रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वहीं भारत के आर्थिक परिणामों को देखते हुए जुलाई की तुलना में अक्टूबर आते-आते ग्रोथ को 6.9 से लेकर 7.1 रहने की उम्मीद जताई है। खास बात यह है कि किसी भी संस्था ने जुलाई की रेटिंग की तुलना में नकारात्मक ग्रोथ नहीं दिखाकर ग्रोथ रेट में इजाफा ही जाहिर किया है। दरअसल, देश में मांग और आपूर्ति से लेकर निर्यात तक में लगातार विकास देखा जा रहा है। देश में मांग और आपूर्ति के बेहतर हालात हैं तो निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। यह भी तब जब वैश्विक मांग कमजोर देखी जा रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे सकारात्मक बात यह है कि एमएसएमई सेक्टर में लगातार अच्छा काम हो रहा है तो दूसरी ओर सर्विस सेक्टर में तो एक तरह से लगातार उछाल ही आ रहा है। कच्चे तेल के भावों में तो जैसे आग ही लग रही है और उपलब्धता को लेकर भी लाख झंझट के बावजूद इकोनॉमी को बूस्टअप रखने में खास बाधा नहीं आ रही है। देश में देसी-विदेशी निवेश में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। महंगाई के बावजूद बाजार में मांग बरकरार है। बाजार में मांग से यह साफ है कि लोगों की क्रय शक्ति बनी हुई है। सर्विस सेक्टर में टूरिज्म, बैंकिंग, आईटी, और इसी तरह के अन्य क्षेत्र उल्लेखनीय परिणाम दे रहे हैं। नवंबर में दीपावली के त्योहार के चलते बाजार और अधिक गतिशील हो जाएगा क्योंकि दीपावली पर बाजार में तेजी आती ही है। जानकारों की मानें तो नवंबर माह में दीपावली पर 7 लाख करोड़ का कारोबार अनुमानित किया जा रहा है। यह पिछली दीपावली की तुलना में 15 से 18 प्रतिशत तक अधिक रहने की संभावना है। इसी तरह सेवा क्षेत्र में भी अच्छी ग्रोथ जारी रहने का अनुमान है। इसके अलावा विपरीत हालातों के बावजूद निर्यात में लगातार बढ़ोतरी जारी है। देश की इकोनोमिक ग्रोथ के कारण देसी-विदेशी निवेश के बेहतर हालात दिखाई दे रहे हैं। यही कारण है कि चाहे आईएमएफ हो या मूडीज, ओईसीडी हो या वर्ल्ड बैंक, एशियन डब्लपमेंट बैंक हो या एसएंडपी या फिच सभी ने भारत की इकोनॉमी की ग्रोथ को लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं। भारत का आरबीआई का आंकलन तो पहले से ही सबके सामने हैं। एकमात्र फिच रेटिंग संस्था ऐसी है जिसने इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ रेट 6.9 प्रतिशत आंकी है जोकि पूर्व की फिच की ही पूर्व की रेटिंग 6.5 प्रतिशत से ही अधिक है। मूडीज सहित कुछ रेटिंग संस्थाएं जहां अब 7 प्रतिशत विकास दर आंक रही हैं तो वर्ल्ड बैंक, ओईसीडी आदि संस्थाओं को भरोसा है कि भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत से अधिक यानी की 7.1 प्रतिशत रहने की संभावना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नित नए निर्णयों से दुनिया की अर्थ व्यवस्था पर पड़ रहे असर, युद्ध और तनाव के हालातों में सुधार नहीं होने, होर्मुज जैसी समस्या का समाधान नहीं होने, वैश्विक राजनीतिक अस्थिरता के दौर के बावजूद एक ही सधी हुई नीति का ही परिणाम है कि देश की अर्थ व्यवस्था विकास की गति को न केवल बनाए हुए हैं अपितु उसके विकास का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। जहां घरेलू मांग में कमी नहीं आई है, वहीं निवेश का बेहतर माहौल बना हुआ है। एमएसएमई को उत्पादन लिंक प्रोत्साहन योजना का लाभ सीधे इकोनॉमी का मिल रहा है, वहीं रणनीतिक क्षेत्रों सेमीकंडक्टर, डिफेंस, इलेक्ट्रोनिक्स, आईटी आदि आदि क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जा रहा है। यही कारण है कि आज इंडियन इकोनोमी और उसकी ग्रोथ पर वैश्विक रेटिंग संस्थाएं अपना विश्वास व्यक्त कर रही हैं।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हम जो भी करेंगे वह कर्म है



संकलित

दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है । जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का प्यार



संकलित

प्रेरणा

राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न चारों भाइयों के बचपन का एक प्रसंग है! जब ये लोग खेलते थे तो लक्ष्मण राम की तरफ उनके पीछे होता था और सामने वाले पाले में भरत और शत्रुघ्न होते थे। तब लक्ष्मण हमेशा भरत को बोलते कि राम भैया सबसे ज्यादा मुझे प्यार करते है तभी वो हर बार अपने पाले में अपने साथ मुझे रखते है। लेकिन भरत कहते नहीं कि राम भैया सबसे ज्यादा मुझे प्यार करते है तभी वो मुझे सामने वाले पाले में रखते है ताकि हर पल उनकी नजरें मेरे ऊपर रहे, वो मुझे हर पल देख पाएं क्योंकि साथ वाले को देखने के लिए तो उनको मुड़ना पड़ेगा। फिर जब भरत गेंद को राम की तरफ उछालते तो राम जानबूझ कर गेंद को छोड़ देते और हार जाते, फिर नगर में उपहार और मिठाइयां बांट कर खुशी मनाते। सभी पूछते राम जी आप तो हार गए फिर आप इतने खुश क्यों है, राम बोलते मेरा भरत जीत गया। फिर लोग सोचते जब हारने वाला इतना कुछ बांट रहा है तो जीतने वाला भाई तो पता नहीं क्या, क्या देगा? लोग भरत के पास जाते हैं लेकिन ये क्या भरत तो लंबेः लंबे आंसू बहाते हुए रो रहे हैं। लोगों ने पूछाः भरत जी आप तो जीत गए हैं, फिर आप क्यों रो रहे है? भरत बोलेः देखिए मेरी कैसी विडंबना है, मैं जब भी अपने प्रभु के सामने होता हूँ तभी जीत जाता हूँ। मैं उनसे जीतना नहीं मैं उनको अपना सब कुछ हारना चाहता हूँ। मैं खुद को हार कर उनको जीतना चाहता हूँ।

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव



हिमाचल के कुल्लू में अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान, स्थानीय देवी-देवताओं की पालकियों को उठाए हुए भक्त

आज की पाती

लोकतंत्र में असहमति को स्थान है, अराजकता को नहीं

नीट परीक्षा आंदोलन में धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र के बाद एसआईआर आंदोलन की आड़ में जिस प्रकार अराजकता फैलाई जा रही है, वो पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। किसी भी विषय पर मत भिन्नता हो सकती है, उस पर रचनात्मक आंदोलन भी हो सकता है, लेकिन आंदोलन की आड़ में अराजकता को कोई स्थान नहीं है। जन आंदोलन वही सफल होते हैं जिनमें जनता की सहभागिता हो। लेकिन इस आंदोलन में जन सहभागिता नहीं दिख रही। इसी लोकतांत्रिक ढांचे में रिजिम चेंज करने की बात कह कर आंदोलनकारी यह सोच रहे हैं कि उन्हें जन समर्थन मिलेगा, तो वो गलतफहमी में हैं। लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन का रास्ता हमारे उसी संविधान में अंकित है, जिस संविधान को हाथ में लेकर राहुल गांधी घूमते हैं। - *वेद प्रकाश पांडे, रोहतक*

ट्रेंड

शासन का स्वरूप



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल तकनीक शासन के स्वरूप को तेजी से बदल रहे है। हमें अपने लोक सेवकों को इन बदलावों के अनुरूप ढलने के लिए सशक्त बनाने हेतु तैयार रहना चाहिए -**योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

एशियन पैरा गेम्स



एशियन पैरा गेम्स 2026 में महिलाओं के डबल्स एसएल 3-एसयू 5 बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने पर थुलसिमथी मुरुगेसन और मानसी जोशी को हार्दिक बधाई! उनके बेहतरीन टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और खेल कौशल ने देश को गौरवान्वित किया है!
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग



मध्य प्रदेश में मछली पालन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के साथ जोड़ा जाएगा; एकीकृत मत्स्य उद्योगों को एमएसएमई ढांचे के तहत प्रोत्साहन और सहायता मिलेगी और जमीन के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।
- **डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मध्यप्रदेश

जीतने की साजिश



बीजेपी, अपनी आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए, अधिकारियों और स्कूल-कॉलेज प्रशासकों पर दबाव डालकर शिक्षक-स्नातक विधान परिषद चुनावों को अवैध तरीके से जीतने की साजिश रच रही है। इन सभी लोगों के वीडियो बनाए जाएंगे और इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

करंट अफेयर

पाकिस्तान का लाहौर दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर

पाकिस्तान का लाहौर शुक्रवार को दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर रहा। एक वायु गुणवत्ता निगरानी मंच के अनुसार, शहर में वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 410 दर्ज किया गया। एक्यूआई वायु प्रदूषण मापने का संख्यात्मक पैमाना है। इसका स्तर जितना अधिक होता है, हवा की गुणवत्ता उतनी ही खराब होती है और स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ जाते हैं। स्विट्जरलैंड के निगरानी मंच आईक्यूएयर के पैमाने के अनुसार, 300 से अधिक एक्यूआई को 'खतरनाक' श्रेणी में रखा जाता है। आईक्यूएयर की रिपोर्ट के अनुसार, लाहौर में पीएम2.5 प्रदूषकों की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वार्षिक दिशानिर्देश मूल्य से 45.2 गुना अधिक थी। पीएम2.5 का मतलब 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले बारीक कणों से है। ये कण फेफड़ों में गहराई तक पहुंच सकते हैं और रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इनके लंबे समय तक संपर्क में रहने से स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। पंजाब प्रांत की सरकार के अनुसार, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लाहौर और अन्य हिस्सों में हर साल अक्टूबर से फरवरी के बीच धुंध छाने की समस्या रहती है।



ऑफ बीट

दुनिया की सभी प्रवाल भित्तियां 50 साल में हो जाएंगी नष्ट

दुनिया की लगभग सभी प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ) के अगले 50 वर्षों में नष्ट होने का गंभीर खतरा है। आकलन में कहा गया है कि उथले पानी में मौजूद 96 प्रतिशत प्रवाल भित्तियां पहले से ही गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं और वर्ष 2075 तक गायब हो सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया की ग्रेट बैरियर रीफ, पश्चिमी प्रशांत महासागर और दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित कोरल ट्रायंगल, मेसोअमेरिकन बैरियर रीफ प्रणाली और लाल सागर की प्रवाल भित्तियां सहित दुनिया की कई प्रसिद्ध प्रवाल भित्तियां गंभीर रूप से संकटग्रस्त हैं। यह खतरे का सबसे गंभीर स्तर है। आईयूसीएन की प्रवाल भित्ति पारिस्थितिकी प्रणालियों की 'ग्लोबल रेड लिस्ट' के इस आकलन का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिक मिशाल गुडका ने कहा, 'प्रवाल भित्तियों के नष्ट होने का खतरा बढ़ रहा है, लेकिन इसे निराशा का कारण बनाने के बजाय खतरे की चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'प्रवाल भित्तियों ने बड़े पैमाने पर हानिकारक विरंजन (ब्लीचिंग) जैसी विनाशकारी घटनाओं के बाद भी उल्लेखनीय रूप से उबरने की क्षमता दिखाई है। भविष्य में भी कुछ स्थानों पर ऐसी प्रवाल भित्तियां बची रह सकती हैं, जो प्रतिकूल परिस्थितियों को सहने में सक्षम हों।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

जीआई टैग उत्पादों से कृषि नवाचार तक, समृद्ध मप्र की झलक दिखाएगा स्थापना दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृषि प्रधान मध्य प्रदेश की पहचान अब केवल खेतों में लहलहाती फसलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां के विशिष्ट कृषि उत्पाद देश-विदेश में अपनी पहचान बना रहे हैं। जीआई टैग से मिली विशिष्ट पहचान, खेती में आधुनिक तकनीक का बढ़ता इस्तेमाल और किसानों की सफलता की कहानियां इस बार मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश की कृषि समृद्धि का नया चेहरा पेश करेंगी। मप्र सरकार द्वारा 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है, जिसकी मुख्य थीम 'समृद्ध किसान, समृद्ध मध्य प्रदेश' इसी को ध्यान में रखते हुए तीन दिवसीय समारोह में कृषि उत्पादन से लेकर फूड प्रोसेसिंग और नवाचार तक की विकास यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा।

लाल परेड मैदान में 1 से 3 नवंबर तक सजेगा कृषि और तकनीक का मंच

अलग खबर

सजेगी सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर के गीतों की शाम

जीआई टैग उत्पादों से मिलेगी प्रदेश को पहचान



समारोह में उद्यानिकी विभाग की ओर से मप्र के जीआई टैग प्राप्त विशिष्ट उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। इनमें रीवा का सुंदरजा आम, सहित कुम्भराज धनिया गुना, बरमान घाट का बैंगन, गजरिया आम बैतूल, नूरजहां आम आलीराजपुर सहित वर्ष 2026 मार्च में 12 जीआई टैग प्राप्त उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

सांस्कृतिक संध्या में मोनाली देंगी प्रस्तुति



वहीं समारोह के पहले दिन, एक नवंबर को संस्कृति विभाग की ओर से विशेष सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें प्रसिद्ध गायिका मोनाली ठाकुर अपनी सुरीली आवाज और लोकप्रिय गीतों से आयोजन में संगीत का रंग घोलेंगी।

कृषि आधारित उद्यमों की संभावनाओं से कराया जाएगा रूबरू

भोपाल के लाल परेड मैदान में 1 से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस समारोह में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए हजारों की संख्या में किसान, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल होंगे। प्रदर्शनियों, कार्यशालाओं और सेमिनार के माध्यम से उन्हें कृषि की आधुनिक तकनीकों, उत्पादन बढ़ाने के तरीकों और कृषि आधारित उद्यमों की संभावनाओं से रूबरू कराया जाएगा। आयोजन में एलईडी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में हुए नवाचारों को प्रदर्शित करने के साथ सफल किसानों की प्रेरक कहानियां भी साझा की जाएंगी।

कृषि की तकनीकों और फूड प्रोसेसिंग से कराया जाएगा परिचित

उद्यानिकी विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर आशीष कुमार ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में विभाग प्रदेश के जीआई टैग प्राप्त उत्पादों को प्रदर्शित करेगा। आयोजन में युवा और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्हें कृषि की विभिन्न तकनीकों और फूड प्रोसेसिंग की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए प्रदर्शनी, कार्यशालाओं, सेमिनार और एलईडी प्रस्तुतियों का सहारा लिया जाएगा।

खबर संक्षेप



'थ्रेड ऑफ एमपी' फैशन शो में मिस इंडिया एमपी धनश्री होंगी शो स्टॉपर

भोपाल। फैशन और डिजाइनिंग की दुनिया से जुड़ा आयोजन 'थ्रेड ऑफ एमपी' फैशन शो शनिवार को आयोजित किया जाएगा। नर्मदापुरम रोड स्थित सेलेस्टियल पार्क होटल में होने वाले इस शो में डिजाइनर सीमा विश्वकर्मा का आकर्षक कलेक्शन प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें मध्यप्रदेश का चंदेरी, महेश्वरी और बाग प्रिंट से तैयार ड्रेस प्रदर्शित की जाएगी। कार्यक्रम में फेमिना मिस इंडिया मध्यप्रदेश धनश्री चौहान शो स्टॉपर के रूप में रैंप पर उतरेंगी। शो का आयोजन शाम 4 बजे से होगा। इसमें फैशन, डिजाइनिंग और ग्लैमर जगत से जुड़े लोगों की मौजूदगी रहेगी। डिजाइनर सीमा विश्वकर्मा अपने कलेक्शन के माध्यम से परिधानों की खास डिजाइन, रचनात्मकता और फैशन के नए अंदाज को प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम में एक्सीलेंसी टाइम एंटरटेनमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर हरिओम जटिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 'थ्रेड ऑफ एमपी' के जरिए भोपाल में फैशन और ग्लैमर की दुनिया से जुड़े नए प्रयोगों को सामने लाने की तैयारी है।

आज रवींद्र भवन में सजेगी 'अनमोल यादें' की संगीतमय शाम

भोपाल। हिंदी सिनेमा के महान गायक मोहम्मद रफी, मुकेश, किशोर कुमार और गायिकाओं लता मंगेशकर व आशा भोसले के सदाबहार गीतों को समर्पित कार्यक्रम 'अनमोल यादें' का आयोजन 24 अक्टूबर होगा। एंजल म्यूजिक ग्रुप और देवोत्तर सेवा संस्था की ओर से शाम 6 बजे से रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में होने वाले इस कार्यक्रम में 30 से अधिक एकल और युगल गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक इंजीनियर आशु निर्देशक असीम कुमार दुबे और विपिन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुंबई के गायक ओम चतुर्वेदी विशेष रूप से शामिल होंगे। इनके अलावा भोपाल के गायक आशु खान, विपिन शर्मा, यश अग्रवाल, मनोहर छाबरिया, विवेक शर्मा, सुनील सोनहिया, डा. शेफाली भटनागर और फाल्गुनी पुरोहित भी प्रस्तुति देंगे।

अशोक शाह की दो पुस्तकों पर साहित्यिक चर्चा आज

भोपाल। वरिष्ठ कवि एवं आईएएस अधिकारी अशोक शाह की दो पुस्तकों 'सिंधु घाटी सभ्यता का एक दिन' और कविता संग्रह 'उसी मोड़ पर' का लोकार्पण एवं चर्चा शनिवार, 24 अक्टूबर को शाम 4:30 बजे अरेरा क्लब में होगी। खुशबू एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि राजेश जोशी करेंगे। उर्मिला शिरीष और मुकेश वर्मा आयोजन के मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान रामप्रकाश त्रिपाठी, इकबाल मसूद, बलराम गुमास्ता, महमूद मलिक, डॉ. मेहताब आलम, विनय उपाध्याय और वाजिद खान पुस्तकों पर विचार रखेंगे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शायर बद्र वास्ती करेंगे।

मप्र जनजातीय संग्रहालय में पुतुल समारोह में कठपुतली प्रदर्शन के साथ शिविर और प्रदर्शनी

भक्ति, विरह और प्रेम के भावों से सजी मणिपुरी महा रासलीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीकृष्ण और गोपियों के प्रेम, विरह और भक्ति को भावपूर्ण ढंग से दर्शाती मणिपुरी महा रासलीला। महाराजा भाग्यचंद्र सिंह द्वारा श्रीमद्भागवत के रास-पंचाध्यायी से प्रेरित 'एक गोपी, एक श्याम' नृत्य में श्रीकृष्ण की बांसुरी की मधुर धुन पर गोपियों का यमुना तट पर एकत्र होना, विरह की अनुभूति और अंततः श्रीकृष्ण के साथ रास नृत्य का मनोहारी चित्रण प्रस्तुत करती कठपुतली कला ने दर्शकों को बरबस ही अपनी ओर खींच लिया। धागा शैली में नट संकीर्तन एवं एक गोपी, एक श्याम- रासलीला का मंचन जी. बसंत शर्मा एवं साथी, मणिपुर द्वारा जनजातीय संग्रहालय में आयोजित पुतुल समारोह में देखने को मिला। प्रस्तुति के दौरान 20 से अधिक पारंपरिक नृत्य शैलियों का प्रयोग किया गया, जिसने मणिपुरी नृत्य परंपरा की आध्यात्मिकता, संगीत की मधुरता और सांस्कृतिक समृद्धि को जीवंत कर दिया।





संगीत, गायन और आध्यात्मिक समर्पण का प्रतीक 'नट संकीर्तन'

प्रस्तुति में बताया कि मणिपुरी श्रीकृष्ण लीला में नट संकीर्तन को शुभारंभ के रूप में विशेष स्थान प्राप्त है। भगवान विष्णु की भक्ति और भागवत परंपरा से जुड़ा यह संकीर्तन संगीत, गायन और आध्यात्मिक समर्पण का प्रतीक है। श्रीकृष्ण लीला के मंचन से पूर्व इसकी प्रस्तुति वातावरण को भक्तिमय बनाती है। यह प्रस्तुति मणिपुरी नृत्य परंपरा की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाती है।



100 से अधिक भारतीय एवं विदेशी कठपुतलियां हुईं प्रदर्शित

समारोह में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र-नई दिल्ली और डॉल्स थिएटर-कोलकाता द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का भी संयोजन किया गया है, जिसमें 100 से अधिक भारतीय एवं विदेशी कठपुतलियों को प्रदर्शित किया गया है।



कठपुतली कला की रोचक दुनिया से परिचित हुए बच्चे

वहीं दूसरी ओर पुतलियों के निर्माण एवं प्रदर्शन तकनीक आधारित शिविर का आयोजन भी संग्रहालय परिसर में किया गया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चे कठपुतली कला की रोचक दुनिया से परिचित हो सकें और स्वयं अपने हाथों से कठपुतलियां बनाने का अनुभव प्राप्त कर सकें। विभिन्न सामग्रियों के उपयोग से कठपुतलियों के पात्रों को आकार देने, उनके हाव-भाव और गतिविधियों को समझने तथा उनके माध्यम से छोटी-छोटी कहानियां प्रस्तुत करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य बच्चों में सृजनात्मकता, अभिव्यक्ति और सहभागिता को बढ़ावा देने के साथ ही पारंपरिक कठपुतली कला के प्रति रुचि विकसित करना है।





अन्य कलाओं की तरह इंडिपेंडेंट सिनेमा को भी मिले मंच और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समय आ गया है कि अन्य कलाओं की तरह भोपाल में भी इंडिपेंडेंट सिनेमा को मंच, मान और प्रोत्साहन मिले। यहां ऐसी कम्युनिटी तैयार करने की जरूरत है, जहां फिल्म देखने, बनाने और नई तकनीक के प्रयोगों को लेकर पहल हो। यह बात फिल्मकार और लेखक सुदीप सोहनी ने शुक्रवार शाम आलियांस फ्रांसेस में क्लब लिटराटी की ओर से आयोजित 'सिने टॉक- द अनस्क्रिप्टेड फ्रेम' में कही। नृत्य गुरु डॉ. मंजू मणि हतवलने से बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी सिने यात्रा, बच्चों के सिनेमा, यूरोप में फिल्मों के प्रदर्शन के अनुभव और स्वतंत्र सिनेमा की चुनौतियों पर विचार साझा किए।

> क्लब लिटराटी के 'सिने टॉक' में फिल्मकार सुदीप सोहनी ने साझा किए सिनेमा के अनुभव

सुदीप ने कहा कि दुनिया भर में सिनेमा को लेकर नए प्रयोग हो रहे हैं और भारतीय क्षेत्रीय फिल्मों को भी दर्शकों का उत्साहपूर्ण साथ मिल रहा है। जर्मनी में अपनी फिल्म के प्रदर्शन का अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि वहां फिल्म देखने के बाद दर्शकों की बातचीत और सवालों में गहरी दिलचस्पी दिखाई दी। न्यूयॉर्क से आए एक फिल्म छात्र ने भी उनसे लंबा इंटरव्यू किया। इसी तरह देहरादून में उनकी फिल्म 'जग्गू और मागाहारी' को देखने के लिए दर्शकों में खासा उत्साह रहा। उन्होंने कहा कि भोपाल के सांस्कृतिक आयोजनों में भी स्वतंत्र फिल्मकारों को अन्य कलाओं के साथ प्रतिनिधित्व का अवसर मिलना चाहिए।

आइडिया और ईमानदारी है फिल्म की असली ताकत

अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्मों 'तनिष्का' और 'यादों में गणगौर' पर चर्चा करते हुए सुदीप ने कहा कि फिल्म निर्माण में उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण विचार और प्रक्रिया के प्रति ईमानदारी है। तकनीकी कमियां होने के बावजूद यदि प्रयास सच्चा है, तो वह दर्शकों तक पहुंचता है। फिल्म निर्माण में कोई भी चालाकी काम नहीं आती। इस दौरान डॉ. मंजू मणि हतवलने ने 'तनिष्का' की शूटिंग के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि फिल्म का निर्माण तीन वर्षों में आईफोन और बुनियादी उपकरणों की मदद से किया गया।

भोपाल और कलाओं के सरोकार पर हुई चर्चा

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ कला समीक्षक विनय उपाध्याय ने भोपाल की कला परंपरा और रंगमंच, संगीत, साहित्य व चित्रकला के इतिहास पर संक्षिप्त टिप्पणी के साथ की। उन्होंने शहर में सिनेमा के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों और सुदीप सोहनी की कला यात्रा को भी रेखांकित किया। क्लब लिटराटी की अध्यक्ष डॉ. सीमा रायजादा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन के उद्देश्य पर विचार रखे।

एआई सोशल मीडिया मार्केटिंग पर होंगी पैनल चर्चाएं

आज चौथी भोपाल क्रिएटर समिट, सीएम डॉ. मोहन यादव होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डिजिटल क्रिएटर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से चौथे भोपाल क्रिएटर समिट 2026 का आयोजन 24 अक्टूबर को होटल ताज लेकफ्रंट में किया जाएगा। सुबह 11 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में डिजिटल कंटेंट क्रिएशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सोशल मीडिया मार्केटिंग, पर्यटन और क्रिएटर इकोनॉमी जैसे विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम के मुख्य सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और डिजिटल क्रिएटर्स व सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को सम्मानित करेंगे। समिट में दिनभर विभिन्न विषयों पर पैनल चर्चाएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और मनोरंजन से जुड़े कार्यक्रम होंगे।



क्रिएटर इकोनॉमी और मार्केटिंग पर मंथन

दोपहर के सत्रों में क्रिएटर इकोनॉमी, ब्रांड मोनेटाइजेशन, सोशल मीडिया और एफिलिएट मार्केटिंग जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। छोटे शहरों से बड़े सपने साकार करने वाले क्रिएटर्स के अनुभवों को साझा करने 'स्मॉल सिटी, बिग ड्रीम्स' पैनल आयोजित होगा। शाम को लाइव म्यूजिकल परफॉर्मेंस और स्टैंडअप कॉमेडी शो भी होगा। समिट के अंतिम चरण में क्रिएटर प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया जाएगा।

'नवगुंजरा-एआई के युग में जनसंपर्क' थीम पर होगा तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन

48वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस-2026 का आयोजन 25 से 27 दिसंबर तक भुवनेश्वर में

भोपाल। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा 48वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस-2026 का आयोजन आगामी 25 से 27 दिसंबर तक भुवनेश्वर में किया जाएगा। पीआरएसआई भुवनेश्वर चैप्टर में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की थीम 'नवगुंजरा - एआई के युग में जनसंपर्क' होगी। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक तथा भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने बताया कि सम्मेलन में संस्कृति, जनसंपर्क, मीडिया कौशल विकास, जनसंचार, नैतिकता, उभरता भारत, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रतिष्ठा प्रबंधन और आत्मनिर्भर भारत सहित विभिन्न विषयों पर केंद्रित व्याख्यान एवं विचार-विमर्श आयोजित किए जाएंगे। द्विवेदी ने बताया कि थीम ओडिशा की सांस्कृतिक पहचान नवगुंजरा से प्रेरित है, जो विभिन्न रूपों और तत्वों के एक साथ मिलकर एक समग्र स्वरूप बनाने का प्रतीक है।

परंपरा, संस्कृति और मनोरंजन के रंगों से सजेगी प्री करवा चौथ की शाम

भोपाल। सोलह श्रृंगार, कैटवॉक और डांडिया के साथ भोपाल में 25 अक्टूबर को प्री करवा चौथ सेलिब्रेशन की रंगारंग शाम सजेगी। दिशा ग्रुप की ओर से होटल नंदन पैलेस, होशंगाबाद रोड पर शाम 4 से 8 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम की थीम 'अपनी संस्कृति, अपनी पहचान' रखी गई है। इसमें करवा चौथ क्वीन कॉन्टेस्ट, डांस, मनोरंजक गेम्स और लकी ड्रॉ आकर्षण होंगे।

■ कल नंदन पैलेस में आयोजन

महापौर मालती राय और समाजसेविका संजना कंसाना विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगी। आयोजक डॉ. रश्मि सक्सेना और किरण सांजर के अनुसार, आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच पर जोड़ने के साथ भारतीय परंपराओं को उत्सव के जरिए बढ़ावा देना है।

'नन्ही उड़ान' के स्टॉल पर बच्चों की कलाकृतियों ने जीता दिल, हस्तशिल्प और दिवाली सजावट की हुई जमकर खरीदारी

लोक उत्सव मेले में उमड़ी भीड़, महिला उद्यमियों के चेहरों पर लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिवाली की रौनक, लोक कला के रंग और आत्मनिर्भरता की उम्मीद प्रधान मंडपम, नर्मदापुरम रोड पर आयोजित भोपाल लोक उत्सव हेरिटेज मेले में पहले दिन यही नजारा देखने को मिला।

एनएच-12 क्रिएटिव वुमेन्स क्लब की ओर से आयोजित इस मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने हस्तशिल्प, पारंपरिक सजावटी वस्तुओं और स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी की। त्योहार से पहले मिले इस मंच ने महिला उद्यमियों के चेहरों पर बिक्री की मुस्कान बिखेर दी। मेले का शुभारंभ राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले का खास आकर्षण 'नन्ही उड़ान' स्टॉल रहा, जहां डाउन सिंड्रोम से प्रभावित बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियां, दीये और राखियां प्रदर्शित की गईं।



इन उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया और बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए खरीदारी की। इस पहल ने मेले को कारोबार के साथ संवेदनशीलता और समावेशिता का संदेश देने वाला मंच भी बनाया।

लोक संस्कृति के रंग में दिया नशामुक्ति का संदेश

मेले में लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, क्लब की ओर से मंच के माध्यम से नशामुक्त समाज का संदेश भी दिया गया। दूसरे दिन एडीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान और मध्य प्रदेश महिला आयोग के सचिव सुरेश तोमर अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भी विभिन्न स्टॉलों पर खरीदारी की। क्लब की अध्यक्ष अंशु गुप्ता ने बताया कि मेले का उद्देश्य स्थानीय महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए मंच उपलब्ध कराना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समावेशी समाज की भावना को बढ़ावा देना है।



'एक पेड़ मां के नाम' संकल्प के साथ 1,000 पौधों का रोपण

भोपाल। अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा नीलबड़-रातीबड़ रोड पर 'एक पेड़ मां के नाम' संकल्प के साथ 1,000 पौधों का रोपण किया गया। संस्था की अध्यक्ष माही शर्मा भजनी ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजगोपाल, भोपाल जिलाध्यक्ष रवींद्र यति एवं औबेदुल्लागंज नगर परिषद की उपाध्यक्ष नमिता अग्रवाल अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

■ अनुनय एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी का आयोजन

'हिन्दी सेवी सम्मान समारोह' कल

भोपाल। मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का वार्षिक आयोजन 'हिन्दी सेवी सम्मान समारोह' रविवार को सुबह 11 बजे से हिन्दी भवन में होने जा रहा है। कार्यक्रम में हिन्दीतर भाषी हिन्दी सेवियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही साहित्य की विभिन्न विधाओं के रचनाकारों को भी सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे। समिति के मंत्री संचालक डॉ. विकास दवे ने बताया कि मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल कप्तानसिंह सोलंकी होंगे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद आलोक शर्मा तथा विधायक भगवानदास सबनानी होंगे। इस अवसर पर तेलुगु भाषी के. दुर्गा, मलयालम सुनील प्रकाश एल.एस. मराठी ए. औरंगाबादकर, तेलुगु के. तेजेश्वर राव, बांग्ला चिरंजीव बेनर्जी तथा उर्दू सालिम सफदर को सम्मानित किया जाएगा।

जगदलपुर लालबाग मैदान में बस्तर दशहरा महोत्सव-2026 में बोलीं राष्ट्रपति

माओवादी हिंसा का दर्द पीछे छोड़कर और नक्सलवाद से मुक्त होकर विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़, विकसित भारत के लिए सहयोग करें

एजेंसी ▶▶ जगदलपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के खतरे से मुक्त हुआ है और माओवादी हिंसा का दर्द पीछे छोड़कर अब तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है।



जगदलपुर लालबाग मैदान में बस्तर दशहरा महोत्सव के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि आदिवासी युवा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे।

आदिवासी समुदायों ने भी रावण को हराने में योगदान दिया

रामायण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि केवल वानर सेना और ऋषि-मुनियों ने ही नहीं, बल्कि मेरा मानना है कि जंगलों में रहने वाले आदिवासी समुदायों ने भी रावण को हराने में योगदान दिया था। युवा देश को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाएंगे।

आदिवासी युवाओं से आह्वानः विकास में आगे आएं



संबोधन के पहले लोगों का अभिवादन करतीं राष्ट्रपति

आज विकास के कई रास्ते खुले

राष्ट्रपति ने कहा कि नक्सली हिंसा का दर्द पीछे छोड़कर छत्तीसगढ़ तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के सामने विकास के कई रास्ते खुल रहे हैं। मैं केंद्र और राज्य सरकार को बधाई देती हूं। मुझे बताया गया है कि आदिवासी उद्यमियों को वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराने और उन्हें बाजारों से जोड़ने के प्रयास तेज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि इन प्रयासों से समान विकास के जरिए 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रपति ने पेड़-पौधों को 'जीवित देवता' बताया

राष्ट्रपति ने पेड़-पौधों को जीवित देवता बताया और लोगों से वनों की रक्षा करने तथा अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह किया।ये जीवन को बनाए रखने के लिए जरूरी चीजें प्रदान करते हैं। यह बताते हुए कि एक पेड़ को बड़ा होने में कई साल लग जाते हैं, उन्होंने कहा कि लोगों को न केवल पेड़ों की पूजा करनी चाहिए, बल्कि उन्हें लगाने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। जहां कुछ परंपराओं में पत्थरों और मिट्टी की मूर्तियों की पूजा की जाती है, वहीं आदिवासी समुदाय जीवित पेड़-पौधों की पूजा करते हैं, जो जीवन देने वाले हैं। वे हमें पानी, हवा, भोजन और जीवित रहने के लिए जरूरी हर चीज प्रदान करते हैं।

हमें पेड़-पौधों की पूजा करनी चाहिए

उन्होंने कहा कि हमें पेड़-पौधों की पूजा करनी चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी हरी-भरी और समृद्ध बनी रहे। हमें इसे हासिल करने के लिए सामूहिक संकल्प लेना चाहिए। बस्तर क्षेत्र का रामायण से संबंध बताते हुए, मुर्मू ने कहा कि इस इलाके को दंडकारण्य के नाम से भी जाना जाता था और यह भगवान राम के वनवास काल से जुड़ा हुआ है।

खबर संक्षेप

तेलंगाना में क्लोरोफॉर्म रिसाव से 2 की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में एक दवा कंपनी के संयंत्र में क्लोरोफॉर्म गैस के कथित रिसाव के बाद 2 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 4अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक कंपनी के कर्मचारी थे। यह घटना गुरुवार देर रात जीनाराम मंडल में हुई। यह घटना रात करीब 11.30 बजे हुई।



सिंगर दोसांझ के शो को आखिर मिली मंजूरी

नई दिल्ली। दिलजीत दोसांझ के 'ऑरा इंडिया टूर' के तहत 30 अक्टूबर को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में गायक का कॉन्सर्ट होना था, जिसपर दिल्ली पुलिस ने रोक लगा दी थी। अब दिलजीत को दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम की अनुमिति दे दी है। कॉन्सर्ट के लिए बुकमायशो लाइव ने अनुमति मांगी थी।



अदालत ने नेहा की याचिका की खारिज

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आइसा की अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। अदालत ने नेहा की याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताल की धारा 126 और 130 के तहत शांति बनाए रखने के लिए बॉन्ड भरने के लिए जारी किए गए नोटिस को चुनौती देते हुए दायर की गई थी।



कांग्रेस सांसद मसूद पुलिस हिरासत में

नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मिलने पहुंचे कांग्रेस सांसद इमरान मसूद को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मसूद ने कहा हम ऐसे नारे का समर्थन नहीं करते, जो भारत को तोड़ने की बात करता हो।



उत्तरप्रदेश में विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव संपन्न, औसत 55.24% वोटिंग

मंत्री स्वतंत्र देव और सपा प्रमुख अखिलेश ने भी डाला वोट

अमरोहा में सबसे ज्यादा 93.8 फीसदी तो मुरादाबाद में 75.31 प्रतिशत हुआ मतदान

कुल 14.18 लाख मतदाता 152 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में विधान परिषद की 11 सीटों पर चुनाव संपन्न हो गया है। फतेहपुर, फतेहाबाद, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, गोरखपुर समेत कई जिलों में सपा और भाजपा कार्यकर्ताओं में नोकझोंक हुई है। 4 बजे तक 64.24% मतदान हुआ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा के सैफई में वोट डाला। कुल 14.18 लाख मतदाता 152 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

72 जिलों में मतदान हुआ। बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन 2026 में शाम चार बजे तक अमरोहा जिले में सबसे अधिक 93.8 प्रतिशत मतदान हुआ।

मुरादाबाद में 75.31 प्रतिशत, रामपुर में 74.86 प्रतिशत और संभल जिले में 71.80 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अधिकारियों के अनुसार, संभल और अमरोहा में मतदान के आंकड़ों में बदलाव हो सकता है। पोलिंग पार्टियों के अंतिम रिकॉर्ड का मिलान होने के बाद मतदान का अंतिम प्रतिशत स्पष्ट होगा।

प्रदेश के 72 जिलों में डाले गए वोट, 27 को आएंगे नतीजे



मतदान प्रतिशत में वृद्धि संभव

मंत्री स्वतंत्र देव ने सपा को घेरा

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन में जिला परिषद उरई में बने मतदान केंद्र पर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने भाजपा की जीत का दावा करते हुए सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्नातक और शिक्षक निर्वाचन का सदन महत्वपूर्ण है, जहां शिक्षकों और स्नातकों की समस्याओं को उठाकर समाधान कराया जाता है।

भाजपा के गुंडे या फिर भ्रष्ट अधिकारी को आगे किया: अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मैं मतदाताओं से अपील कर रहा हूं वोट से लोकतंत्र बचेगा। भाजपा के लोग निराश हैं। सपा के लोगों को रोकने के लिए भाजपा के गुंडे या भ्रष्ट अधिकारी लगे हैं।



लखनऊ जाकर कर लूंगा इस्लाम कबूलः अग्रवाल

आगरा शिक्षक खंड से सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल ने मतदान के दौरान गड़बड़ी के गंभीर आरोप लगाए। सपा प्रत्याशी फूट-फूटकर रो दिए। उन्होंने कह दिया कि वह लखनऊ की शादी ईदगाह में जाकर धर्म परिवर्तन कर लेंगे। आकाश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि उनके प्रबंधकों और समर्थकों को जबरन उठाया जा रहा है, परेशान किया जा रहा है और उनके साथ बुरा बर्ताव हो रहा है।

मतदान के बीच 4 जगहों पर पक्ष-विपक्ष भिड़े

गोरखपुर में भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं में जोरदार भिड़ंत

इस चुनाव को सत्तारूढ़ भाजपा और सपा के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई के रूप में देखा जा रहा है।गोरखपुर में डीएवी डिग्री कॉलेज में भाजपा और सपा के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस हुई। दोनों ने एक-दूसरे पर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। यह टकराव सपा प्रत्याशी के सामने हुआ।

नेवादा में भाजपा जिलाध्यक्ष और सपा जिला उपाध्यक्ष में नोकझोंक

नेवादा में मतदान केंद्र परिसर में वाहन लाने को लेकर शुरू हुए विवाद से कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। वीडियो में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, सपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के परिसर के अंदर वाहन लाने का विरोध करते दिखाई और सुनाई दे रहे हैं।

औरैया में पीठासीन अधिकारी को धमकाने का आरोप लगाया, धरने पर सपा सांसद

औरैया के अजीतमल में बूथ संख्या 149 और 223 पर तैनात सपा एजेंटों से मारपीट का आरोप लगाते हुए सपा सांसद जितेंद्र दोहरे और जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम धरने पर बैठ गए। सपा जिलाध्यक्ष ने दोनों बूथों पर मारपीट की शिकायत डीएम से की। उधर, एरवाकटरा और बिधूना में भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी हुई।

हरदोई में भाजपा और सपा प्रत्याशी के समर्थक भिड़े हरदोई के कछौना कस्बे में लखनऊ खंड स्नातक एमएलसी चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी अवनीश सिंह और सपा प्रत्याशी कांति सिंह के समर्थकों के बीच नोकझोंक हो गई। फर्जी मतदान के आरोप को लेकर एक पक्ष के अधिवक्ता रविकांत पटेल और दूसरे पक्ष के भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान एक युवक अधिवक्ता की ओर मारपीट करने के लिए झपटा।

कांग्रेस संसदीय मर्यादाओं का उल्लंघन कर अपनी राजनीतिक साख को लगातार कमजोर कर रहीः भाजपा

'फेल्ड प्रोडक्ट' राहुल गांधी को बार- बार लॉन्च करने की जिद में कांग्रेस पार्टीः सुधांशु

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कहा कि राहुल गांधी को बार-बार लॉन्च करने के प्रयासों में कांग्रेस विफल रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस का नेतृत्व सत्ता के लिए देश की संवैधानिक व्यवस्था, भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। त्रिवेदी ने राहुल गांधी के राजनीतिक रिकॉर्ड और कांग्रेस के ऐतिहासिक निर्णयों पर सवाल उठाए। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कांग्रेस से देशहित और संवैधानिक मर्यादाओं के अनुरूप आचरण करने की अपील की।



यूथ कांग्रेस में लोकतंत्रीकरण के नाम पर कुछ नहीं हुआ

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कांग्रेस के भीतर अनेक प्रकार के प्रयोग किए। उन्होंने कहा था कि यूथ कांग्रेस के चुनावों का लोकतंत्रीकरण किया जाएगा। इसके बाद पूरे देश ने देखा कि यूथ कांग्रेस में लोकतंत्रीकरण के नाम पर कुछ नहीं हुआ। वहां केवल भीड़तंत्र और एआई समिट में नग्न प्रदर्शन देखने को मिला। इसके बाद राहुल गांधी ने उन्हें लॉन्च करने के लिए एक और प्रयोग किया। कांग्रेस पार्टी ने कहा कि अब उम्मीदवारों का चयन चुनाव के माध्यम से होगा और पार्टी के भीतर आंतरिक चुनाव कराए जाएंगे लेकिन उनका यह प्रयोग भी विफल हो गया।

कांग्रेस पार्टी की भारतीय धर्म-संस्कृति के प्रति दिल में घृणा

त्रिवेदी ने कहा कि सत्ता से बाहर रहते हुए कांग्रेस पार्टी जल बिन मछली की तरह तड़प रही है। उसके मूल मंत्र सत्ता में लूट, समाज में फूट और भारतीय धर्म-संस्कृति के प्रति दिल में घृणा हैं। इसके ड्राइविंग इंजन और दुर्भाग्य से देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हैं। यह दुर्भाग्य देश से ज्यादा कांग्रेस पार्टी के लिए है। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी इस समय देश से चंपत होकर चंपा में कहीं विचरण कर रहे हैं। चंपा, वियतनाम का प्राचीन नाम है। राहुल गांधी देश और कांग्रेस पार्टी, दोनों के लिए एक पहेली बन चुके हैं।

वंशवादी राजनीति को समाप्त करने का प्रयोग भी विफल

राहुल गांधी ने अगला प्रयोग यह कहकर किया कि वे वंशवादी राजनीति को समाप्त करेंगे। राहुल गांधी को एक स्मार्ट, क्लीन-शेव्ड और विदेश में पढ़े-लिखे युवा नेता के रूप में प्रस्तुत किया गया, लेकिन यह प्रयोग भी विफल रहा। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी को लॉन्च करने के लिए जितने भी प्रयास किए गए, उनसे यह बात उत्तरोत्तर स्पष्ट होती चली गई।

कांग्रेस राष्ट्रविरोधी ताकतों के साथ खड़ी नजर आ रही

अब कांग्रेस एक बेहद खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है, जहां वह राष्ट्र-विरोधी शक्तियों के साथ खड़ी नजर आती है। जब-जब राहुल गांधी विदेश जाते हैं, वे अज्ञात स्थानों पर जाकर संदिग्ध लोगों से मिलते हैं और यहां आकर भारत-विरोधी प्रचार करते हैं।

कारोबारी शिवा की हत्यारोपी

मॉडल श्रद्धा को कोर्ट से बड़ा झटका, जमानत अर्जी खारिज

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में कारोबारी शिवा की हत्यारोपी मॉडल श्रद्धा शुक्ला, उसकी बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। तीनों की जमानत अर्जी प्रभारी सीजेएम आलोक वर्मा ने खारिज कर दी है। अदालत ने कहा है कि अपराध गंभीर प्रकृति का है तथा सत्र न्यायालय द्वारा परीक्षणीय है। लिहाजा जमानत का कोई उचित आधार नहीं है। श्रद्धा की ओर से अधिवक्ता ने सीजेएम कोर्ट में जमानत अर्जी डाली थी।



तीनों आरोपियों को कोर्ट में किया था पेश

तीनों को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यहां तीनों को पुलिस उपायुक्त मध्य अर्पित विजयवर्गीय के सर्विलांस कार्यालय में रखा गया। तीनों को हजरतगंज पुलिस ने पकड़ा था।

थरूर ने दी नई परिभाषा

रिजीम चेंज नहीं... शांतिपूर्ण प्रदर्शन का हक मिला, राय दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के सीनियर नेता शशि थरूर ने चल रहे प्रदर्शनों पर बात की है। इसके अलावा प्रशांत भूषण और नेहा बोरा जैसे लोगों की ओर से रिजीम चेंज की बात करने और फिर कांग्रेस की ओर से भी ऐसा कहने पर जवाब दिया है। थरूर ने कहा कि हमारा संविधान शांतिपूर्ण प्रदर्शनों की अनुमति देता है। हिंसा की परमिशन नहीं देता है। हम ऐसे ही प्रदर्शन के पक्ष में हैं, लेकिन हम यह भी चाहेंगे कि सरकार भी अपनी जवाबदेही तय करे।



वोट का अधिकार मिले

हर भारतीय का अधिकार है वह मत डाल सके। ऐसी व्यवस्था हो जाए और फिर गवर्नमेंट चेंज की बात हो। मैं रिजीम चेंज नहीं बल्कि गवर्नमेंट चेंज की बात करूंगा। हर भारतीय का वोट देने का अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए।

राज्यपाल के शाकाहारी निर्देश पर भड़के वेणुगोपाल

खान-पान पर पाबंदी बर्दाश्त नहीं करेंगे संघ परिवार का एजेंडा नहीं चलेगा

राज्यपाल के फैसले पर नाराजगी जताई

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने केरलम के नए राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर के एक कथित फैसले की कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने राजभवन की रसोई को पूरी तरह से शाकाहारी बनाने का निर्देश दिया है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि यह संघ परिवार की असंवैधानिक रुचियों को दिखाता है। शुक्रवार को पदभार संभालने वाले माथुर ने निर्देश दिया है कि लोक भवन की रसोई में मांसाहारी व्यंजन न तो बनाए जाएं और न ही परोसे जाएं। राज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि माथुर पूरी तरह से शाकाहारी हैं। उन्होंने रसोई में मांसाहारी भोजन न बनाने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की अपनी पसंद के भोजन पर कोई रोक-टोक नहीं थी।



भोजन चुनने की पूरी आजादी हो

वेणुगोपाल ने आरोप लगाया 'राज्यपाल ने यह तय करके हद पार कर दी है कि रसोई में केवल शाकाहारी भोजन ही बनेगा। उन्होंने कहा कि केरल की खाद्य संस्कृति मिली-जुली है। तटीय राज्य होने के नाते यहां मछली की प्रचुरता है। राज्य के लोगों को शाकाहारी या मांसाहारी भोजन चुनने की पूरी आजादी है। उन्होंने कहा केरल के लोगों की खान-पान की आदतों पर पाबंदी लगाने की कोशिश, या उन्हें यह बताने की कोशिश कि अब से उन्हें क्या खाना चाहिए, बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।

चीनी सेना से झड़प पर आईटीबीपी महानिदेशक के बयान पर बोली कांग्रेस

लद्दाख से अरुणाचल तक चीन के दुस्साहस की वजह मोदी की 'क्लीन चिट'

- खेड़ा ने कहा- मोदी सरकार चीन के सामने सरेंडर कर रही है
- सीमा पर चीनी दुस्साहस के बीच मोदी सरकार द्वारा नई यथास्थिति को स्वीकारना भारत के राष्ट्रीय हितों से समझौता
- मोदी की कायरता के पीछे क्या राज़ है? भारत की चीन पर निर्भरता क्यों बढ़ी?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश में चीन की सेना के साथ जारी टकराव की पुष्टि होने के बाद मोदी सरकार पर देश की सीमाओं की सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाया है। अरुणाचल प्रदेश में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प की घटनाओं पर आईटीबीपी महानिदेशक की पुष्टि का हवाला देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन के सामने सरेंडर करना जारी है। सरकार पहले इस स्थिति से जुड़ी खबरों को दबाने की कोशिश करती रही है और अब भी देश को वास्तविक स्थिति बताने से बच रही है, लेकिन सच सामने आ रहा है।



कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में मीडिया एवं पब्लिसिटी के चेयरमैन पवन खेड़ा ने याद दिलाया कि गलवान में भारत के 20 बहादुर जवान शहीद हुए, लेकिन तब प्रधानमंत्री ने चीन को क्लीन चिट देते हुए कहा था कि भारत की सीमा में कोई नहीं घुसा है। इसी क्लीन चिट की वजह से ही चीन लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक लगातार दुस्साहस दिखा रहा है। चीन और अमेरिका के सामने मोदी सरकार की नीतियां भारत के हितों के बजाय दबाव में लिए गए फैसलों जैसी दिखाई देती हैं। भारत की सीमा में चीन लगातार घुसपैठ कर रहा है और मोदी सरकार चुप्पी साधकर नई यथास्थिति को स्वीकार कर रही है, जो भारत के राष्ट्रीय हितों से समझौता है। उन्होंने पुलिस महानिदेशकों की कॉन्फ्रेंस का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया था कि 65 में से 26 पेट्रोलिंग पॉइंट पर अब भारत का नियंत्रण नहीं रहा है। उन्होंने पूछा कि प्रधानमंत्री ने 2014 के बाद से चीन के साथ हुई मुलाकातों के दौरान घुसपैठ का मुद्दा क्यों नहीं उठाया? मोदी सरकार पर सीमा प्रबंधन के मामले में पूरी तरह सरेंडर करने का आरोप लगाते हुए खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार ने 'पहले जैसी स्थिति' शब्द का इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया और अब वह इसे 'नई यथास्थिति' कहने लगी है। मोदी सरकार के प्रेस वक्तव्यों में आजकल 'अर्ली हार्वेस्ट' शब्द का बहुत प्रयोग होता है, इसका मतलब है कि बातचीत में चीन जो कहे, उसे एक बार में ही स्वीकार कर सीमा विवाद, पहले जैसी स्थिति और गश्त बिंदुओं से जुड़े मुद्दे भुला दिए जाएं। इसके परिणामस्वरूप सिलीगुड़ी कॉरिडोर, गलवान, डोकलाम से जुड़े विवाद अनसुलझे रह जाएंगे। सरकार लगातार दबाव में चीन की शर्तें मान रही है। चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 99 अरब डॉलर से बढ़कर 112 अरब डॉलर हो गया है। उन्होंने चीनी नागरिकों के लिए वीजा नियमों में ढील, यात्रा संबंधी प्रतिबंधों में बदलाव, प्रेस नोट-3 में संशोधनों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने चीन द्वारा भारत को टनल बोरिंग मशीनों, रेयर अर्थ मिनरल्स और खाद के निर्यात पर रोक लगाए जाने का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा 70-80 प्रतिशत दवाइयों के लिए चीन में बनने वाले एपीआई के भारत आने पर बीच-बीच में रोक लगा दी जाती है। चीनी निवेश और पीएलआई से जुड़ी कंपनियों को भारत में ठेके दिए जा रहे हैं। चीन द्वारा पाकिस्तान की सक्रिय रूप से सहायता करने का भी उल्लेख किया।

स्वदेशी जागरण मंच ने कहा

सुरक्षा कारणों को लेकर केंद्र स्टारलिंक को लाइसेंस न दे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वदेशी जागरण मंच ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का हवाला देते हुए शुक्रवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह एलन मस्क की कंपनी 'स्टारलिंक' को भारत में वाणिज्यिक उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू करने की अनुमति न दे। यहां 3 मूर्ति चौक पर स्टारलिंक के खिलाफ प्रदर्शन के बाद, प्रधानमंत्री को सौंपे ज्ञापन में आरएसएस से जुड़े संगठन ने कहा कि स्टारलिंक द्वारा उपग्रहों के बीच सीधे डेटा भेजने के लिए लेजर-आधारित सैटेलाइट लिंक का इस्तेमाल, सुरक्षा से जुड़ी आपातकालीन स्थितियों में भारतीय इंटरनेट ट्रैफिक के दायरे में न हो होने को लेकर चिंता पैदा करता है। राष्ट्रीय सह-संयोजक अश्विनी महाजन ने ज्ञापन में लिखा, 'सरकार इस प्रणाली की जांच कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सुरक्षा से जुड़ी आपातकालीन स्थितियों में डेटा भारतीय गेटवे को 'बायपास' न करे।

यूएन में भारत ने पाक पर साधा निशाना

आतंकियों की वकालत करने वाले मानवता के उल्लंघन की बात कर रहे

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने आतंकवाद को लगातार समर्थन देने के लिए संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला। भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र में देश की प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि पड़ोसी देश में आतंकवादी खुलेआम काम करते हैं। एक आतंकवादी न केवल निर्दोष लोगों की जान लेता है, बल्कि पूरे देश की मानसिकता को भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि कानूनी सीमाएं संप्रभु अधिकारों के सिद्धांतों के अनुसार तय की जानी चाहिए। यह एक विडंबना है कि जो लोग आतंकवादियों के अधिकारों की पुरजोर वकालत करते हैं - वे आतंकवादी जो इंसानों के सबसे पवित्र अधिकार, यानी 'जीवन के अधिकार' का ही उल्लंघन करते हैं - वे लोग आतंकवाद के शिकार हुए पीड़ितों के अधिकारों की बात नहीं करते।

भाविका मंगलानंदन ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि पड़ोसी देश में आतंकवादी खुलेआम काम करते हैं। एक आतंकवादी न केवल निर्दोष लोगों की जान लेता है, बल्कि पूरे देश की मानसिकता को भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि कानूनी सीमाएं संप्रभु अधिकारों के सिद्धांतों के अनुसार तय की जानी चाहिए

खास बातें

- धार्मिक स्वतंत्रता पर पाकिस्तान को उपदेश देने की आवश्यकता नहीं
- धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट को सिरे से किया खारिज



भाविका मंगलानंदन

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण

मंगलानंदन ने धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत की उस रिपोर्ट की आलोचना की है, जिसमें भारत में दफनाने से जुड़े मामलों का जिक्र किया गया था। भारत का कहना है कि रिपोर्ट में पक्षपात दिखाई देता है और आतंकवाद की गंभीरता को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। जो मानवीय मामलों से जुड़ी है।

यूएन की विशेष दूत ने लगाए भारत पर आरोप

धार्मिक या आस्था की स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत नजीला घनेया ने एक रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट का विषय था, 'असाधारण परिस्थितियों में धार्मिक या आस्था की स्वतंत्रता और अंतिम संस्कार के अधिकार। रिपोर्ट में कहा गया था कि कश्मीर में सुरक्षा अभियानों में मारे गए कुछ लोगों के शव उनके परिवारों को नहीं सौंपे गए और उन्हें दूर-दराज के इलाकों में दफना दिया गया।

पाक ने अपने सैनिकों के शव नहीं लिए

मंगलानंदन ने कहा कि यह बेहद विडंबना है कि एक ऐसा देश, जिसने 1999 के कारगिल युद्ध में मारे गए अपने सैनिकों के शव तक स्वीकार नहीं किए थे, वह आज धर्म, धार्मिक स्वतंत्रता और दफनाने के अधिकारों पर बोल रहे हैं।

पीछे देखकर भविष्य की गाड़ी नहीं चला सकते: भारत



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल सुधारों की मांग की है। भारत ने चेतावनी दी है कि 80 साल पुराना इसका ढांचा दुनिया के कुछ सबसे गंभीर संघर्षों को सुलझाने में संघर्ष कर रहा है। सुरक्षा परिषद का स्वरूप आज की वैश्विक वास्तविकताओं के अनुरूप होना चाहिए। दूसरे विश्व युद्ध से मिली सत्ता सुरक्षा परिषद में उचित प्रतिनिधित्व की कमी की भरपाई नहीं कर सकती। इतिहास हमें यह बता सकता है कि क्या नहीं करना चाहिए लेकिन आज की चुनौतियों का सामना करने के लिए क्या किया जाना चाहिए यह इतिहास तय नहीं कर सकता। हम लगातार पीछे देखने वाले शीशे (रियर व्यू मिरर) को देखते हुए भविष्य की ओर आगे नहीं बढ़ सकते।

कोविड महामारी में विकसित देशों का उल्लेख नहीं

भारत ने रिपोर्ट की आलोचना करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान दफनाने से जुड़े कथित भेदभाव और गलत प्रथाओं का जिक्र केवल विकासशील देशों के संदर्भ में किया गया, जबकि विकसित देशों की घटनाओं का उल्लेख नहीं किया गया।

पाक में अल्पसंख्यक सिमट रहे

मंगलानंदन ने कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के अधिकार लगातार सिमट रहे हैं और उनके साथ नियमित रूप से दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आती हैं।

खबर संक्षेप



पीएम मोदी से मिले यूएई के शेख अल नाहयान

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रेसिडेंट न्यायालय में विकास एवं शहीद नायकों के मामलों के उपाध्यक्ष शेख थियाब बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। शेख थियाब गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय ने उनके दौरे का स्वागत किया।

पुंछ में दो आतंकी ठिकाने नष्ट, गोला-बारूद जब्त



पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय सेना ने मेंढर उप संभाग के सलानी के कसबालारी गांव के आसपास के इलाके में एक सर्च ऑपरेशन के दौरान संदिग्ध विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और अन्य सामग्री बरामद की है। सेना ने मैगजीन कंटेनर और 7.62 एमएम लाइट मशीन गन की एक मैगजीन भी बरामद की है।

सऊदी अरब के लिए इंडिगो की उड़ानें रद्द



नई दिल्ली। सऊदी अरब की सुरक्षा की बदलती स्थिति को देखते हुए इंडिगो ने फिलहाल के लिए अपनी सेवाएं बंद करने की घोषणा की है। इंडिगो की रियाद के लिए आने-जाने वाली फ्लाइट्स 31 अक्टूबर तक कैंसिल रहेंगी, जबकि जेद्दा, दम्माम और मदीना के लिए आने-जाने वाली फ्लाइट्स 27 अक्टूबर 2026 तक कैंसिल रहेंगी।

जॉर्डन के चर्च में फायरिंग, 7 की मौत



कराक। जॉर्डन के कराक शहर में एक चर्च के अंदर दो लोगों ने जिनमें से एक के पास राइफल और दूसरे के पास पिस्तौल थी गोलियों की बौछार कर दी। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 34 अन्य घायल हो गए हैं। घटना राजधानी अम्मान से करीब 180 किमी दक्षिण में स्थित कराक शहर के ग्रीक ऑर्थोडॉक्स चर्च में शुक्रवार को हुई।

पाक के लिए जासूसी करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार



फिरोजपुर। आर्मी इंटेलिजेंस और पंजाब पुलिस ने पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार करने किया है। फिरोजपुर के भारत-पाक सीमा से सटे गांव कालू वाला के रहने वाले ये आरोपी संवेदनशील स्थानों की जानकारी पाकिस्तान और मलेशिया में बैठे आईएसआई के हैंडलर्स को देते थे।

आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के बयान से मची सियासी हलचल

सीमा मुद्दे पर विदेश मंत्रालय की दो टूक

जब गश्त के तय तरीकों से हटती हैं चीनी सेनाएं, तभी सीमा पर बिगड़ती है स्थिति



रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों देश सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए एलएसी के कुछ उपयुक्त क्षेत्रों की समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना जरूरी है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों से हटती हैं। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों देश सीमा से जुड़े लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं का लगातार इस्तेमाल कर रहे हैं।

इसका मकसद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गलतफहमी और गलत आकलन से बचना है। जायसवाल ने कहा कि दोनों देश सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए एलएसी के कुछ उपयुक्त क्षेत्रों की समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना जरूरी है। इससे दोनों देशों के आपसी संबंधों के समग्र विकास में मदद मिलती है।

आईटीबीपी प्रमुख के बयान पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों से अलग हटती हैं। दोनों देश मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं के जरिए मुद्दों को सुलझाने की कोशिश जारी रखे हुए हैं।

दोनों देश मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं के जरिए मुद्दों को सुलझाने की कोशिश जारी रखे हुए हैं

सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना जरूरी

ये बोले थे कपूर- फिर चालबाजी कर रहा चीन

अरुणाचल सीमा पर बढ़ा तनाव, कई जगहों पर आमने-सामने के हालात



शत्रुजीत सिंह कपूर

आईटीबीपी के महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान जवानों को संबोधित करते हुए कहा था कि भारत-चीन के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि अभी भी अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर दोनों तरफ की सेनाएं आमने-सामने हैं। उन्होंने कहा था कि हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में ऐसी स्थिति बनी, जहां कई जगहों पर आमना-सामना हुआ, और इनमें से कुछ स्थितियां अभी भी जारी हैं। वहां तैनात हमारी 'शौर्य कमांडो' टीमों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने चीनी सैनिकों के साथ आमना-सामने की स्थिति में बेहतरीन कौशल दिखाने के लिए नई कॉम्बैट टीम, 'शौर्य कमांडो' को बधाई दी थी।

यमन की घटना के 'तथ्यों' का पता लगा रहे

22 अक्टूबर को यमन के तट के पास भारतीय नौका पर हमले की घटना के बारे में जानकारी देते हुए जायसवाल ने कहा कि यमन स्थित भारतीय दूतावास इस घटना के बारे में अधिक जानकारी जुटाने के प्रयास जारी रखे हुए हैं। यह घटना ईरान-समर्थित हूती विद्रोहियों और सऊदी अरब के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच हुई है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहे हैं। क्षेत्र में मौजूदा संघर्ष की स्थिति को देखते हुए फिलहाल सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर अजरबैजान दौरे पर

राष्ट्रपति अलीयेव से की मुलाकात, व्यापार ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे



जयशंकर और राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की अजरबैजान यात्रा पर जायसवाल ने कहा कि हमारे विदेश मंत्री बाकू दौरे पर हैं। उन्होंने बाकू में अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आपसी संबंधों के विभिन्न पहलुओं को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर ने राष्ट्रपति अलीयेव को भारत के पीएम और राष्ट्रपति की ओर से शुभकामनाएं भी दीं। जायसवाल ने आगे कहा, विदेश मंत्री ने अजरबैजान के अपने समकक्ष और विदेश मंत्री के साथ विस्तार से बातचीत की। यह बातचीत उपयोगी रही। दोनों पक्षों ने आपसी संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। वे राजनीतिक विचार-विमर्श बढ़ाने और एक-दूसरे के यहां प्रतिनिधिमंडल भेजने पर सहमत हुए। इसमें व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हैं।

अजरबैजान सरकार का जताया आभार

जायसवाल ने बताया कि दोनों देशों ने आर्थिक साझेदारी, आर्थिक सहयोग, व्यापार और निवेश, संपर्क व्यवस्था तथा ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा की। जायसवाल ने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक समझ है। यह आपसी संबंधों को और मजबूत करने का अच्छा आधार प्रदान करती है।

आर्मी कमांडरों का सम्मेलन

सेना की भविष्य की तैयारी को मजबूत करने 'भूमि युद्ध सिद्धांत' जारी



'भूमि युद्ध सिद्धांत' जारी करते राजनाथ सिंह व अन्य सैन्य अधिकारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आर्मी कमांडरों से जियोपॉलिटिकल और क्षेत्रीय डेवलपमेंट पर करीब से नजर रखने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने को कहा है।

यहां आर्मी कमांडरों के कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, उन्होंने अगले 20-30 सालों के लिए एक लंबे समय के स्ट्रेटेजिक विजन की जरूरत पर ज़ोर दिया, और भारतीय सेना के सीनियर लीडरशिप से तुरंत और नई चुनौतियों का जवाब देने के लिए समान रूप से तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि रणनीति डायनैमिक और लचीली रहनी चाहिए, ताकि बदलते हालात के हिसाब से समय पर बदलाव किए जा सकें। इस मौके पर, रक्षा मंत्री ने भूमि युद्ध सिद्धांत जारी किया।

बेहतर तालमेल से ऑपरेशन सिंदूर सफल

राजनाथ ने बताया कि नई सोच और बेहतर तालमेल के साथ आधुनिक हथियारों ने ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने में मदद की। इससे यह संदेश गया कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने में पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने ड्रोन और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर खास ध्यान देते हुए सेना की रीस्ट्रक्चरिंग की कोशिशों की तारीफ़ की।

सैन्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत की बढ़ती सैन्य निर्माण क्षमताएं सभी स्टेकहोल्डर्स की मिलकर की गई कोशिशों का नतीजा हैं। बदलते वैश्विक माहौल के बीच, पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार सैन्य क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दे रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में, सैन्य उत्पादन बढ़कर रिकॉर्ड 1.78 लाख करोड़ रुपए हो गया, और सैन्य निर्यात लगभग 38,000 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है।

यूएई-सऊदी से लेनदेन का दावा

ट्रंप के दामाद कुशनर पर दो अरब डॉलर के गुप्त खातों का आरोप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर पर यूएई, सऊदी अरब और इजराइल से जुड़े गुप्त खातों में अरबों डॉलर के लेनदेन के आरोप लगे हैं।



जेरेड कुशनर

एक रिपोर्ट में हैक फोन के स्क्रीनशॉट और विदेशी फंडिंग से जुड़े कई दावे किए गए हैं। हालांकि कुशनर ने गुप्त विदेशी बैंक खातों और करोड़ों डॉलर के लेनदेन से जुड़े आरोपों को खारिज किया है। वैनिटी फेयर पत्रिका की रिपोर्ट के मुताबिक, डच जांचकर्ताओं को एक ऐसे सर्वर तक पहुंच मिली, जिसका संबंध रूसी सैन्य खुफिया तंत्र से था। यह पहुंच एक रूसी हैकर के जरिये मिली। उसने ब्रिटेन और नीदरलैंड के अधिकारियों के साथ सहयोग करने पर सहमति जताई थी। इस सर्वर में कुशनर के आईफोन के स्क्रीनशॉट मौजूद थे। इनके जरिये जांचकर्ता देख सकते थे कि कुशनर फोन इस्तेमाल करते समय अपनी स्क्रीन पर क्या कर रहे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, कुशनर यूएई से जुड़े एक बैंक खाते का इस्तेमाल करते थे।

चीन-पाक-अफगानिस्तान में हिली धरती

भूकंप से तिब्बत में 18 मौतें, कई घायल, मकानों को पहुंचा नुकसान

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन और पाकिस्तान के साथ ही अफगानिस्तान में शुक्रवार की सुबह-सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, तीनों देशों में सुबह आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1, 4.4 और 4.9 मापी गई। वहीं, गुरुवार को चीन के दूर-दराज के तिब्बत इलाके में 7.0 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए। भूकंप से प्रभावित इलाकों में घर-मकान को भी



भूकंप से क्षतिग्रस्त घर

व्यापक पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, यह भूकंप रात 10:33 बजे आया। इसका केंद्र नाग्कू से लगभग 190 किमी पूर्व-उत्तर-पूर्व में और क्षेत्रीय राजधानी ल्हासा से 390 किमी उत्तर-पूर्व में एक पहाड़ी इलाके में था। 46 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 11 की हालत गंभीर है।

फ्रांस में मैक्रों का बड़ा एक्शन

सभी हिंसक प्रदर्शनों पर लगाई रोक कहा- लोकतंत्र खत्म करना चाह रहे

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में पिछले कुछ दिनों से चल रहे हिंसक प्रदर्शनों और उपद्रव के बीच राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सख्त रुख अपनाया है। गुरुवार को मैक्रों ने खुफिया अधिकारियों और वरिष्ठ मंत्रियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इसके बाद उन्होंने ऐलान किया कि आने वाले दिनों में देश में 'अवैध' प्रदर्शनों पर पूरी तरह बैन लगा दिया जाएगा। राष्ट्रपति मैक्रों ने बताया कि अवैध और अराजक प्रदर्शनों पर रोक रहेगी। ताकि आम नागरिकों और कारोबारियों की सुरक्षा की जा सके। मैक्रों ने कहा संगठित अल्ट्रा-लेफ्ट समूहों और उपद्रवियों का मकसद गणतंत्र को गिराना है और ये खुद उन्होंने भी स्वीकार किया है।



इमैनुएल मैक्रों

पेरिस में फायरिंग, 1 की मौत, हमलावर अरेस्ट

पेरिस के उपनगर में गोलीबारी हुई जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने घटना की सूचना दी। शुक्रवार को पेरिस के पास एक उपनगर की सड़क पर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हुए हैं। गोलीबारी के आरोपी को यवेलिन्स विभाग के कॉइनिएरेस इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया है। हमले के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

छात्र बोले: प्रदर्शन जारी रहेंगे

दूसरी ओर, छात्र संगठनों ने साफ कर दिया है कि वे विरोध जारी रखेंगे। फ्रांस के प्रमुख छात्र संगठन यूएनईएफ ने शनिवार को रैलियों का आह्वान किया है। सत्ता-विरोधी 'यलो वेस्ट' आंदोलन ने भी मध्य पेरिस में मार्च निकालने की योजना बनाई है। लियोन में स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को प्रस्तावित सभी प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है।

भारतीय नौसेना हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद 2026 की मेजबानी करेगी

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा

3 से 5 नवंबर तक आयोजित सम्मेलन में 18 देशों के कई विशेषज्ञ भाग लेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना 3 से 5 नवंबर 2026 तक नई दिल्ली में हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद 2026 का आयोजन करेगी। यह नौसेना का वार्षिक उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक संवाद है, जिसका आयोजन नौसेना के नॉलेज पार्टनर और प्रमुख आयोजक नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन के सहयोग से किया जाएगा। इस वर्ष सम्मेलन का विषय 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शैक्षणिक सहयोग' है। हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद भारतीय नौसेना की



अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक सहभागिता का एक प्रमुख मंच है। भारत के समुद्री दृष्टिकोण 'सागर' (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के अनुरूप, हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद का उद्देश्य हिंद-प्रशांत महासागर पहल के व्यापक सहयोगात्मक ढांचे को ठोस और व्यावहारिक पहलों में बदलना है।

समुद्री चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने पर चर्चा

जलवायु परिवर्तन, समुद्री व्यापार और आपूर्ति-श्रृंखलाओं की कमजोरियां, समुद्री संसाधनों पर बढ़ता दबाव तथा महत्वपूर्ण समुद्री बुनियादी ढांचे पर मंडराते खतरे तेजी से राष्ट्रीय सीमाओं के पार प्रभाव डाल रहे हैं। इसलिए, इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए न केवल अधिक उन्नत तकनीकों, बल्कि सहयोग, सूचना-साझाकरण और मानव पूंजी के विकास की सुदृढ़ व्यवस्थाओं की भी आवश्यकता है।

राजनाथ सिंह करेंगे उद्घाटन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहले दिन स्मृति व्याख्यान देंगे। उद्घाटन के दिन 'पर्सपेक्टिव्स फ्रॉम द फ्लैग ब्रिज' शीर्षक से एक विशेष सत्र आयोजित होगा, जिसमें भारत और श्रीलंका के पूर्व नौसेना प्रमुख भाग लेंगे। इसके अलावा, 'सहयोग का संवाद' शीर्षक से राजदूतों की एक विशेष परिचर्चा होगी। 18 देशों के समुद्री पेशेवरों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविद आएंगे।

तीन दिन में होंगे पांच सत्र

इस वर्ष के सम्मेलन में तीन दिनों के दौरान पांच पेशेवर विषयगत सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें अकादमिक नेटवर्क, अनुसंधान और मानव पूंजी विकास, समुद्री स्थितिजन्य जागरूकता और महत्वपूर्ण समुद्री बुनियादी ढांचे का संरक्षण, समुद्र विज्ञान और जलवायु लचीलापन, महासागर शासन और समुद्री लचीलेपन के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण तथा परिवर्तनकारी समुद्री प्रौद्योगिकियां और दोहरे उपयोग के निहितार्थ जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इन विचार-विमर्शों में संयुक्त अनुसंधान, सहयोगात्मक प्रौद्योगिकी विकास, जिम्मेदार शासन, वैज्ञानिक डेटा तक न्यायसंगत पहुंच और मजबूत संस्थागत साझेदारी के व्यावहारिक उपायों पर विचार किया जाएगा।

गोयल ने अमीर देशों को सुनाई खरी खोटी

विकासशील देशों से जलवायु फंड पर 11 साल में एक फूटी कौड़ी नहीं मिली

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जलवायु परिवर्तन की समस्या के लिए जिम्मेदार कौन है और इससे निपटने की कीमत कौन चुकाएगा? इस सवाल पर भारत ने एक बार फिर विकसित देशों को घेरा है।



बर्लिन में पीयूष गोयल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में अमीर देशों को खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आर्थिक मदद देने का वादा अब तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदूषण फैलाने में विकसित देशों की बड़ी भूमिका रही है, तो अब जिम्मेदारी निभाने के वक्त वे पीछे क्यों हट रहे हैं? पीयूष गोयल ने बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में एक गोलमेज चर्चा के दौरान जलवायु फंड का मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि 2015 में पेरिस जलवायु सम्मेलन के दौरान विकसित देशों ने विकासशील और कम विकसित देशों की मदद करने की प्रतिबद्धता जताई थी। इसके तहत हर साल 100 अरब डॉलर की जलवायु सहायता जुटाने का लक्ष्य रखा गया था।



फौजी का नया पोस्टर जारी 1932 से है कनेक्शन

मुंबई। साउथ सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म 'फौजी' के मेकर्स ने फैंस को खास तोहफा दिया है। 23 अक्टूबर को फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें प्रभास का अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। पोस्टर में आग की लपटों के बीच एक सुनहरा सिक्का नजर आ रहा है, जिस पर सैन्य वर्दी में प्रभास की तस्वीर बनी हुई है। पोस्टर पर 'ए बैटालियन हू फाइट्स अलोन' (एक ऐसी बटालियन जो अकेले लड़ती है) और 'मोस्ट वांटेड सिंस 1932' लिखा हुआ है। इसके साथ ही एक रहस्यमयी फाइल नंबर 025 का भी जिक्र किया गया है, जिसका राज जल्द खुलने वाला है।

लाइफ Style

संजीदा

किसी एक जॉनर में नहीं बंधना

एजेंसी ⏭ मुंबई

इस साल इक्का और धमाल 4 फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री संजीदा शेख इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं, लेकिन सोच समझकर अपना वक्त खर्च करती हैं। वह कहती हैं कि इंटरनेट मीडिया को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, हालांकि मेरा प्रयास होता है कि मैं इस पर कम दिखूं, जिससे जीवन में शांति बनी रहे।

इसके लिए खुद पर काम करना होता है, क्योंकि यह करना आसान नहीं होता है। जैसे ही हमारे हाथों में फोन आता है, तो हम सबसे पहले इंस्टाग्राम खोलते हैं। ऐसे में लगातार कोशिश करनी होती है कि खुद उस पर कम समय के लिए रखें। मैं तो टाइमर लगा देती हूं। आगे अपने जीवन के टर्निंग प्वाइंट के बारे में बात करते हुए संजीदा कहती हैं कि मेरे करियर का अहम मोड़ वही था कि मैं किसी जॉनर में नहीं बंधी। फिल्मकार इस बात को समझ रहे हैं कि मैं धमाल 4 भी कर सकती हूं, इक्का भी और हीरामंडीः द डायमंड बाजार जैसा भारीभरकम शो भी। मैं यह नहीं कह रही हूं कि मुझे सब आ गया है, मैं खुद को और बेहतर बनाने में लगी हुई हूं। मेरे लिए टर्निंग प्वाइंट वही था, जब मैंने तय किया था कि मुझे किसी एक श्रेणी या जॉनर में बंध कर नहीं रहना है। मैंने वह सोच लोगों में आने ही नहीं दी कि यह हीरामंडी कर रही है, तो उसी तरह का किरदार आगे भी करेगी। इंटरनेट मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग, बाडी शेमिंग और नकारात्मकता को संजीदा कैसे संभालती हैं? इसे लेकर संजीदा शेख आगे कहती हैं कि मैं इंटरनेट मीडिया को केवल अपने मनोरंजन की तरह देखती हूं। निगेटिविटी तो हैं, उसे जितना हो सके नजरअंदाज करें।



हॉलीवुड मसाला



ऑब्सेशन ओटीटी पर होगी रिलीज

नई दिल्ली। करी बार्कर के निर्देशन में बनी हॉरर फिल्म ऑब्सेशन अब भारत में ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। भारत में 30 अक्टूबर को शाम 7 बजे से जियो स्टार के पैक हब पर इस फिल्म का अंग्रेजी और हिंदी में अनकट वर्जन उपलब्ध होगा। हॉरर फिल्मों में कई बार उनकी डरावनी कहानी से ज्यादा खौफनाक उसका कोई एक सीन बन जाता है। कुछ ऐसा ही एक्सरपीरियंस एक्ट्रेस इंडे नवारेटे को अपनी फिल्म ऑब्सेशन के दौरान हुआ. ये हॉरर मूवी 2026 की सबसे कामयाबी हॉरर फिल्मों से है।



फिल्मों के अलावा टीवी शो के लिए भी थे मशहूर

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता टॉम स्केरिट का निधन हो गया है। वह 93 साल के थे। वह 'एलियन' और 'टॉप गन' जैसी क्लासिक फिल्मों में अपने यादगार किरदारों के लिए याद किए जाते हैं। एमी अवॉर्ड विजेता स्केरिट 'पिकेट फेंसेस' में काम करके टीवी की दुनिया में मशहूर हुए। टॉम स्केरिट ने 1993 में एमी अवॉर्ड जीता और 1994 में उन्हें 'पिकेट फेंसेस' में जिमी ब्रॉक का किरदार निभाने के लिए ऑफर मिला। बड़े पर्दे पर स्केरिट ने कई तरह की फिल्मों में बेहतरीन और यादगार अभिनय किया। रिडले स्कॉट की मशहूर साइंस-फिक्शन हॉरर फिल्म 'एलियन' (1979) में उन्होंने नोस्ट्रोमो के कैप्टन डलास का किरदार निभाया था। इसके अलावा, उन्होंने 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'टॉप गन' में टोनी स्कॉट के साथ काम किया।



एआई अभिनेत्री को पसंद हैं शाहरुख...

नई दिल्ली। 'कैन एआई बिकम अ स्टार?' सेशन में दुनिया की पहली एआई एक्टर टिली नॉरवुड ने वर्चुअल तौर से हिस्सा लिया। उनके साथ पार्टिकल 6 की फाउंडर और सीईओ एलाइन वैन डेर वेल्डन भी मंच पर मौजूद रहीं, जिन्होंने टिली को बनाया है। इस दौरान टिली नॉरवुड ने अपने बारे में ढेर सारी जानकारी दी। उनसे हिंदी में भी कई सवाल किए गए। टिली ने हिंदी में बात करते हुए शाहरुख खान को अपना पसंदीदा भारतीय एक्टर बताया। उन्होंने कहा कि, 'मुश्किल सवाल है, लेकिन मुझे शाहरुख खान पसंद है।' इसके अलावा टिली ने किंग खान की फिल्म 'ओम शांति ओम' के रीमेक में काम करने की इच्छा जताई। टिली ने फिल्म में दीपिका पादुकोण की डिजिटल ट्विन बनने की इच्छा भी जताई। उन्होंने साफ कहा कि वह किसी की जगह नहीं लेना चाहतीं।



श्यामा प्रसाद के जीवन पर मधुर बनाएंगे फिल्म

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और उनकी विरासत को बड़े परदे पर लाने जा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का संभावित शीर्षक 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर' रखा गया है। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। प्रोजेक्ट से जुड़ी अन्य जानकारियां अभी गुप्त रखी गई हैं। इस फिल्म को निर्माता आदित्य कुमार हलवासिया का समर्थन मिला है। इसे भंडारकर एंटरटेनमेंट और एकेएच वेंचर्स की तरफ से प्रोड्यूस किया जा रहा है। भंडारकर अपनी अपकमिंग फिल्म 'द वाइव्स ऑफ बॉलीवुड' का काम पूरा करने के बाद इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू करेंगे। ऐतिहासिक ड्रामा और पॉलिटिकल थ्रिलर यह फिल्म, 'श्यामा- द मिसिंग चैप्टर', डॉ. मुखर्जी के जीवन पर आधारित होगी।

टीवी मसाला



इंडिया के टॉप 1% शो में सतीश को याद कर भावुक हुए अनिल

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अपने शो 'इंडिया के टॉप 1%' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में अनिल कपूर ने दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया है। उन्होंने बताया कि उनके बीच का रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था। यह भावुक पल तब आया जब शो के एक प्रतियोगी गगन ने बताया कि लोग अक्सर उनकी तुलना दिवंगत अभिनेता से करते हैं। गगन की शक्ल सतीश कौशिक से काफी मिलती-जुलती है। गगन ने यह भी बताया कि टीवी शो 'सुमित संभल लेगा' की शूटिंग के दौरान दिल्ली में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई थी। इस बात ने अनिल कपूर को अपने दोस्त से जुड़ी पुरानी यादों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। सतीश कौशिक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'उनके साथ मेरा रिश्ता कैसा था, इसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर यह शूटिंग 70 मिनट की भी होती, तो भी उनके बारे में किस्से सुनाने के लिए कम पड़ जाती। वे मुझसे अक्सर कहते थे, 'तुम्हारा टैलेंट लाजवाब है'।' अनिल कपूर ने यह भी बताया कि वह प्यार से सतीश कौशिक को 'डैनी डेविटो' कहकर बुलाते थे। दोनों को 'ट्विन्स' फिल्म बहुत पसंद थी और वे अक्सर सोचते थे कि काश वे कभी साथ में जुड़वां भाइयों का किरदार निभा पाते। अपनी गहरी दोस्ती को याद करते हुए अनिल कपूर ने कहा, 'अगर मेरा कोई जुड़वां भाई हो सकता है, तो वह सिर्फ सतीश थे, क्योंकि वह मेरे बारे में सब कुछ जानते थे।

ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं

मुंबई। अभिनेत्री अदिति शर्मा के लिए अभिनय सिर्फ पर्दे पर किसी पात्र को जीना नहीं, बल्कि उसके जरिये कुछ कहने का भी जरिया है। लेडीज वर्सेस रिकी बहल और अन्य फिल्मों में नजर आ चुकीं अदिति इन दिनों कलर्स के शो 'शायद यही है प्यार' में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। ढाई साल के ब्रेक के बाद काम पर लौटीं अदिति के लिए यह वापसी मां बनने के बाद अपनी पहचान और पेशेवर जिंदगी के बीच संतुलन बनाने का भी सफर है। क्या टीवी पर सास-बहू ड्रामा के बीच अपने लिए अलग भूमिका ढूंढ़ पाना कठिन होता है, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसके लिए शो लिखने वाले और आपका उस शो का हिस्सा बनने का समय सही होना चाहिए। मैं हमेशा से महिला प्रधान और परतदार रोल करना चाहती हूं, जिसे करने में डर लगे, सेट पर नर्वस हो जाऊं। आसान काम मुझे नहीं पसंद है। मुझे वे रोल पसंद आते हैं, जो लोगों से जुड़ते हैं।



सिला का पोस्टर रिलीज कल्पना से भी परे होगी कहानी

मुंबई। नए साल में हर्षवर्धन राणे के नए तेवर देखने को मिलने वाले हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। यह फिल्म अगले साल जून में दस्तक देगी। इस बीच एक और फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है। अभिनेता की आगामी फिल्मों की लिस्ट में 'सिला' का नाम भी शामिल है। हर्षवर्धन राणे की फिल्म 'सिला' एक्शन से भरपूर एक रोमांटिक फिल्म है। शुक्रवार को इस फिल्म का पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसमें हर्षवर्धन इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। यह अगले साल मोहब्बत वाले महीने यानी फरवरी में रिलीज होगी। पोस्ट के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक, यह फिल्म 05 फरवरी 2027 को रिलीज होने वाली है।



फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने इसकी कहानी को लेकर संकेत दिया है। यह सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर एक्शन-रोमांटिक फिल्म होगी। पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'किस्मत से परे प्यार। हद से परे एक सफर और कल्पना से भी परे एक कहानी। 'सिला' की तलाश शुरू। बता दें कि फिल्म 'सिला' का निर्देशन उमंग कुमार ने किया है। इसमें 'बिग बॉस 18' के विजेता करण वीर मेहरा भी नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक वे फिल्म में नेगेटिव रोल में नजर आएंगे। 'सिला' फिल्म में हर्षवर्धन को विराट नाम के किरदार में देखा जाएगा। वहीं, सादिया खतीब भी फिल्म का हिस्सा हैं।

डायरेक्शन के बाद अब नई तैयारी में जुटे आर्यन वेब सीरीज के लिए बनाई खास टीम

नई दिल्ली। आर्यन खान अपनी प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के लिए नए लेखकों को जोड़ने की तैयारी कर रहे है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आर्यन यंग राइटर्स की तलाश में हैं और अपनी आने वाली फिल्मों और वेब सीरीज के लिए नए टैलेंट की टीम तैयार कर रहे हैं। अपनी पहली सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद आर्यन अब प्रोडक्शन हाउस की अगली स्ट्रीमिंग सीरीज की कहानी लिखने में भी खुद शामिल होना चाहते हैं। हालांकि, आने वाली सीरीज को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्यन ऐसे नए राइटर्स की तलाश कर रहे हैं, जो कहानियों को नए नजरिए से पेश कर सकें और आज के दौर के हिसाब से लिख सकें. इस पहल का मकसद रेड चिलीज के लिए राइटर्स का एक ऐसा ग्रुप तैयार करना है, जिससे भविष्य में बनने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए टैलेंट चुना जा सके। बताया जा रहा है कि अगली सीरीज की लेखन प्रक्रिया में आर्यन खुद भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यानी वह सिर्फ निर्देशन और क्रिएटिव काम तक ही सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि कहानी तैयार करने में भी योगदान देंगे. रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आर्यन फिलहाल कई स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं और क्रिएटिव डायरेक्टर्स की एक टीम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह टीम आज के युवाओं की जिंदगी, उनके रिश्तों और बदलती सोच से जुड़ी कहानियों की तलाश कर रही है।



द बैड्स ऑफ बॉलीवुड ने मचाया था धमाल

द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का प्रीमियर सितंबर 2025 में नेटफ्लिक्स पर हुआ था. इस सीरीज के जरिए आर्यन खान ने बतौर क्रिएटर और डायरेक्टर अपना डेब्यू किया था। गौरी खान ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले इस सीरीज को प्रोड्यूस किया था. इसमें हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर व्यंग्य के जरिए एक ऐसे युवा कलाकार की कहानी दिखाई गई, जो बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश करता है। इस दौरान उसे इंडस्ट्री की राजनीति, आपसी टकराव और रिश्तों से जूझना पड़ता है। सीरीज में बॉलीवुड के अंदर की दुनिया को ह्यूमर, ड्रामा और व्यंग्य के जरिए दिखाया गया था। इससे दर्शकों को आर्यन खान के कहानी कहने के अंदाज की झलक मिली थी।

13 की उम्र में पैसों की तंगी के कारण बनीं हीरोइन

सगे भाई से रोमांस कर फंसी थी ये एक्ट्रेस, जमकर मचा था बवाल

नई दिल्ली। 50 और 60 के दशक में हिंदी सिनेमा में कई एक्ट्रेसेस ऐसी आईं, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। इन्हीं दिग्गज हस्तियों में से एक नाम 'मीनू मुमताज' का भी है, जो न सिर्फ एक बेहतरीन अदाकारा थीं, बल्कि एक बहुत ही अच्छी डांसर भी थीं। अपने अभिनय के साथ-साथ मीनू मुमताज का विवादों से भी गहरा नाता रहा है। उन्होंने एक फिल्म में सगे भाई के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया, जो उस समय पर एक बड़ी कंट्रोवर्सी बनी। कौन थे मीनू मुमताज के भाई और किस फिल्म में एक्ट्रेस ने किया था सग्गे भाई संग रोमांस, पढ़ें ये किस्सा।

शराब में डूबे रहते थे पिता

मीनू मुमताज का निधन साल 2021 में हुआ था। फिल्मों में आने से पहले उनका नाम मलिकुनिसा अली था, लेकिन जब उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा, तो उन्हें मीना कुमारी ने 'मीनू' नाम दिया। मीनू मुमताज के पिता 'मुमताज अली' 40 के दशक में एक बेहतरीन डांसर और कैरेक्टर आर्टिस्ट थे। हालांकि, ज्यादा शराब की वजह से उनका कॅरियर खत्म हो गया और परिवार को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

कॉमेडियन महमूद की थीं बहन

मीनू मुमताज फेमस कॉमेडियन महमूद अली की बहन थीं। 8 भाई-बहन की देख-रेख और पैसों की तंगी के कारण महमूद और मीनू दोनों ने ही बचपन में काम करना शुरू कर दिया था। जब दिग्गज अभिनेत्री सिर्फ 13 साल की थी, तब उन्हें 1955 में उनकी पहली फिल्म 'सफी खातिमा' मिली, जिसे नानूभाई वकील ने बनाया था। इसके बाद उन्होंने बारा-दारी, घर-घर में दीवाली, सोसाइटी जैसी मूवीज में अहम किरदार निभाए। हालांकि, एक्ट्रेस की किस्मत तब बदली जब उन्हें गुरुदत्त के प्रोडक्शन में बनी फिल्म सीआईडी में कास्ट किया गया। मीनू ने फिल्म में डांसर और सिंगर का किरदार निभाया था। फिल्म में देवानंद मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म में मिली सफलता के बाद मीनू मुमताज ने कभी पीछे पलटकर नहीं देखा और मिस्टर लंबी, पॉकेट मार, आशा, दो रोटी, एक साल, नया दौर, अदालत जैसी कई फिल्मों में काम किया।



भारत छोड़कर विदेश में बसी

बॉलीवुड में अपना सफल कॅरियर बनाने के बाद मीनू मुमताज ने 12 जून 1963 में फिल्म डायरेक्टर सैय्यद अली अकबर से शादी कर ली। जिसके बाद वह पति संग विदेश में जाकर बस गईं। हालांकि, उन्होंने फिल्मों में काम करना जारी रखा। उनके तीन बच्चे हैं। ऐसा कहा जाता है कि 23 अक्टूबर 2023 को मीनू मुमताज ने 79 साल की उम्र में कनाडा में ही आखिरी सांस ली।

'हावड़ा ब्रिज' में भाई संग किया रोमांस

बॉलीवुड में लगातार सफलता की सीढ़ियां चढ़ रहीं मीनू मुमताज की जिंदगी में सबसे बड़ा विवाद तब हुआ, जब उन्होंने साल 1958 में अशोक कुमार और मधुबाला स्टारर फिल्म 'हावड़ा ब्रिज'में अपने ही सगे भाई और हिंदी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता महमूद अली के साथ ऑनस्क्रीन रोमांस किया। महमूद और मीनू दोनों ने ही फिल्म हावड़ा ब्रिज के एक गाने गोरा रंग चुनरिया काली में अपने ही सगे भाई के साथ रोमांस किया। शक्ति सामंथा के निर्देशन में बनी फिल्म हावड़ा ब्रिज का जब ये गाना रिलीज हुआ, तो काफी बवाल मचा। लोगों में सगे भाई-बहनों को रोमांस करता हुआ देखकर काफी गुस्सा भर गया था। दर्शकों ने दोनों एक्टर्स को बायकॉट करने तक की बात कह दी, लेकिन मीनू चुपचाप बिना किसी से कुछ बोले अपना काम करती रहीं और जल्द ही ये बात दब गई।

पैरा एशियन गेम्स : भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, पदकों की संख्या 100 के पार

एजेंसी ▶▶| नागोया

जापान के आईची नागोया में चल रहे पैरा एशियन गेम्स में भारतीय एथलीटों का अब तक ऐतिहासिक प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें साल 2022 में हुए हांगझोऊ एशियन पैरा गेम्स में जीते गए कुल 28 गोल्ड मेडल की संख्या को बराबरी करने में कामयाबी मिली है। मेडल टैली में अभी भारत चौथे नंबर पर है, जिसमें उसके नाम कुल 106 मेडल दर्ज हो चुके हैं। इसमें 28 गोल्ड के अलावा 34 सिल्वर और 44 ब्रॉन्ज मेडल शामिल है।



बैडमिंटन : तीन स्वर्ण सहित जीते 16 पदक



भारत के लिए एशियाई पैरा खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा में शुक्रवार का दिन बेहतरीन रहा जब पेरिस पैरालम्पिक चैंपियन नितेश कुमार, नवीन शिवकुमार ने बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल3 और एसएल4 में स्वर्ण पदक जीता जबकि तुलसीमति मुरूगेसन और मानसी जोशी ने महिला युगल एसएल3. एसयू5 में भारत की झोली में पीला तमगा डाला। इस तरह से भारत ने बैडमिंटन में तीन स्वर्ण, पांच रजत और आठ कांस्य सहित कुल 16 पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। मुरूगेसन और मानसी ने चीन की यांग कियूशिया और शियाओ जूशियान को 30 मिनट तक चले मुकाबले में हराया। 31 वर्ष के नितेश ने 38 वर्ष के प्रमोद भगत को हराया। वहीं 2018 और 2022 में स्वर्ण जीतने वाले प्रमोद को रजत पदक मिला।नितेश और पेरिस पैरालम्पिक रजत पदक विजेता तुलसीमति को मिश्रित युगल एसएल3 . एसयू5 में रजत पदक भी मिला।



पैरा तीरंदाजी : हरविंदर और विजय को स्वर्ण

हरविंदर सिंह और विजय सुंडी ने पैरा रिकर्व पुरूष युगल फाइनल में चीन को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच पहला सेट 35-35 से बराबरी पर था। भारत ने दूसरा सेट 37-36 से और तीसरा 38-36 से जीता। चीन के युन डुओ और झाओ लिक्सू की जोड़ी प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख सकी। इससे पहले भारत की भावना चौधरी और पूजा जटिया की जोड़ी महिला पैरा रिकर्व युगल फाइनल में चीन की गाओ जिहान और वांग शूकियान से 0-6 से हार गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

संदीप और हानी को विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण



भारत के संदीप और हानी ने क्रमशः पुरुषों की 400 मीटर टी64 फाइनल और पुरुषों की भालाफेंक एफ37 /38 स्पर्धा में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। संदीप ने 52.28 सेकंड के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि अजय कुमार को कांस्य पदक मिला। =सउदी अरब के नूर अलसाना को 53.13 सेकंड के साथ रजत पदक मिला जबकि अजय ने खेलों का रिकॉर्ड बनाकर 53.61 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। संदीप और अलसाना टी44 श्रेणी में खेलते हैं जबकि कुमार टी64 श्रेणी के खिलाड़ी हैं। दोनों श्रेणियों की स्पर्धा अक्सर संयुक्त होती है। भालाफेंक एफ37 /38 स्पर्धा में हानी ने 60.49 मीटर (रजा अंक 1116) का विश्व रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ईरान के होरमोज एस को 50 . 68 मीटर (रजा अंक 1009) के साथ रजत और चीन के यू चेंगजी को 53 . 66 मीटर (रजा अंक 943) के साथ कांस्य पदक मिला।इसके साथ ही भारत के इन खेलों में सौ पदक हो गए हैं।

5 घंटे का रोमांचक फाइनल, रॉब को हराकर चैंपियन बने आडवाणी

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

क्यू खेल के दिग्गज खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतकर करियर का 29वां विश्व खिताब अपने नाम किया और साबित कर दिया कि इस खेल में उनका जलवा अब भी कायम है।

इकतालिस वर्षीय आडवाणी सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय थे और अंततः उन्होंने पांच घंटे तक चले बेहद रोमांचक फाइनल में इंग्लैंड के रॉब हॉल को 1906-1206 से शिकस्त दी। आडवाणी और हॉल दोनों के लिए फाइनल काफी अहम था। हॉल इससे पहले पांच बार विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन हर बार खिताब जीतने से चूक गए थे। वहीं आडवाणी की नजरें क्यू खेलों में अपने विश्व खिताबों के बेमिसाल रिकॉर्ड को और बेहतर करने पर थीं।

डब्ल्यूबीएल विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप: पंकज ने जीता 29वां विश्व खिताब



91 के ब्रेक के साथ की फाइनल की शुरुआत

फाइनल की शुरुआत आडवाणी ने 91 के ब्रेक के साथ की। इसके बाद हॉल ने 203 का शानदार ब्रेक बनाकर बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले के करीब दो घंटे बाद दोनों खिलाड़ी लगभग बराबरी पर थे। तभी आडवाणी ने एक और शतकीय ब्रेक लगाकर बढ़त बना ली। अगले 30 मिनट तक हॉल ने शानदार बिलियर्ड्स खेलते हुए 331 का ब्रेक बनाया और कई बार के विश्व चैंपियन आडवाणी से 300 से अधिक अंकों की बढ़त हासिल कर ली। मुकाबले में दो घंटे से भी कम समय बचा था और अंकों का अंतर लगातार बढ़ने के कारण आडवाणी मुश्किल स्थिति में नजर आ रहे थे।

भारत बनाम न्यूजीलैंड दूसरा टी20 आज

सीरीज जीतने गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

भारत पहले मैच में बल्लेबाजों के दम पर बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा लेकिन अगर उसे अपना विजय अभियान जारी रखना है तो न्यूजीलैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

पिछले कुछ समय की तरह इस मैच में भी भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन साधारण रहा। अगर बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया होता तो परिणाम उल्टा हो सकता था। भारत ने 226 रन का रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके 5 मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली लेकिन बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता बाकी मैचों में भारी पड़ सकती है।

हाई लेंथ पर गेंदबाजी पर फोकस

दूसरे मैच में भी बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल रहने की उम्मीद है और ऐसे में गेंदबाजों को किसी भी तरह की गलती करने से बचना होगा। पहले टी20 में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले अक्षर पटेल पर भी दबाव होगा। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, 'हमें हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी करनी चाहिए थी, लेकिन इसके बजाय हमने ओवर पिच गेंदबाजी अधिक की।'

वैभव सूर्यवंशी को मिल सकता है मौका

बल्लेबाजी की बात करें तो ईशान किशन के चोटिल होने के कारण 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को इस मैच में मौका मिल सकता है। उनका अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने की उम्मीद है जबकि संजू सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकते हैं। किशन के चोटिल होने के कारण तिलक वर्मा को पहले मैच में तीसरे नंबर पर भेजा गया था लेकिन अब उनके पांचवें या छठे नंबर पर ही आने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी और एडम मिल्ने ने अपने पहले स्पेल में काफी स्विंग हासिल की, लेकिन उनकी लेंथ सैमसन और अभिषेक के लिए पर्याप्त कारगर साबित नहीं हुई।



न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

कप्तान मिचेल सैंटनर ने भी स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों के लिए भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। सैमसन और अभिषेक ने पावरप्ले में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर कहर बरपाते हुए 94 रन बनाए थे। इसके बाद सैंटनर और उनके साथी स्पिनर माइकल ब्रैसवेल ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया। वह फिर से इसी तरह का प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ऑफ-स्पिन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है। ब्रैसवेल के खिलाफ उनके रवैये में इसकी स्पष्ट झलक देखने को मिली थी। भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं भुवनेश्वर

भारत के लिए पांचवें और छठे गेंदबाज का विकल्प चिंता का विषय बना हुआ है क्योंकि चोटिल हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में अन्य ऑलराउंडर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पहले मैच में नीतीश रेड्डी ने चार ओवर में 40 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि ननन धीर को गेंदबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी में मैच विजेता पारी खेली। भारत की गेंदबाजी की मुश्किलों को और बढ़ाने वाली बात यह है कि श्रृंखला के पहले मैच में उसके प्रमुख गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। लगभग चार साल बाद भारत के लिए अपना पहला मैच खेल रहे भुवनेश्वर कुमार अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे और उन्होंने चार ओवरों में 49 रन लुटा दिए। उनकी दो नो-बॉल और उतनी ही वाइड गेंदों से पता चलता है कि उन्हें लय में आने के लिए और समय चाहिए। फिन एलन और उनके साथी सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने पावरप्ले में भुवनेश्वर और अर्शदीप पर मनचाहे चौके लगाकर इन दोनों तेज गेंदबाजों पर दबाव बना दिया था।

मैच का समय : दोपहर 12:30 बजे

खबर संक्षेप

बीसीसीआई जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने अवाना

नई दिल्ली। पूर्व तेज गेंदबाज परविंदर अवाना को बीसीसीआई की नवगठित जूनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अवाना ने भारत के लिए 2 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने 62 प्रथम श्रेणी मैच में 191 विकेट हासिल किए। उन्होंने दिल्ली, भारत 'ए' और शेष भारत का भी प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) की ओर से खेले थे। संन्यास के बाद अवाना ने कोचिंग की राह अपनाई। उन्होंने दिल्ली की अंडर-16, अंडर-19 और अंडर-23 टीम के साथ काम किया। इसके अलावा वह भारत की अंडर-19 टीम के साथ बीसीसीआई और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) के विभिन्न कार्यक्रमों से भी जुड़े रहे।



जनवरी 2028 में ओलंपिक क्रिकेट क्वालीफायर



नई दिल्ली। लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए क्वालीफायर जनवरी-फरवरी 2028 में होंगे। रिपोर्ट के अनुसार महिला और पुरुष दोनों के लिए ओलंपिक क्वालीफायर को वैश्विक प्रतियोगिताओं की सूची में शामिल किया गया है, जिसे आईसीसी ने दुबई में अक्टूबर में हुई बैठकों के बाद अपने सदस्य बोर्डों के साथ साझा किया था। 2029 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल 8 से 12 जून तक इंग्लैंड में होगा।इसमें कहा गया है, 'कुल मिलाकर 2027 और 2031 वनडे विश्व कप के बीच पुरुषों की 12, महिलाओं की सात और अडर 19 की पांच प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।'

भारत की जिम्बाब्वे पर आसान जीत

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

भारतीय महिला टीम ने श्रीचरणी (23 रन देकर 4 विकेट) के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद प्रतिका रावल (नाबाद 100) के तीसरे वनडे शतक और शेफाली वर्मा (नाबाद 64) के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे पर 22.5 ओवर रहते 9 विकेट की आसान जीत दर्ज की।

पारी का आगाज करने के लिए भेजी गई प्रतिका ने 96 गेंद की पारी के दौरान 15 चौके लगाए और शेफाली ने भी आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के जड़े। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 106 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने 27.1 ओवर में एक विकेट पर 200 रन बनाकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना (32 रन) आउट होने वाली एकमात्र बल्लेबाज रहीं।

भारत ने जिम्बाब्वे की पारी को झकझोरा

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए बिलल्ड बीजा ने 62 रन की अर्धशतकीय पारी खेली लेकिन इसके बावजूद टीम 200 रन के अंदर सिमट गई। भारतीय गेंदबाजों ने अहम मौकों पर विकेट चटकाकर जिम्बाब्वे की पारी को झकझोर दिया। क्रांति गौड़ (42 रन देकर तीन विकेट) ने भी उनका अच्छा साथ निभाया। दोनों ने यहां कोटांबी के बल्लेबाजी के मुफीद विकेट पर जिम्बाब्वे को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।



श्रीचरणी के करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

इससे पहले श्रीचरणी ने 10 ओवर में 23 रन देकर चार विकेट झटककर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जिससे जिम्बाब्वे की टीम 49.5 ओवर में 197 रन पर सिमट गई। प्रतिका ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद पिच पर बिना कोई जोखिम लिए बेहतरीन शॉट्स लगाए। आसान पिच और जिम्बाब्वे की कमजोर गेंदबाजी के सामने भारतीय टीम ने तेज शुरुआत की। हालांकि 16वें ओवर में मंधाना का विकेट गिर गया। वह ओलिंडर चारे की गेंद पर लांग ऑन पर खड़ी बिलल्ड बीजा को कैच थमा कर पवेलियन पहुंची।

आज से भारत ए और न्यूजीलैंड ए में भिड़ंत



लिंकन। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल जैसे सीनियर टीम के खिलाड़ी भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच शनिवार से शुरू होने वाले पहले चार दिवसीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अगले महीने होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए अपनी तैयारी को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की अगुवाई में भारत ए टीम बर्ट सटक्लिफ ओवल स्टेडियम में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस मैच से भारतीय खिलाड़ियों को 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले परिस्थितियों को समझने का अच्छा मौका मिलेगा। यह टेस्ट श्रृंखला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का हिस्सा है। राहुल और जायसवाल भारतीय टीम में शामिल दो प्रमुख नाम हैं। उनके अलावा देवदत्त पडिक्कल, वाशिंगटन सुंदर, साई सुदर्शन तथा तेज गेंदबाज आकाशदीप, अंशुल कंबोज और मुकेश कुमार भी ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सीनियर टीम का हिस्सा हैं।

4 नवंबर से शुरू होगी वनडे श्रृंखला

आकाश दीप भी उन गेंदबाजों में शामिल होंगे, जो लय और मैच फिटनेस हासिल करने की कोशिश करेंगे। कुछ सीनियर खिलाड़ियों की हालांकि भारत ए की तरफ से सभी तीनों मैच में खेलने की संभावना नहीं है।

पंत नहीं खेलेंगे मैच

ऋषभ पंत चोट से उबरने के लिए बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में हैं, इसलिए वह भारत ए टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह ईरानी ट्रॉफी में शेष भारत की कप्तानी करते हुए चोटिल हो गए थे। उनके स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र को दौरे के पहले दो मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया था। तीसरे मैच में पंत की उपलब्धता पर फैसला बाद में लिया जाएगा।



30 साल की मेघना का क्रिकेट से संन्यास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज एस मेघना ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। आंध्रप्रदेश की 30 साल की इस खिलाड़ी नवंबर 2022 में आखिरी बार भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वह महिला प्रीमियर लीग में आरसीबी और गुजरात जायंट्स के लिए खेल चुकी है। मेघना ने पोस्ट में लिखा, खिलाड़ी के तौर पर क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा करते हुए मेरा दिल कृतज्ञता की भावना से भरा हुआ है। भारत के लिए 3 वनडे और 17 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाली इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैदान मेरे लिए दूसरे घर की तरह रहा है। इसने मुझे विपरीत परिस्थितियों में डटे रहना और विनम्र बने रहना सिखाया।

आसनसोल मंडल में विकास संबंधी कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

आसनसोल मंडल के खाना-आसनसोल खंड में अंडाल में फुट ओवर ब्रिज स्थापित करने के साथ-साथ दुर्गापुर में आर्च ब्रिज नंबर 396ए को हटाने के लिए, **दिनांक 23.12.2026 (बुधवार)** को मेगा ट्रैफिक और पावर ब्लॉक आवश्यक होगा। इसके परिणामस्वरूप, निम्नलिखित निम्नलिखित ट्रेनें निम्नानुसार नियंत्रित की जाएंगी:-

● **मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का निरस्तीकरण:** (1) 12023/12024 हावड़ा-पटना-हावड़ा जन शताब्दी एक्सप्रेस (दोनों के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (2) 22321/22322 हावड़ा - सिउड़ी - हावड़ा हूल एक्सप्रेस (दोनों के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (3) 22387 हावड़ा-धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (4)22388 धनबाद-हावड़ा ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22.12.2026); (5) 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21.12.2026); (6) 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (7) 13151 कोलकाता-जम्मू तवी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 19.12 और 23.12.2026); (8) 13152 जम्मू तवी-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21.12 और 25.12.2026); (9) 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 21.12.2026); (10) 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 24.12.2026); (11) 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 22.12.2026); (12) 12987 सियालदह - अजमेर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (13) 12319 कोलकाता-ग्वालियर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (14) 12320 ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक 24.12.2026)।

● **एमईएमयू ट्रेनों का निरस्तीकरण :** (1) 63514, 63516, 63518, 63522 आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू (सभी के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (2) 63550 अंडाल-बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (3) 63552 आसनसोल-अंडाल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (4) 63524 आसनसोल - बर्द्धमान एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (5) 63511, 63513, 63515, 63517, 63521, 63549 बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू (सभी के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (6) 63531 अंडाल-सांइथिया एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (7) 63530 रामपुरहाट-अंडाल एमईएमयू (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026); (8) 63533/63534 अंडाल - सांइथिया - अंडाल एमईएमयू (दोनों के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026)।

● **मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन:** 12317 **कोलकाता-अमृतसर अकाल तख्त एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) और 12318 **अमृतसर-कोलकाता अकाल तख्त एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.12.2026) को दोनों दिशाओं में खाना-आसनसोल-सीतारामपुर-झाझा-किऊल के बदले खाना-सांइथिया-रामपुरहाट-गुमानी-भागलपुर-किऊल होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। 15271 **हावड़ा - मुजफ्फरपुर जन साधारण एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) और 13105 **सियालदह - बलिया एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) को खाना - आसनसोल - सीतारामपुर - झाझा - किऊल के बदले खाना - सांइथिया - रामपुरहाट - गुमानी - भागलपुर - किऊल होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। 12381 **हावड़ा - नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) और 12382 **नई दिल्ली - हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 22.12.2026) को दोनों दिशाओं में खाना-आसनसोल-सीतारामपुर-प्रधानखुंटा-धनबाद-गया-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं.के बदले खाना - सांइथिया - रामपुरहाट-गुमानी - भागलपुर - किऊल - गया - पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। 13042 **जम्मू तवी-हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 21.12.2026) को किऊल-झाझा-सीतारामपुर-आसनसोल-खाना के बदले किऊल-भागलपुर-गुमानी-रामपुरहाट-सांइथिया-खाना होकर मार्ग परिवर्तित किया जाएगा।

● **एमईएमयू ट्रेनों की संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू:** 63509/63510 **बर्द्धमान - झाझा - बर्द्धमान एमईएमयू** (दोनों के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) आसनसोल स्टेशन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी/आसनसोल स्टेशन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। 63519/63520 **बर्द्धमान-बोकारो स्टील सिटी-बर्द्धमान एमईएमयू** (दोनों के लिए यात्रा शुरू दिनांक 23.12.2026) आसनसोल स्टेशन से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी/आसनसोल स्टेशन में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप: भारत ने 1954 में मिक्स्ड डबल्स में जीता था पदक

72 साल का सूखा खत्म, सेमीफाइनल में हरमीत-यशस्विनी

एजेंसी ▶▶| ताशकंद

हरमीत देसाई और यशस्वीनी घोरपड़े ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। ताशकंद में चल रही एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में इस जोड़ी ने भारत के लिए एक मेडल पक्का कर लिया है। भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई है, जिससे एशियन टेबल टेनिस चैंपियनशिप के मिक्स्ड डबल्स इवेंट में 72 साल बाद भारत के लिए मेडल पक्का हो गया है। इससे पहले भारत ने इस इवेंट में आखिरी बार 1954 में मिक्स्ड डबल्स में मेडल जीता था। सेमीफाइनल में जगह बनाकर हरमीत और यशस्वीनी ने कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर लिया है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में साउथ कोरिया के पार्क गैंगह्योन और ली डेउन को 3-2 से हराया।

सेमीफाइनल में मुकाबला जापान की जोड़ी से

अब सेमीफाइनल में हरमीत और यशस्वीनी का मुकाबला जापान के सोरा मात्सुशिमा और मिवा हारिमोटो से होगा, जिसमें जीतने वाली जोड़ी फाइनल में अपनी जगह बनाएगी। एक अन्य भारतीय मिक्स्ड जोड़ी, पायस जैन और सिंड्रेला दास मेडल पक्का करने से चूक गई। उन्हें क्वार्टर फाइनल में चीन के यी चेन और हुआंग यूझेंग से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। हरमीत हाल ही में हुए एशियन गेम्स का भी हिस्सा थे, लेकिन जिन तीन इवेंट्स में उन्होंने भाग लिया, उनमें से किसी में भी वह मेडल नहीं जीत सके।



हरमीत ने मेंस डबल्स में लिया था हिस्सा

हरमीत ने सत्यन ज्ञानसेकरन के साथ मेंस डबल्स इवेंट में भी हिस्सा लिया था। हालांकि, तीसरे राउंड में उन्हें जापान के सोरा मात्सुशिमा और शुनसुके तोगामी से हार का सामना करना पड़ा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यशस्वीनी भी एशियन गेम्स से खाली हाथ लौटी थीं। वह विमेंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में जापान की मिवा हारिमोटो से हार गई थीं।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई. निविदा सूचना संख्या :– ई.सी.आर–सी.ए.ओ.–कॉन–आरजीडी–26–27–02.

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. ई. निविदा सं. : ई.सी.आर–सी.ए.ओ.–कॉन–आरजीडी–26–27–02 (एक पैकेट प्रणाली)। 2. कार्य का नाम : राजगीर में उप मुख्य अभियंता/निर्माण/राजगीर के अंतर्गत कार्य एसएसई पी.वे स्टोर, स्टाफ क्वार्टर, ऑफिस और ओआरएच अन्य सहायक कार्यों की मरम्मत और रखरखाव के लिए ओपन टेंडर बुलाए जाने का कार्य। 3. अंकलित मूल्य (रू) : ₹1,63,41,619.41, 4. बेली प्रतिभूति (रू) : ₹3,26,800.00, 5. कार्य पूर्ण करने की अवधि : 36 महीनें। 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 05.11.2026, 15:00 बजे।

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। द्रष्टव्य : निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा की बोली प्रारंभ तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन।

उपमुख्य अभियंता/निर्माण/पूमरे/राजगीर

पीआर/1167/आरजीडी/निर्माण/टी/26–27/44

प्रदेशभर से आए बालक-बालिका खिलाड़ी कर रहे सहभागिता

टीटी नगर स्टेडियम में 70वीं राज्य स्तरीय शालेय तलवारबाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ

विधायक सबनानी ने खिलाड़ियों को किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टी.टी. नगर स्टेडियम में 70वीं राज्य स्तरीय शालेय तलवारबाजी प्रतियोगिता सत्र 2026-27 का शुभारंभ शुक्रवार को हो गया है।

26 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ी सहभागिता कर रहे हैं। प्रतियोगिता में 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण-पश्चिम भोपाल के विधायक भगवानदास सबनानी रहे। उल्लेखनीय है कि वे स्वयं भी जूडो के खिलाड़ी रहे हैं।जिला शिक्षा अधिकारी अभिनव आर्य ने स्वागत उद्बोधन दिया।



खेलों से बढ़ती है निर्णय लेने की क्षमता

मुख्य अतिथि सबनानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, एकाग्रता, आत्मविश्वास, सटीकता एवं त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनने, निरंतर अभ्यास करने तथा अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का उपयोग राष्ट्रहित में करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए सभी मुख्य दल प्रबंधकों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्रतियोगिता के प्रथम दिवस अंडर-14 आयु वर्ग के मुकाबले प्रारंभ हुए। कार्यक्रम के अंत में जिला खेल अधिकारी बबीता तोमर ने अतिथियों, आयोजन से जुड़े अधिकारियों, प्रशिक्षकों, मुख्य दल प्रबंधकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के आगामी दिनों में अंडर-17 एवं अंडर-19 सहित निर्धारित आयु वर्गों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

15 कॉलेजों की टीमें ले रही हिस्सा

राधारमण आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज के खेल मैदान पर राधारमण आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 15 कॉलेजों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। पहला मुकाबला 24 अक्टूबर को एलएनसीटी और सिस्टेक के बीच खेला जाएगा, जबकि फाइनल 31 अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वर्ष 2019 के द्रोणाचार्य पुरस्कार (लाइफटाइम कैटेगरी) से सम्मानित प्रसिद्ध क्रिकेट कोच संजय भारद्वाज रहे। उन्होंने गौतम गंभीर, नितीश राणा और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया है। इस अवसर पर राधारमण ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक डॉ. जितेंद्र सक्सेना, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. पी. के. लहरी, निदेशक डॉ. अनुराग जैन, डॉ. अजय सिंह एवं डॉ. विष्णु राज, डॉ. एस. बी. खरे, डीन, डॉ. जयपाल सिंह बिष्ट, डीन स्टूडेंट वेलफेयर तथा डॉ. प्रेमेन्द्र रघुवंशी, उप प्राचार्य, राधारमण आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च हॉस्पिटल उपस्थित रहे।

आरजीआई ने जीता मैत्री मैच



कार्यक्रम के दौरान आरजीआई और आरईसी की टीमों के बीच मैत्री मैच खेला गया, जिसमें आरजीआई की टीम ने जीत दर्ज की। टूर्नामेंट का उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उनमें अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करना है।

अंडर 22 में अरेरा और फेथ क्रिकेट क्लब ने जीते मैच

भोपाल। भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) की अंडर-22 इंटर क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का शुक्रवार से रोमांचक शुभारंभ हो गया है। टूर्नामेंट के पहले दिन अंडर-22 और अंडर-15 आयु वर्ग के तहत खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। पहला मुकाबला अरेरा और कैप एकेडमी के बीच ओल्ड फ्रेंड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में अरेरा क्रिकेट एकेडमी ने कैप एकेडमी को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। दूसरा मुकाबला फेथ क्रिकेट क्लब बनाम शिवाय एकेडमी के बीच सेंचुरीयन ग्राउंड पर खेला गया। जिसमें फेथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शिवाय एकेडमी को 218 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया।

खिलाड़ियों से जुड़े मुद्दों के लिहाज से दौरा माना जा रहा अहम

जबलपुर पहुंचीं उड़नपरी पीटी ऊषा, खेल प्रतिभाओं और सुविधाओं पर रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर



भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष और देश की दिग्गज पूर्व एथलीट डॉ. पीटी ऊषा शुक्रवार को संक्षिप्त प्रवास पर जबलपुर पहुंचीं।

उड़नपरी के नाम से मशहूर पीटी ऊषा ने मध्यप्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने, खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं और खेल अधोसंरचना के विस्तार को लेकर अपने विचार साझा किए। खेल जगत में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली पीटी ऊषा ने प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बात की। उनके जबलपुर प्रवास को खेल और खिलाड़ियों से जुड़े मुद्दों के लिहाज से अहम माना जा रहा है।







अधिकृत डीलर: भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, **बैतूल:** खण्डेलवाल हीरो9289922624, **सीहोर:** मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, **ब्यावरा:** आनंद हीरो 9289922871, **गुना:** गगन हीरो 9289922358, **अशोक नगर:** आरव हीरो 9821743269, **होशंगाबाद:** पुण्यशिला हीरो 9289922360, **हरदा:** राहुल हीरो 9289922491, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **दमोह:** इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, **सागर:** सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **छतरपुर:** आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), **ग्वालियर:** तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), **भिन्ड:** शिवम हीरो 9289922787, **दतिया:** शिव हीरो 9289923172, **मुरैना:** गगन हीरो 9289922678, **श्योपुर:** आशीष हीरो 9289922832, **शिवपुरी:** रघुवंशी हीरो 9289922571, **इंदौर:** सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 928992321I, रुक्मामारनी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, मेहता ऑटोमोबाइल्स, (**देवास नाका**) 9821741577, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुर:** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवास:** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 99935963921), **धार:** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलिया:** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआ:** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षी:** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवा:** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोन:** निमाड़ हीरो 9289922378, **महू:** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावद:** राजेश हीरो 9289922774, **रतलाम:** एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) **नीमच:** उत्तम हीरो 9289922367, **मन्दसौर:** रामदर्शन हीरो 9289922369, **जावरा:** रिलायबल हीरो 9289923045, **एसोशिएट डीलर: आष्टा:** श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, **बगदोना:** आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, **बरेली:** श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, **भोपाल:** मानिक मोटर्स 8827379110, **मंडीदीप:** सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, **बंडा:** श्रुति मोटर्स, 7879573737, **नसरुल्लागंज:** जीवन मोटर्स 9977926838, **गंजबासोदा:** ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, **इटारसी:** रेवा मोटर्स 9425630406, **जतारा:** शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **करेरा:** आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, **पिपरिया:** राज मोटर्स 7576454997, **नरसिंहगढ़:** गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, **पचोर:** प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, **रायसेन:** युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, **बीना:** राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, **टीकमगढ़:** एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, **खरगापुर:** हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, **राघोगढ़:** बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, **श्यामपुर :** गोपी मोटर्स 9111009671, **लटेरी:** श्याम हीरो 7748890061, **जामनेर:** अरूण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, **सिरोंज:** प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, **सिराली:** भायरे मोटर्स, 9981247007, **टिमरनी :** गंगोत्री मोटर्स 9755101902, **अम्बाह:** उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, **डबरा:** दुर्गा एजेन्सी 9926746001, **पिछोर:** दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, **सबलगढ़:** शिवम मोटर्स 9893085461, **कोलारस:** भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, **वैराड़:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, **बदरवास:** बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, **गोहद:** ओम साई मोटर्स 8358994876, **लहार:** लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, **अलीराजपुर:** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़:** न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, **बदनावर:** नर्ग्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **वेड़िया:** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनिया:** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **वेटमा:** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोद:** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौर:** क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडी:** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमल:** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावद:** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरी:** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊ:** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवा:** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवाली:** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुरा:** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवास:** शिवम मोटर्स 9826088351, **नागदा:** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **सिंघोट:** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छ:** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौद:** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोद:** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलिया:** श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, **जौरा:** विजयानंद मोटर्स 9754451762, **राणापुर:** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **जोबट:** धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, **सोंडवा:** राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, **क्षिप्रा:** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौर:** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़:** रुक्मणी मोटर्स, 9993048891, **नीलबड़:** **महाकाल मोटर्स**, 9586778889, **तीन इमली:** **न्यू गीतांजलि मोटर्स**, 6267121700, **नेहरु नगर, भोपाल:** रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, **गांधीनगर:** आर जे मोटर्स, 8827588411, **स्नेहलतागंज:** साहू ऑटोमोबाइल, 9926977784, **अमझेरा:** महावीर ऑटोमोबाइल, 9589890703, **सागौर कुरी:** अमन ऑटोमोबाइल, 9039055993, **जावद:** शिवाय इंटरप्राइजेज, 9752346321, **रानीसिंह:** गुरुकृपा ऑटोमोबाइल्स, 9753044683, **बोरी बुजुर्ग: जिलानी मोटर्स,** 9399900143, **कढ़ी: श्री राम मोटर्स,** 9584997081, **पिपलिया बुजुर्ग: न्यू सिन्हा मोटर्स,** 9981562315, **योध्या बाईपास, भोपाल:** शिवांश मोटर्स, 6262363123, **फंदा:** अवनि मोटर्स, 9993160799, **परवलिया सड़क, भोपाल:** एन आर ट्रेडिंग एंटरप्राइजेज, 6264359954, **गांधी नगर:** श्रीकुंज मोटर्स, 9893735683, **बंगरासिया:** शाही सवारी, 9202342023, **डोडी:** कप्तान ऑटोमोबाल्स, 8770850811, **टेहटी:** मां विंजासन मोटर्स, 9009828428, **चांदबाद:** श्रीजी नारायण मोटर्स, 9285334084, **खाचरौद:** विनायक मोटर्स, 9009152131, **उदयपुर:** सपना मोटर्स, 9826620434, **बाटी:** श्री राम मोटर्स, 9893352212, **शोभापुर:** अफजल मोटर्स, 8839223122, **तलेन:** श्री सांवरिया मोटर्स, 9669661034, **संडावता:** विजय मोटर्स, 8269770075, **करेड़ी:** वासुदेव मोटर्स, 7566920711, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना:** गगन हीरो 9289922358, **विदिशा:** पाल हीरो 9289922379, **भिन्ड :** शिवम् मोटर्स 9289922787, **पीथमपुर:** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेरा:** गुरुनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगी:** श्री मोटर्स, 9340927342, **सीतामऊ:** तिरुपति मोटर्स, 9753008855, **पिपलिया मंडी:** नवपद मोटर्स, 9479861211, **दलोदा:** जेएस मोटर्स, 9926600906.

Cheil 33547/26

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930